WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | विशेष 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 196 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चमचागिरी करने के चक्कर में कुछ घनचक्कर मूर्खता की सारी सीमायें लांघ जाते हैं और जगहंसाई के पात्र बन जाते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आका को मोगेम्बो की तरह खुश करने के लिए जो हास्यास्पद बयान दिया है उसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी जमकर खिल्ली उड़ाई जा रही है। बकौल रेवंत रेड्डी यदि आज राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होते तो पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा होता। यह गनीमत है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि यदि राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते तो अमेरिका, रूस, चीन और पूरा यूरोप सब भारत के हिस्से होते।

एक्सरसाइज 'त्रिशूल' : तीनों सेनाओं की संयुक्त शक्ति का प्रतीक

■ **तटीय क्षेत्रों और समुद्री क्षेत्रों में एकीकृत अभियानों का प्रदर्शन**

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 'त्रिशूलं समन्वयस्य बलम्' यानी त्रिशूल समन्वय की शक्ति का प्रतीक है। अब यही समन्वय व शक्ति भारतीय सेनाएं दिखा रही हैं। भारतीय सशस्त्र सेनाओं यानी नौसेना, वायुसेना व थलसेना के वीर जवान 'एक्सरसाइज त्रिशूल' का संचालन कर रहे हैं। यह एक प्रमुख त्रि-सेवा अभियान है जो भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच संयुक्तता और इंटरऑपरेबिलिटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भारतीय नौसेना के नेतृत्व में थलसेना और भारतीय वायुसेना के साथ यह त्रि-सेवा संयुक्त सैन्य

अभ्यास अब तक के सबसे महत्वपूर्ण युद्धाभ्यासों में शामिल है। इस व्यापक अभ्यास के दौरान तीनों सेनाएं विभिन्न भू-भागों जैसे कि मरुस्थल, तटीय क्षेत्रों और समुद्री क्षेत्रों में एकीकृत अभियानों का प्रदर्शन कर रही हैं।

इससे तीनों सेनाओं की सिनर्जी और इंटीग्रेटेड ऑपरेशंस की वास्तविक क्षमता को परखा जाएगा। दरअसल, अभ्यास 'त्रिशूल' भारतीय सशस्त्र सेनाओं की उस अटूट भावना का प्रतीक है जो देश की सीमाओं की रक्षा के लिए संयुक्त शक्ति और समन्वित प्रयासों पर आधारित है। यह अभ्यास तीनों सेनाओं के बीच रणनीतिक तालमेल, संसाधनों के साझा उपयोग और मिशन स्तर पर एकीकृत योजना निर्माण को सशक्त करने का काम करेगा। अभ्यास का मूल भाव जय है। यहां जय का अर्थ है संयुक्तता, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर जोन के अधिकारी बने यूपीएससी में अतिरिक्त सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी राजेंद्र कुमार अग्रवाल, भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा, का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में अतिरिक्त सचिव के रूप में किया गया है। इस संबंध में कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार ने आदेश जारी किया है. अग्रवाल एसईसीआर बिलासपुर में पदस्थ थे और रेलवे सेवा में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता व प्रशासनिक दक्षता के लिए विख्यात हैं। बता दें कि संघ लोक सेवा आयोग भारत का एक संवैधानिक निकाय है, जो देश की उच्च सिविल सेवाओं के चयन की जिम्मेदारी निभाता है। यह चयन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे व बिलासपुर के लिए गौरव का विषय है। इसके अतिरिक्त आयोग अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक और प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करता है। यह चयन न केवल अग्रवाल की प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है, बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे व बिलासपुर के लिए भी गौरव का विषय है।

नवनीत राणा को दूसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई (आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की स्टार प्रचारक और पूर्व सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें यह धमकी हैदराबाद के जावेद नाम के व्यक्ति ने दी है। भाजपा नेता के निजी सहायक (पीए) ने रविवार को राजापेठ पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता नवनीत राणा को आठ दिनों में दूसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। पत्र के जरिए नवनीत राणा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस पत्र के आधार पर नवनीत राणा के पीए मंगेश कोकाटे ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने नवनीत राणा के आवास पर जाकर उक्त पत्र की जांच की है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। नवनीत राणा के पीए मंगेश कोकाटे ने आईएएनएस को बताया, आठ दिन में दूसरी बार नवनीत राणा को पत्र आया है। हैदराबाद का एक युवक है, जो अपना नाम कभी जावेद तो कभी इकबाल बताता है। वह पत्र के जरिए हर बार बम से उड़ाने की धमकी देता है। हमें यह लेटर तीसरी बार आया है। कुछ साल पहले भी इस तरह का पत्र आया था। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने हैदराबाद जाकर भी कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया, आठ दिन पहले हमें जो पत्र प्राप्त हुआ था।

राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद चोरी किया: प्रधानमंत्री मोदी

आरा (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निशाना साधते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार के लिए राजद के नेता का नाम तय हो, लेकिन राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद चोरी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के आरा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, नामांकन वापस लेने से एक दिन पहले बिहार में बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया था। कट्टा रखकर कांग्रेस से राजद नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार और उसको समर्थन की घोषणा कराई गई।

उन्होंने यह भी दावा किया कि राजद

और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया है। न घोषणा-पत्र में कांग्रेस की सुनी गई, न प्रचार में उनकी पूछ हो रही है। पीएम मोदी ने कहा, चुनाव से पहले ही इतनी घृणा बढ़ गई है कि चुनाव के बाद एक-दूसरे का सिर फोडऩे लगेंगे। इसलिए हमेशा याद रखिए, ऐसे लोग बिहार का भला कभी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं, लेकिन यहां पिछड़े हैं: राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रविवार को बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में एक बार फिर उतरे। इस दौरान उन्होंने बिहार के बेगूसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्र और बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं लेकिन यहां पिछड़े हुए हैं। यहां की सरकार नहीं चाहती है कि बिहार के लोग आगे बढ़ें।

वे यहां के लोगों की मदद नहीं करते। वे चाहते हैं कि यहां के लोग मजदूरी करते रहें। उन्होंने कहा कि दुबई जैसा शहर बिहार के लोगों ने बनाया है, लेकिन वे यहां कुछ नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार आएगी तो यहां बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था की जाएगी। हम ऐसा विश्वविद्यालय खोलेंगे जहां दुनिया के लोग पढऩे आएंगे। यहां के लोग दुनिया में मेहनत कर उसे बनाते हैं।

पीएम की आत्मीयता में झलकता है अद्वितीय संगम: सीएम साय

■ **पीएम मोदी से रामनामी समाज के प्रतिनिधियों की आत्मीय भेंट**

■ **सीएम साय ने सोशल मीडिया पर साझा किया भावनात्मक पल**

रायपुर /नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रामनामी समाज के बीच आत्मीय संवाद का एक वीडियो देश में तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे भावनात्मक और प्रेरणादायी पल बताया है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित रजत महोत्सव के दौरान एक हृदयस्पर्शी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब रामनाम में लीन जीवन जीने वाले रामनामी समाज के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय भेंट की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री के रायपुर प्रवास से कुछ ही घंटे पहले मंत्रालय में रामनामी समुदाय के प्रतिनिधियों से उनकी भेंट हुई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलने की अपनी प्रबल इच्छा व्यक्त की थी, जिसके अनुरूप इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब रजत महोत्सव के दौरान रामनामी समुदाय के ये श्रद्धालु प्रधानमंत्री मोदी से मिले, तब उन्होंने बड़े आदर और प्रेम से प्रधानमंत्री को अपने पारंपरिक मोर मुकुट से मुख्य मंच पर अलंकृत करने की अभिलाषा प्रकट की। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस सहजता, स्नेह और आत्मीय भाव से उनके इस अनुरोध को स्वीकार किया, वह क्षण वहां उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाम ही जिनका धर्म, रामभक्ति ही जिनका कर्म - ऐसे अद्भुत और राममय रामनामी समाज के सदस्यों के तन पर अंकित 'राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि समर्पण, तपस्या और अटूट आस्था का प्रतीक है. यह समुदाय अपने तन, मन और जीवन को प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित कर देता है — यही उनकी जीवन साधना है।

एडमिशन के नाम पर 30 लाख की ठगी

सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर किया था संपर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश अगर आप भी डिजिटल विज्ञापन देखकर कॉलेज एडमिशन की प्लानिंग कर रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। बिलासपुर में मेडिकल कालेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर 30 लाख रुपए की ठगी हुई है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है. मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, व्यापार विहार रोड सांई शरण निवासी हेमंत मोदी ने सोशल मीडिया में एक प्रतिष्ठित कालेज में सीधे एडमिशन का विज्ञापन देखा. उन्होंने मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर गौरव झा नामक व्यक्ति से अपने बेटे अर्चित मोदी के एडमिशन के लिए बीतचीत की. उसके बाद भर्ती प्रक्रिया बताने के लिए गौरव झा, विनीत सिंह उनके व्यापार विहार आफिस में आए, और बताया कि उनकी एजुकेशन कंसल्टेंसी पुणे में है. वे एजुकेशन कंसल्टेंसी के जरिए नामी कालेजों में एडमिशन कराने का काम करते हैं। उसने वडगांव, पुणे (महाराष्ट्र) में मुख्य कार्यालय होना बताया।

एडमिशन की प्रक्रिया के लिए हेमंत मोदी 5 जून 2025 को मुख्यालय पुणे गए, जहां शिवम शर्मा उर्फ गोपी, कृष्णा, विनीत सिंह से उनकी मुलाकात हुई. उन्हें 100 प्रतिशत एडमिशन होने की गारंटी का आश्वासन दिया गया. अलग-अलग कालेज के डोनेशन और एडमिशन होने तक का खर्चा 30 लाख रुपए बताया गया. इसके बाद हेमंत मोदी ने अलग-अलग किश्तों में ऑनलाइन माध्यम से 30 लाख रुपए उन लोगों के बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया।

एडमिशन का मेल नहीं आने पर ठगी का हुआ एहसास

रकम देने पर एडमिशन का मेल नहीं आने पर उन लोगों के मोबाइल में संपर्क किया तो मोबाइल तो बंद बताने लगा. उसके बाद उन्हें ठगी के शिकार होने का एहसास हुआ. पुलिस ने हेमंत मोदी की रिपोर्ट पर शिवम शर्मा, विनीत सिंह उर्फ सौम्य राज, गौरव झा, आर्यन अग्रवाल, विराज चोढ़े के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है, और मामले की जांच में जुटी हुई है।

केस जीतने से ज्यादा जरूरी न्याय मिलना है: जस्टिस सूर्यकांत

लखनऊ (आईएएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चौथे दीक्षांत समारोह में रविवार को न्याय और संविधान की गूंज सुनाई दी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि केस लडऩे या जीतने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि न्याय मिले। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अति आत्मविश्वास से बचें, क्योंकि यह वकील को पराजय तक भी पहुंचा सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उत्साहजनक उपलब्धि | **एनटीपीसी का राख डंपिंग क्षेत्र जलपक्षियों और प्रवासी प्रजातियों का आश्रय स्थल**

छत्तीसगढ़ में पहली बार समुद्री पक्षी स्लेंडर-बिल्ड गॉल की उपस्थिति

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेश में पहली बार दुर्लभ समुद्री पक्षी स्लेंडर-बिल्ड गॉल की उपस्थिति दर्ज की गई है। यह खोज छत्तीसगढ़ के पक्षी अवलोकनकर्ताओं के लिए उत्साहजनक उपलब्धि है। इस महत्वपूर्ण अध्ययन को जर्नल ऑफ बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के नवीन अंक (सितंबर-दिसंबर 2025) में प्रकाशित किया गया है।

इस पक्षी की पहचान और फोटोग्राफिक दस्तावेजीकरण में बिलासपुर के युवा इंजीनियर राहुल गुप्ता और रत्नेश गुप्ता का प्रमुख योगदान रहा। इनके सहयोगी प्रतीक ठाकुर ने शोधपत्र की संरचना, वैज्ञानिक विश्लेषण और प्रकाशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। यह अवलोकन 29 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित एनटीपीसी सीपत थर्मल पावर प्लांट के राख डंपिंग क्षेत्र में किया गया था। यही क्षेत्र हर वर्ष बड़ी संख्या में जलपक्षियों और प्रवासी प्रजातियों के लिए आश्रय स्थल बनता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्लेंडर-बिल्ड गॉल मुख्य रूप से पश्चिमी एशिया और भारत के तटीय इलाकों में पाई जाती है, किंतु मध्य भारत के आंतरिक भागों में इसका दिखना अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। यह रिपोर्ट छत्तीसगढ़ के जलाशयों की जैवविविधता और पारिस्थितिक महत्व को रेखांकित करती है।

पंखों, पतली चोंच और पीले पैरों से हुई पहचान

टीम के अनुसार, इस पक्षी की पहचान उसके हल्के धूसर-भूरे ऊपरी पंखों, पतली चोंच और पीले पैरों के आधार पर की गई। यह खोज प्रदेश के पक्षी-अध्ययन में एक नया अध्याय जोड़ती है। प्रतीक ठाकुर, राहुल गुप्ता और रत्नेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अध्ययन से छत्तीसगढ़ के प्रवासी पक्षियों की वैज्ञानिक समझ को नया आयाम मिलेगा और भविष्य में अधिक व्यवस्थित सर्वेक्षणों की आवश्यकता पर बल मिलता है।

कैमरे में कैद हुआ दुर्लभ 'बिल्ली सांप'

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिला जैव विविधता से परिपूर्ण है, जिस कारण सभी क्षेत्रों में दुर्लभ प्रकार के जीवों के साथ दुर्लभ सांप मिलते हैं। ऐसा ही एक दुर्लभ सांप देखने को मिला मानिकपुर क्षेत्र की जेपी कॉलोनी में स्थित एक घर में। पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि सुशील गर्ग ने वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को सूचना दी कि उनके वार्ड के एक घर में अजीबोगरीब सांप मिला है। जितेंद्र शनिवार रात 9.30 बजे जेपी कॉलोनी निवासी दया शंकर मिश्रा के यहां पहुंचे, जहां राशन सामग्री के बीच एक काले-सफेद रंग का सांप बैठा हुआ था, जो

फॉरेस्टन कैट स्नेक प्रजाति का सांप था। इसको स्थानीय भाषा में बिल्ली सांप एवं चिंगराज बोलते हैं। यह सांप कोरबा में पहले भी मिल चुका है, यह सांप हल्का जहरीला होता हैं पर इंसानों के लिए खतरा नहीं होता, फिर उसका सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया। सांप के विषय में स्थानीय लोगों को जानकारी दी गई तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस ली, फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक स्थान में छोड़ दिया गया। दुकान संचालक दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि इस तरह का सांप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गांव में दिनदहाड़े घुसा भालू

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के कोकपुर गांव में दिनदहाड़े भालू के घुस आने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। फिलाहाल भालू की तलाश जारी है. इस बीच घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक कोकपुर गांव में रविवार को भालू आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया. सड़कों पर भालू को घुमते देख इलाके में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान समृद्धि की दिशा में ऐतिहासिक कदम

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान सम्मान और समृद्धि की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ दर्ज की

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय, प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी तिहार

3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल होगी खरीदी

एक सप्ताह के भीतर होगा किसानों को पूर्ण भुगतान

राज्य में 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य के 25 लाख से अधिक किसानों से सरकार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी और किसानों को धान के बदले भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच सकेंगे।

श्री रामविचार नेताम
मंत्री–कृषि एवं किसान कल्याण

धान खरीदी अवधि

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी होगी।

खरीदी दर और सीमा

राज्य के 25 लाख से अधिक किसानों से ?3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी। 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक खरीदी की जाएगी।

पंजीयन और पारदर्शिता

इस साल ई-केवाईसी आधारित पंजीयन अनिवार्य। किसानों का पंजीयन भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किया जाएगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित।

डिजिटल क्रॉप सर्वे

23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा। 20,000 ग्रामों में 2 अक्टूबर से डिजिटल सर्वे और मैनुअल गिरदावरी के डेटा का ग्रामसभा में पठन-पाठन जारी।

टोकन प्रणाली

किसानों के लिए 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल ऐप से ऑनलाइन टोकन की सुविधा। किसान अपनी सुविधा अनुसार दिन चुनकर टोकन प्राप्त कर सकेंगे। सोसायटियों में लंबी कतारों से मिलेगी राहत।

धान खरीदी की पारदर्शिता

बायोमैट्रिक सिस्टम से धान खरीदी की जाएगी ताकि केवल वास्तविक किसानों से खरीद हो। किसानों को भुगतान 6 से 7 दिनों के भीतर किया जाएगा।

खरीदी केंद्र व्यवस्था

2739 खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी। हर केंद्र पर समुचित प्रशासनिक व्यवस्था के निर्देश। कलेक्टर केंद्र प्रभारी के रूप में प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे।

प्रोत्साहन राशि

समितियों को खरीफ वर्ष 2025-26 में शून्य सुखत (क्षति रहित धान) लाने पर 5 प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि।

बारदाना व्यवस्था

धान खरीदी के लिए नए और पुराने जूट बारदानों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

केंद्रीय पूल के लिए लक्ष्य

केंद्र सरकार ने 73 लाख मीट्रिक टन चावल लक्ष्य निर्धारित किया।

रिसाइक्लिंग और मॉनिटरिंग

धान की रिसाइक्लिंग रोकने के लिए मार्कफेड कार्यालय में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित होगा। जिलों में भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे।

सीमावर्ती जिलों में निगरानी

पड़ोसी राज्यों से धान की अवैध आवक रोकने के लिए विशेष चेकिंग दल गठित करने के निर्देश।

परिवहन और मितव्ययता

धान के उठाव, परिवहन और भौतिक सत्यापन में मितव्ययता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

सुशासन दिवस पर ऐतिहासिक उपहार

अटल जी के जन्मदिवस 26 दिसम्बर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने अपनी एक और गारंटी को पूरा करते हुए 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित किया। यह किसानों के परिश्रम और सरकार की प्रतिबद्धता के संगम का प्रतीक था।

धान खरीदी में नया रिकॉर्ड

विपणन वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप राज्य सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की। किसानों को 34,500 करोड़ रुपए की समर्थन मूल्य राशि का तत्काल भुगतान किया गया। इसके पश्चात 12 जनवरी 2025 को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 25 लाख 49 हजार किसानों को 12,000 करोड़ रुपए की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किया गया।

बीज उपलब्धता के लिए नीति सुधार

छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में संशोधन कर बीज उपलब्धता प्रणाली को और सशक्त बनाया गया है। अब बीज का उपार्जन सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ और भारत सरकार द्वारा चयनित केंद्रीय नोडल एजेंसियों से भी बीज क्रय किया जाएगा।

किसानों के खातों में पहुँचे सवा लाख करोड़ रुपए

बीते 18 महीनों में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के बैंक खातों में लगभग सवा लाख करोड़ रुपए की राशि का सीधा अंतरण किया गया है। यह किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का स्पष्ट उदाहरण है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 26 लाख किसानों को लाभ

राज्य के 26 लाख किसान भाइयों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ निरंतर मिल रहा है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि विशेष पिछड़ी जनजाति (PVTG) के 32 हजार 500 किसान भी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

744 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण

- 4 लाख से अधिक खसरों में लगी फसल की जानकारी को किया गया ऑनलाइन अपलोड
- रकबे में लगी फसल की जानकारी ऑनलाइन देखने की भी मिली सुविधा
- डिजिटल फसल सर्वेक्षण प्रणाली सटीक उत्पादन अनुमान लगाने में होगी कारगर

किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय

- राज्य में 25 लाख से अधिक किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से होगी धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ
- धान के व्यपवर्तन एवं पुर्नचक्रण को रोकने की चौकस व्यवस्था व धान खरीदी हेतु मजबूत प्रशासनिक ढांचा
- अधिक पारदर्शिता के साथ किसानों को किया जाएगा समय से भुगतान (6 से 7 दिन के भीतर)
- टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से होगी ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था। किसानों का मिलेगी सोसायटियों में लंबी कतारों से मुक्ति
- राज्य शासन के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ प्रदेश के किसानो से दिनांक 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है।
- उक्त अवधि में 25 लाख किसानो से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक धान की खरीदी की जावेगी।
- धान खरीदी में पारदर्शिता को बढावा देने इस वर्ष ई-केवाईसी के माध्यम से, भारत सरकार कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है, जिससे किसान की सहीं पहचान हो एवं डुप्लीकेशन/दोहराव न हो। पंजीयन 31 अक्टूबर 2025 तक कराया जा सकता है।
- डिजीटल क्राप सर्वे के माध्यम से 23 लाख हेक्टेयर रकबे का सर्वे कराया गया है जिसके फलस्वरूप धान के रकबे का ऑनलाईन निर्धारण डिजीटल रूप से सुनिश्चित हुआ है।
- प्रदेश के 20,000 ग्रामों में दिनांक 02 अक्टूबर से डिजीटल क्राप सर्वे एवं मैन्यूअल गिरदावरी के डेटा को ग्रामसभा में पठन-पाठन कराया जा रहा है।
- किसानों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु टोकन तुहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था की गई है इसके तहत किसान स्वयं अपने सुविधा अनुसार दिनों में धान विक्रय किये जाने हेतु टोकन काट सकेगें।
- वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक आधारित धान की खरीदी की जावेगी।
- 2739 खरीदी केन्द्रो के माध्यम से धान खरीदी किये जाने हेतु समितियों में समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है।
- समितियों को खरीद विपणन वर्ष 2025-26 में शून्य सुखत आने पर 05 रूपये प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन दिया जायेगा।
- धान खरीदी हेतु आवश्यकतानुसार नये एवं पुराने जूट बारदाने की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है।
- खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु केन्द्रीय पूल में 73 लाख मीट्रिक टन चावल का लक्ष्य दिया गया है।
- प्रदेश में धान की रिसाईकलिंग रोके जाने एवं बेहतर मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पहली बार इंटिग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर मार्कफेड कार्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलों में भी कंट्रोल रुम बनाए जाएंगे।
- धान खरीदी केन्द्रो में बेहतर एवं सुगम व्यवस्था हेतु कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को खरीदी केन्द्र प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है।
- सीमावर्ती राज्यों से खरीदी केन्द्रो धान की आवक रोके जाने हेतु विशेष चेकिंग दल जिलेस्तर पर गठित किये जाने के निर्देश दिये गये है।
- धान के परिवहन व्यवस्था अंतर्गत मितव्ययता को सुनिश्चित किये जाने हेतु धान के उठाव व परिवहन, भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुति, राज्योत्सव में प्रदर्शित हुआ योग का सुंदर मॉडल

विद्यार्थियों ने रायपुर में राज्य स्तरीय योग मॉडल प्रदर्शन के साथ रचनात्मकता और योग के महत्व का दिया संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं राज्योत्सव के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में योग पर आधारित आकर्षक मिट्टी (क्ले) मॉडल प्रस्तुत किया।यह मॉडल सूर्य नमस्कार एवं गुरु-शिष्य परम्परा की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है। विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का मॉडल बनाकर उनके वैज्ञानिक व स्वास्थ्यवर्धक लाभों की जानकारी दी। इस उत्कृष्ट प्रस्तुति ने दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया।इस रचनात्मक कार्य का मार्गदर्शन विभाग के शिक्षकों डॉ. सत्यम तिवारी, श्री अंकित दुबे एवं श्रीमती सोनाली भद्रा द्वारा किया गया।मॉडल निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण में विभाग की विद्यार्थि कामिनी पात्रे, नीलम ध्रुव, करुणा बघेल, पुष्पा यादव एवं चमेली यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव साहू ने विद्यार्थियों को उनकी सृजनात्मक उपलब्धि हेतु शुभकामनाएँ दीं। साथ ही विभागाध्यक्ष योग विज्ञान विभाग डॉ. गौरव साहू के सम्पूर्ण मार्गदर्शन सहित डॉ. आदित्य सिंह, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के सह-नेतृत्व में यह मॉडल रायपुर में प्रस्तुत किया गया।विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने विद्यार्थियों की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि – 'यह योग विज्ञान विभाग के लिए गर्व का क्षण है। विद्यार्थियों ने पारंपरिक ज्ञान और सृजनात्मकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया है। 'डॉ. तरुण धर दीवान ने योग विज्ञान विभाग की विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्योत्सव के अवसर पर विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया योग

का सुंदर मॉडल सभी के आकर्षण का केंद्र बना। इस मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान तथा जीवन में योग के वैज्ञानिक और व्यावहारिक महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।उन्होंने बताया कि इस प्रस्तुति का उद्देश्य योग को केवल शारीरिक अभ्यास न मानकर जीवन शैली के रूप में अपनाने के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। विद्यार्थियों की सृजनशीलता, संतुलन और अनुशासन ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। डॉ. दीवान ने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती हैं बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के मूल तत्वों के प्रति गहरी आस्था भी विकसित करती हैं।यह पहल न केवल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध योग परंपरा के प्रसार में भी एक प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुई है।

विद्यार्थियों की सृजनशीलता और योग के महत्व का संदेश

मॉडल निर्माण और प्रस्तुति में विद्यार्थियों कामिनी पात्रे, नीलम ध्रुव, करुणा बघेल, पुष्पा यादव और चमेली यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव साहू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने इस अभिनव पहल की सराहना की और कहा कि यह योग विज्ञान विभाग के लिए गर्व का क्षण है। डॉ. तरुण धर दीवान ने बताया कि इस मॉडल के माध्यम से योग के आसन, प्राणायाम, ध्यान और जीवन में योग के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस पहल ने न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाया, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध योग परंपरा को भी प्रेरणादायी रूप में प्रस्तुत किया।

योग विज्ञान विभाग की प्रदर्शनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं राज्योत्सव के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में योग आधारित आकर्षक मिट्टी (क्ले) मॉडल प्रस्तुत किया। यह मॉडल सूर्य नमस्कार और गुरु-शिष्य परंपरा की झलक प्रस्तुत करता है।

■ न्यूज गैलरी

जस्टिस ने कहा आर्थिक अपराध से देश की व्यवस्था पर सीधा असर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस एन.के. व्यास ने कहा कि आर्थिक अपराध को साधारण अपराधों की तरह नहीं देखा जा सकता, क्योंकि यह देश की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित करता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी कोयला परिवहन में प्रति टन 25 रुपए की अवैध वसूली मामले में आरोपी रायगढ़ निवासी नवनीत तिवारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए की। एसीबी-ईओडब्ल्यू का कहना है कि जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच करीब 540 करोड़ रुपए की उगाही की गई थी।आरोपी नवनीत तिवारी पर आरोप है कि वह सूर्यकांत तिवारी के सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य था और लगभग 20 करोड़ रुपए की अवैध वसूली में शामिल रहा। वह उगाही की रकम का हिसाब-किताब रखता था और डायरी में नीतू कोडवर्ड से दर्ज था। इससे पहले आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी और समीर बिश्नोई जैसे प्रमुख आरोपियों के खिलाफ भी केस दर्ज किया जा चुका है।

समाज के आराध्य देव का अपमान किसी सूरत में स्वीकार्य नहीं

अग्रवाल समाज ने अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

बिलासपुर/नवप्रदेश। अग्रवाल समाज ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु आवेदन करने बिल्हा थाना पहुंचे। अग्रवाल समाज ने अपने आराध्य देव 1008 महाराज अग्रसेन को लेकर अमर्यादित शब्दों का उपयोग करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि अमित बघेल का यह बयान अनर्गल, विवादित और असंवेदनशील है, जिसने अग्रवाल संमाज के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा है। समाज के आराध्य देव का अपमान किसी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इस तरह की टिप्पणी से समाज में सामाजिक व्यवस्था में असंतोष का माहौल उत्पन्न करने की कोशिश की गई है। उन्होंने इसे आस्था और धार्मिक मर्यादा पर सीधा प्रहार बताया। समाज के पदाधिकारियों ने

अग्रवाल समाज का रोष

* अमित बघेल द्वारा आराध्य देव *महाराज अग्रसेन* के प्रति अमर्यादित टिप्पणी पर अग्रवाल समाज ने जताया कड़ा विरोध।* समाज ने इसे *आस्था और धार्मिक मर्यादा पर प्रहार* बताया।* बिल्हा थाना पहुंचकर *एफआईआर दर्ज करने* और *कानूनी कार्रवाई* की मांग की।* कहा – यदि कार्रवाई नहीं हुई तो समाज *शांतिपूर्ण आंदोलन* करेगा।

थाना प्रभारी से आग्रह किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपराध दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।, उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज के लोग शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य और युवा मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसी को भी किसी समाज के पूज्य आराध्य देव या उनके अनुयायियों की आस्था का अपमान करने का अधिकार किसी को भी नहीं है और ऐसी टिप्पणियां समाज में असहिष्णुता व विभाजन को बढ़ावा देती हैं। इस घटना को लेकर अग्रवाल समाज में गहरा रोष व्याप्त है, और सभी ने एकजुट होकर प्रशासन से न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष ष्ट राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष कैलाश गोयल विजय बंसल सहसचिव कैलाश अग्रवाल मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल भवन समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सुभाष तायल सुभाष अग्रवाल सुरेंद्र मित्तल विनोद अग्रवाल मनोज गर्ग राजेश अग्रवाल अशोक अग्रवाल अभय युवा समिति के अध्यक्ष शिव अग्रवाल मोहन अग्रवाल पारस अग्रवाल प्रकाश सौरभ गर्ग अंकुर सहित सभी समाज केलोग मौजूद रहे।

पिकनिक मनाने जा रहे परिवार की पिकअप पलटी, एक की मौत, 17 लोग घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथीडीह से पिकनिक मनाने निकले कैवर्त परिवार के लिए यात्रा दर्दनाक हादसे में बदल गई। शनिवार को तुरतुरिया कसडोल जाते समय डोंगरीडीह थाना लवन के पास उनकी पीकअप का पिछला चक्का बेरिंग सहित टूट गया,जिससे वाहन पलट गया।हादसे में वाहन में सवार 30 लोगों में से 17 घायल हो गए,जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान राम प्रसाद कैवर्त निवासी भोथीडीह थाना मस्तूरी के रूप में हुई है। हादसे में गंभीर रूप से

घायल पाँच लोगों प्रिया कैवर्त खिलेश कैवर्त त्रिवेणी कैवर्त, गंगा कैवर्त और नितेश कैवर्त को सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संत कंवर राम साहिब का 86वां शहीदी दिवस मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। संत शिरोमणि कंवर राम साहिब जी का 86वां शहीदी दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सिंधी कॉलोनी स्थित भक्त कंवर राम नगर, भाईसाहेब चौक के पास रात्रि 10 बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और मोमबत्तियां जलाकर संत कंवर राम साहिब जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के प्रचार सचिव हरिकिशन गंगवानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी संत कंवर राम साहिब जी की शहादत दिवस पर भक्त कंवर राम नगर, सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर चौक में उनकी प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

निर्वाचन कार्य में बरतें पूर्ण गंभीरता और पारदर्शिता बीएलओ व सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 31 के अंतर्गत 257 मतदान केंद्रों के बीएलओ और सुपरवाइजरों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन प्रार्थना सभा भवन में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभागायुक्त सुनील जैन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने उपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागायुक्त सुनील जैन ने कहा कि 'निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्य को गंभीरता, निष्ठा और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित करें।' उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, अतः प्रत्येक बीएलओ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक भरें और समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बीएलओ संबंधित तहसीलदार या नोडल अधिकारी से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने भी प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि यह अभियान एसआईआर 4 नवम्बर से शुरू होकर 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा।

मंत्री तोखन साहू होंगे राज्योत्सव में मुख्य अतिथि

बिलासपुर। मंत्री तोखन साहू बिलासपुर में आयोजित 'छग़ राज्योत्सव 2025' के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवम्बर 2025 तक बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड परिसर में किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशनों पर पहली बार गूंजा छत्तीसगढ़ी राज्य गीत, यात्रियों ने जताई खुशी

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहली बार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे ने ऐतिहासिक पहल की। 25वें राज्योत्सव पर शनिवार, 1 नवंबर को भारतीय रेलवे ने प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशनों पर दिनभर छत्तीसगढ़ राज्य गीत का प्रसारण किया। यह पहली बार था जब राज्य गठन के 25 वर्षों में किसी भी रेल स्टेशन पर आधिकारिक रूप से छत्तीसगढ़ी राजगीत गूंजा। इसके साथ ही स्टेशनों पर घोषणाएं भी पूरी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा में की गईं।छठ पूजा के दौरान रेलवे

स्टेशनों पर भोजपुरी गीत बजाए जाने के बाद प्रदेश में लगातार मांग उठ रही थी कि राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को समान सम्मान मिले। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन ने आदेश जारी किया और नतीजा यह रहा कि शनिवार को सुबह से लेकर देर रात तक हर स्टेशन पर छत्तीसगढ़ी घोषणाओं के साथ राज्य गीत प्रसारित हुआ।इस पहल से जहां स्टेशन में मौजूद यात्रियों ने गर्व का अनुभव किया, वहीं प्रदेश की सांस्कृतिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने भी रेलवे के इस निर्णय का स्वागत किया। रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और संस्कृति से जुड़े लोगों की पहल का परिणाम रहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लागू हुआ।रेलवे के इस कदम को छत्तीसगढ़ी भाषा-संस्कृति को सम्मान मिलने और स्थानीय पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यात्रियों ने भी इसे प्रदेश की गरिमा बढ़ाने वाला फैसला बताया और आगे भी ऐसी व्यवस्थाएं बनाए रखने की उम्मीद जताई।

राउत नाच महोत्सव को लेकर बिलासपुर में दिखा खासा उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। गढ़वा बाजा का बाजार सजा रहा। इसमें यादव की टोलियां वादक दलों को अपने साथ रखने के लिए बोलियां लगाते रहे।

ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 80 वादक दल बाजार में आए। इसमें सबसे महंगे वादक दल का सौदा तय हुआ। इसमें 8 सदस्य शामिल हैं। देवउठनी एकादशी से अंचल में गढ़वा बाजा की धुन के साथ ही राउत नाच की शुरुआत हुई। शनिचारी में गढ़वा बाजा के लिए राउत बाजार सजा रहा। जहां वादक दलों को अपने दल में शामिल करने बोलियां लगती रही। कहीं सहमति तो कही मानमनौव्वल का

गड़वा बाजा लेने यदुवंशी पहुंचते रहे गढ़वा बाजार

दौर चलता रहा। जैसे-जैसे लोगों की बात बनती गई वैसे-वैसे वे वादक दलों और परियों के साथ अपने गांव लौटते रहे। इस अवसर पर पारंपरिक गड़वा बाजा की धुन के साथ उत्सव की भी खुशियां सजती रही।यादवों का दल अपने परिचितों के घर जाकर गीत-संगीत के साथ आशीष देंगे और लोग उन्हें उपहारों के साथ खुशियों की सौगात देंगे।15 दिन तक राउत नाच की धूम रहेगी। पारंपरिक बाजा के साथ ही कविता और दोहों के साथ घर-घर शुभाशीष की वर्षा होगी। छत्तीसगढ़ की परंपरा में राउत नाच बेहद खास महत्व रखता है हर साल यहां आने वाले यदुवंशी अपने जौहर का प्रदर्शन करते हैं इस बार भी रावत नाच उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है जिस तरह से गढ़वा बाजार में ऊंची कीमतों पर बाजा और वादक तय किए गए हैं वह दर्शाता है कि आज भी राउत नाच की जो उत्साह देखी जा रही है वह बेहद ही लोकप्रिय है।

छत्तीसगढ़ में चक्रवात मोंथा के असर के बाद मौसम हुआ सुस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। चक्रवात मोंथा के असर के खत्म होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधियां लगभग थम गई हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ है और केवल कुछेक स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी ही दर्ज की गई।

मौसम विज्ञानियों ने बताया कि समुद्र से आने वाली नम हवा का असर अब खत्म हो गया है और उत्तर-पूर्व से शुष्क हवा आने लगी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में शुष्क और ठंडी हवा का प्रभाव बढ़ने की संभावना जताई है। इसके कारण रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी और ठंड का असर बढ़ेगा।

विभाग ने कहा कि आने वाले एक सप्ताह तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान किसी भी जिले के लिए कोई मौसम अलर्ट जारी नहीं किया गया है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले कुछ दिनों में चक्रवात मोंथा के कारण भारी बारिश हुई थी। रायपुर, कवर्धा, बिलासपुर, रायगढ़ और सरगुजा समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को कवर्धा में हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी।

प्रदर्शनी 'बिलासापेक्स-2025 'के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष पर विशेष आवरण जारी

भारतीय डाक विभाग भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक है : आचार्य अरुण

बिलासपुर/नवप्रदेश। डाक विभाग द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में आयोजित जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'बिलासापेक्स-2025' के द्वितीय दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्विकार, डी.आई.जी., सी.आई.एस.एफ. यूनिट, एस.ई.सी.एल. मुख्यालय बिलासपुर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं

(मुख्यालय) दिनेश कुमार मिस्त्री ने की। अधीक्षक डाकघर बिलासपुर विनय कुमार प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर 'छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष' विषय पर विशेष आवरण एवं कैशलेशन कैशट का विमोचन किया गया।अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि 'भारतीय डाक विभाग भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक है। यह संस्था देश के अंतिम छोर तक हर परिस्थिति में अपनी सेवाएँ निरंतर प्रदान करती है। पुलिस और डाकिया दोनों वर्दीधारी सेवाएँ है। डाकिये के आने से हर्ष और आशा का संचार होता है। 'विशिष्ट अतिथि श्री निर्विकार ने कहा कि 'हर नागरिक का जीवन डाक विभाग से गहराई से जुड़ा है। रेल और डाक – दोनों ही संस्थाएँ देश की जीवन रेखाएँ हैं। डाक विभाग केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र की समृद्धि और विकास में भी अपनी महती भूमिका निभा रहा है। 'फिलाटेलिस्ट अतुल जैन और नरेश अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'डाक टिकट केवल एक टिकट नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत दस्तावेज है।

विद्यार्थी प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी का समापन

मुख्य अतिथि आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने डाक विभाग की सेवाओं और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि श्री निर्विकार ने डाक विभाग के सामाजिक और आर्थिक योगदान पर जोर दिया। फिलाटेलिस्ट अतुल जैन और नरेश अग्रवाल ने डाक टिकटों को इतिहास, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत दस्तावेज बताया। द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों के लिए क्विज़ और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सुविचार

कामयाबी हासिल करने का जुनून होना चाहिए आपकी राह से बाधाएं खुद हट जाएंगी और सफलता आपके कदम चूमेगी? - अज्ञात

बिहार में यह कैसा सुशासन

बिहार में चुनाव के दौरान हिंसक वारदात ने बिहार के सुशासन की पोल खोलकर रख दी है। वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुशासन बाबू के नाम से जाना जाता है और यह बात भी सही है कि नीतीश कुमार की सरकार के कार्यकाल के दौरान बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार देखने को मिला था और लालू यादव की सरकार के कार्यकाल के दौरान बिहार में जो जंगलराज स्थापित हुआ था वह धीरे धीरे खत्म होने लगा था किन्तु बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के पहले ही बिहार में अपराधों का ग्राफ ऊंचा होने लगा था और उसी समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर बिहार का दशकों पुराना रक्त चरित्र सामने आ सकता है। इस संभावना को मद्देनजर रखकर ही चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में मतदान कराने का एलान किया। उस समय भी कुछ पार्टियां यह चाह रही थी कि बिहार में एक ही चरण में चुनाव हो लेकिन चुनाव आयोग ने बिहार के पुराने रक्तरंजित चुनावी इतिहास को दृष्टिगत रखते हुए दो चरणों में मतदान कराने का फैसला लिया था ताकि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा और गड़बड़ी को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए जा सके। इस एहतियात के बावजूद पहले चरण के मतदान के पूर्व मोकामा विधानसभा सीट पर हिंसक घटना हो ही गई जहां एनडीए और महागठबंधन के अलावा जनसुराज पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। मोकामा विधानसभा क्षेत्र में शुरू से ही बाहुबलियों का दबदबा कायम रहा है और इस बार भी एनडीए ने बाहुबली अनंत सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है वहीं जदयू ने बाहुबली सूरजभान की धर्मपत्नी पर दांव लगाया है। जनसुराज पार्टी ने हालांकि स्वच्छ छवि के पीयूष प्रियदर्शी को उम्मीदवार बनाया है लेकिन उनके खास समर्थक बाहुबली दुलारचंद यादव बने हुए थे जिनपर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। उन्हीं दुलारचंद यादव की एक हिंसक झड़प में मौत हो गई और इसके बाद वहां माहौल खराब हो गया है। दुलारचंद यादव की अंतिम यात्रा के दौरान ही बाहुबलियों के समर्थकों के बीच पत्थरबाजी हुई और अभी भी वहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चुनाव आयोग ने बिहार के डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। बिहार पुलिस ने अनंत सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और इस घटना को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है और महागठबंधन के नेता सवाल उठा रहे हैं कि बिहार में यह कैसा सुशासन है। गौरतलब है कि बिहार में इस बार भी दर्जनों सीटों पर बाहुबली मैदान में हैं। वहां भी ऐसी घटना न हो इसके लिए सुरक्षा के और कड़े इंतजाम करना निहायत जरूरी है।

भारत की बेटियों ने रचा नया इतिहास

वूमेन्स वर्ल्ड कप में भारत की बेटियों ने सात बार की चैपियन ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था और अपनी जीत तय मान ली थी किन्तु भारत की बेटियों ने वूमेन्स वन-डे के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्कोर को चेस करके एक नया कीर्तिमान रच दिया। भारतीय टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर तथा बल्लेबाज जेमीमा रोड्रिग्ज ने सौ से अधिक रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया के जबड़े से जीत छीन ली। हरमन प्रीत कौर ने 88 रनों की धुंआधार पारी खेली वहीं जेमीमा रोड्रिग्ज ने नाबाद शतक जड़कर टीम इंडिया को शानदार जीत दिला दी। इस पूरे टूर्नामेन्ट में भारत की बेटियों ने कमाल का प्रदर्शन किया है और वूमेन्स वर्ल्ड कप के इतिहास में तीसरी बार भारत को फाइनल में पहुंचाया है। पिछले दोनों बार टीम इंडिया फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों ही पराजित हुई थी लेकिन इस बार उसने सेमीफाइनल में ही उसे ऑस्ट्रेलिया को निपटा कर पुराना हिसाब बराबर कर लिया है अब फाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा जिसमें टीम इंडिया के ही जीतने की पूरी संभावना हैं।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ ज्ञान शक्ति का अर्थ है 'कोहम' मैं कौन हूं? किसलिए आया हूं? क्या कर रहा हूं? क्या विचार चल रहे हैं?

❖ सुदामा आर्थिक सामाजिक रूप से अत्यंत पिछड़े होकर भी उनके विषय में श्रीम? भागवत में जिस शब्द का प्रयोग किया गया है वह शब्द परमात्मा से भी ऊपर हैं। परमात्मा के लिए शब्द का प्रयोग किया गया 'शांताकारम् भुजगशयनम्' और सुदामा के लिए प्रयोग किया गया 'प्रशांत आत्मा'। विशिष्ट शांति का भी विशिष्ट स्वरूप, अति विशिष्ट।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 644 - ईसा पश्चात् - दूसरे मुस्लिम खलीफा उमर इब्न अल खत्ताब की मदीना में एक फारसी गुलाम ने हत्या कर दी। 1394 - फ्रांस के सम्राट चार्ल्स षष्ठम ने यहूदियों को फ्रांस से बाहर खदेड़ दिया। 1493 - क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की। 1655 - इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये। 1762 - ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई। 1796 - जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये। 1857 - नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये के आदेश- 1869 - कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया। 1903 - पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली। 1938 - 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था कायम की गई। 1948 - भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया। 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1962 - चीन के हमले के मद्देनजर भारत में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी। 1984 - भारत में सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए। 1988 - वायु सेना ने आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।

रामविचार नेताम
कृषि मंत्री

भारतीय साहित्य, विशेषकर हिंदी, उर्दू और आदिवासी भाषाओं में बिरसा मुंडा एक प्रतीक बन चुके हैं। महाश्वेता देवी के उपन्यास 'अरन्योर अधिकार में बिरसा का जीवन-संघर्ष महाकाव्य रूप में उभरता है। रामदयाल मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा, और नंदलाल पुरोहित जैसे रचनाकारों ने उनके जीवन को लोकगाथा और आधुनिक इतिहास के बीच सेतु बनाया। छत्तीसगढी, मुंडारी, नागपुरी भाषा में बिरसा पर अनेक गीत और नाट्य रूपांतरण हुए हैं। इन रचनाओं में बिरसा केवल एक नेता नहीं बल्कि लोकनायक हैं जो धरती के अधिकारों के लिए लड़े और स्वयं धरती का प्रतीक बन गए। आज भारत में जब हम जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर) मनाते हैं तो यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं है। यह लोक समानता की पुकार है। बिरसा का दर्शन हमें बताता है कि विकास का अर्थ जंगल काटना नहीं, बल्कि जंगल के साथ जीना है।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा

इतिहास के पन्नों में बिरसा मुंडा का नाम भले ही 25 वर्ष की छोटी आयु में समाप्त हो गया हो, परंतु लोक जीवन में वे आज भी जीवित हैं। गीतों में, स्मारकों में, कथाओं में और आदिवासी चेतना के हर नारे में।

÷धरती आबा यानी धरती का पिता। यह संबोधन केवल सम्मान नहीं बल्कि, उस भाव विश्व का प्रतीक है, जिसमें भूमि, जल, जंगल, समाज और ईश्वर सभी एक ही जीवनचक्र के अविभाज्य अंग हैं।

बिरसा मुंडा लोक स्मृति में किसी देवता की तरह प्रतिष्ठित हुए हैं। वे लोकगीतों में "धरती के रक्षक" "अंधकार में प्रकाश और अपनों की अस्मिता के रखवाले के रूप में गाए जाते हैं। उनकी यह छवि इतिहास से अधिक जन विश्वास में जीवित है, क्योंकि इतिहास उनके संघर्ष को सीमित रूप में लिखता है, लेकिन लोकगीत उसे आत्मा से जीता है।

झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार के जनपदों में बिरसा मुंडा से जुड़ी कई लोककथाएं और लोकगीत आज भी प्रचलित हैं। इनमें उन्हें ईश्वर समान लोकदेव के रूप में स्मरण किया जाता है। एक प्रचलित मुंडारी गीत प्रस्तुत है-

'धरती आबा बिरसा रे
जंगल-पानी के रखवाला रे।
हुलगुलान में जनम लड्ला.
दिकू राज के तोड़ डाला रे।"

यह गीत उनके विद्रोह को एक पवित्र कर्म के रूप में प्रस्तुत करता है। यहां दिकू शब्द बाहरी शोषक के लिए है और हुलगुलान (उलगुलान) सामाजिक-आर्थिक अन्याय के विरुद्ध जनक्रांति का प्रतीक बन जाता है। आदिवासी महिलाओं के गीतों में बिरसा "भाई" 'पति', या "धरती के लाल÷ के रूप में पुकारे जाते हैं। कई गीतों में उनकी गिरफ्तारी और मृत्यु का करुण चित्र मिलता है

"रांची जेल में बिरसा सोवेला,
ओ धरती आबा उठ जा रे,
हमर खेत, हमर जंगल पुकारत हवे।"

इन गीतों में ऐतिहासिक दुःख लोक शोक में बदल जाता है। वे केवल बिरसा की मृत्यु नहीं गाते. बल्कि उस भूगोल का विलाप करते हैं, जहां जंगल और आदमी दोनों कैद हो गए।

लोक कथाओं में कहा जाता है कि बिरसा जब पहाड़ों में प्रवचन देते थे. तो पेड-पौधे झुक जाते थे. हवा थम जाती थी और पक्षी उनका नाम जपते थे।

कई जनश्रुतियों के अनुसार मृत्यु के बाद वे 'धरती में विलीन नहीं हुए, बल्कि ÷धरती में समा गए÷ यही कारण है कि लोग उन्हें 'धरती आबा कहते हैं। इन जनश्रुतियों में इतिहास मिथक का रूप लेता है और मिथक लोक आस्था का। इस प्रकार बिरसा का व्यक्तित्व इतिहास और धर्म के बीच पुल बन जाता है। एक ऐसा लोक ईश्वर, जो न्याय और अस्मिता दोनों का प्रतीक है।

19वीं सदी के अंतिम दशकों में छोटा नागपुर का भू-सामाजिक ढांचा तेजी से बदल रहा था। अंग्रेजी शासन ने परंपरागत "खूंटकट्टी" भूमि-प्रणाली को तोड़ा और भूमिहीनता फैली।

'दिकू (बाहरी व्यापारी, महाजन, जमींदार) आदिवासी भूमि पर कब्जा करने लगे। यही वह पृष्ठभूमि थी, जहां बिरसा के नेतृत्व में स्वराज समान चेतना जन्मी। 1895-97 बिरसा ने धार्मिक सुधार आंदोलन शुरू किया, जिसमें शराबबंदी, पशुबलि का विरोध और शुद्ध आचरण का प्रचार। 1897-98 में उन्होंने सामाजिक संगठन को राजनीतिक स्वर दिया। 'अबुआ राज÷ (अपना राज) की घोषणा हुई।

1899-1900 में उलगुलान अपने चरम पर पहुंचा। सैकड़ों गांवों ने भाग लिया। ब्रिटिश थानों और गिरजाघरों पर हमले हुए। इस चरण में बिरसा के अनुयायी 'बिरसाइत कहलाए। वे किसी बाहरी शासन को अस्वीकार करते हुए 'धरती के अपने कानून को सर्वोपरि मानते थे।

ब्रिटिश सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए विशेष सैन्य बल भेजा। सैकड़ों गांव जलाए गए, सैकड़ों लोग मारे गए। मार्च 1900 में बिरसा को जमकोपाई जंगल से गिरफ्तार किया गया और रांची जेल में डाल दिया गया।

09 जून 1900 को उनकी मृत्यु हो गई। केवल 25 वर्ष की आयु में। परंतु इस 'पराजय ने भी आंदोलन को अमर बना दिया। उनकी शहादत ने आदिवासी आत्म-गौरव को वह स्वर दिया जो आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन में गूंज उठा। बिरसा के आंदोलन ने जो शब्दावली रची वह आज भी आदिवासी राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलनों की आत्मा है। 'अबुआ राज एते जना, महारानी राज तुन्दु जना (अब हमारा राज होगा. रानी का नहीं)। जंगल, जल, जमीन÷ यह तीन शब्द आज भी भारत के आदिवासी आंदोलनों की रीढ़ हैं। लोकगीतों में बिरसा को 'धरती का कानून कहा जाता है अर्थात वह न्याय जो किसी शासन से नहीं बल्कि प्रकृति और समाज से जन्म लेता है।

इस नजरिए से उलगुलान केवल विद्रोह नहीं था. बल्कि एक 'लोकन्याय दर्शन था, जिसमें जीवन और प्रकृति की एकता सर्वोपरि थी।

बिरसा मुंडा ने धर्म और संस्कृति को प्रतिरोध का आधार बनाया। उन्होंने कहा ÷ईश्वर एक है और वह धरती में बसता है। उनकी इस धारणा ने मुंडा समाज में एक नई धार्मिक धारा को जन्म दिया। बिरसाइत पंथ जो आज भी झारखंड और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में जीवित है। इस पंथ की विशेषताएं हैं -

एकेश्वरवाद- जो सत्य, संयम, श्रम और सामुदायिक जीवन का आदर्श है। बाहरी धार्मिक हस्तक्षेप का विरोध, समाज में समानता और नारी सम्मान। इस पंथ ने आदिवासी समाज को आत्म परिचय का भाव दिया, और ईसाई या हिंदू होने के दबाव से मुक्त किया।



आलोक मेहता

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध प्रचार के दौरान पूंजीपतियों से रिश्तों का पुराना राग सुना रहे हैं 7 विशेष रूप से अंबानी अडानी और नाम लिए बिना अन्य चार- पांच पूंजीपतियों को सर्वाधिक लाभ देने का आरोप लगा रहे हैं 7 शायद वह भूल जाते हैं कि पूंजीपतियों के साथ कांग्रेस के शीर्ष नेताओं, प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों के साथ रहे संबंधों, उनकी सरकारों के दौरान बड़े पूंजीपतियों को मिले प्रश्रय अथवा लाइसेंस, परमिट, अनुबंध, ठेकों का हिसाब किताब उनके लिए ही बहुत महंगा साबित होगा 7 कई बार ऐसा लगता है कि वह 60 -70 के दशक में वामपंथी राजनीतिक दलों अथवा श्रमिक संगठनों द्वारा टाटा बिरला और पूंजीपतियों के विरुद्ध की जाने वाली नारेबाजी के बल पर जनता को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं 7 जबकि भारत ही नहीं चीन और रुस जैसे कम्युनिस्ट देशों में भी प्राइवेट और मल्टीनेशनल कंपनियां बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं 7 भारत में आर्थिक उदारवाद भी 1991 में कांग्रेस राज नरसिंहा राव की सरकार और मनमोहन सिंह के वित्त मंत्री रहते हुए लागू हुआ

पूंजीपतियों से रिश्तों का राजनीतिक हिसाब किताब बहुत महंगा

अम्बानी अडानी समूह तो पिछले तीस वर्षों के दौरान तेजी से आगे बढ़े हैं। राहुल गाँधी अपने को युवा सम्राट मानकर संभव है भारत की राजनीतिक आर्थिक पृष्ठभूमि नहीं जानना चाहते या उनके सलाहकार उनको नहीं बताते । लेकिन बिहार ही नहीं देश के सामान्य लोग भी बिरला टाटा से लेकर अम्बानी अडानी जैसे समूहों को किसी न किसी रुप में सुने हुए या जानते हैं। यही नहीं करोड़ों लोगों ने इन कंपनियों के अलावा अन्य उद्योग व्यापार की कंपनियों के शेयर ख़रीदे हुए हैं यानी अपनी पूंजी भी लगा रखी है। वे न समझना चाहें लेकिन इस विवाद पर कुछ तथ्यों पर ध्यान दिलाना उचित लगता है। बिरला समूह की ही बात की जाए , तो कृष्ण कुमार बिरला न केवल सदा कांग्रेस पार्टी को हर संभव सहयोग और चुनावी चंदा देते रहे , स्वयं कांग्रेस पार्टी द्वारा 1984 से 2002 तक राज्य सभा के सांसद के रुप में साथ में जोड़कर रखा। बाद में प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार में उनकी बेटी श्रीमती शोभना भरतिया को 2006 से 2012 तक राज्य सभा का नामजद सदस्य बनाकर रखा। बिरला समूह की कंपनियों ने कांग्रेस सहित हर सरकार के काल में प्रगति की ।

राहुल गाँधी को क्या यह तथ्य नहीं पता हैं कि बिरला परिवारों की दूसरी कंपनी हिन्दुस्तान मोटर्स की अम्बेसेडर कारों को सरकार की एकमात्र मान्यता प्राप्त कार के नाते सर्वाधिक खरीदी भाजपा की अटल सरकार आने तक होती रही। बाद में मारुति और अन्य बड़ी गाड़ियों की खरीदी होने लगी। वैसे पिछले दशकों में चीनी , खाद , पटसन के कारखानों या टेलीकॉम उद्योग और नई टेक्नोलॉजी के कई उद्यमों में बिरला समूह आगे बढ़ते रहे। बहरहाल उन्हें अम्बानी परिवार पर बड़ी आपत्ति होती है। वे यह कैसे नहीं जानते कि रिलायन्स समूह धीरुभाई अम्बानी से लेकर मुकेश अथवा अनिल अम्बानी को सर्वाधिक सहयोग कांग्रेस सत्ता काल में रहा। यही नहीं राजीव गाँधी के राजनीतिक संकट यानी वी पी सिंह के विद्रोह के दौरान अम्बानी ने पर्दे के पीछे

उनका साथ दिया। दिलचस्प बात यह है कि अनिल अम्बानी तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के वोटों से ही उत्तर प्रदेश से राज्य सभा में 2004 में सांसद बने। तब सोनिया गाँधी पार्टी प्रमुख और राहुल गाँधी भी सांसद थे ।

राजीव गाँधी से मनमोहन सिंह तक की कांग्रेस सरकारों के दौरान पॉलिएस्टर , गैस , टेलीकॉम के उद्यमों के लिए रिलायन्स के साथ विशेष रियायतों के आरोप लगते रहे। सही बात यही है कि उदार आर्थिक नीतियों और देश के आर्थिक विकास के लिए उनके साथ कई अन्य कंपनियां आगे बढ़ती रहीं। मनमोहन सिंह ही नहीं प्रणव मुखर्जी , नारायणदत्त तिवारी और चिदंबरम के वित्त या उद्योग वाणिज्य मंत्री या मुरली देवड़ा के पेट्रोलियम मंत्री रहते हुए इन समूहों ने तेजी से प्रगति की । गुजरात देश का सबसे प्रगति करता प्रदेश रहा है । इसलिए टाटा बिरला अम्बानी अडानी समूहों को वहां मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल या प्रधान मंत्री बनने पर भी समुचित अवसर मिलते रहे । राहुल गांधी यह कैसे भूल गए कि 2019 के लोक सभा चुनाव के दौरान वह पार्टी प्रमुख थे और उनकी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मिलिंद देवड़ा को मुंबई से चुनावी विजय के लिए रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अम्बानी ने अलग से अपील जारी की थी । यों बिरला अम्बानी के अलावा एक और बड़े उद्योगपति आर पी गोयनका रहे हैं। वे कांग्रेस और गाँधी परिवार के करीबी रहे । उनका औद्योगिक समूह भी तेजी से आगे बढ़ा। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल से राज्य सभा का चुनाव जितवाकर सन 2000 से 2006 तक सांसद बनाकर संसद में रखा। आर पी गोयनका तो गाँधी परिवार के कुछ ट्रस्टों के सदस्य भी रहे ।

इसी सप्ताह मुजफ्फरपुर की एक चुनावी सभा में राहुल गाँधी ने अम्बानी परिवार की शादी के समारोह में प्रधान मंत्रीं नरेंद्र मोदी के जाने और खुद न जाने का दावा करते हुए अम्बानी समूह को लाभ मिलने का आरोप लगाने को साहसिक काम समझा , लेकिन उनके साथ बैठे और कांग्रेस राजद के मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव के चेहरे के रंग उतर गए क्योंकि वह और लालू यादव का पूरा परिवार अम्बानी के विवाह उत्सव में पूरी शान के साथ शामिल हुए और वहां उनकी अच्छी खातिर भी हुई थी । वैसे कांग्रेस के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता भी इस समारोह में गए थे। भारत में पारिवारिक कार्यक्रमों में आना जाना सामान्य शिष्टाचार रहा है। परस्पर राजनीतिक या व्यावसायिक प्रतिद्वंदी होने पर भी सामान्य सम्बन्ध बने रहते हैं। राहुल गांधी को जिस अडानी समूह को पोर्ट या एयर पोर्ट के रखरखाव या निर्माण का काम दिए जाने पर तकलीफहो रही है , उन्हें यह जानकारी कैसे नहीं है कि गुजरात के कांडला पोर्ट अडानी समूह को 1994 में दिया गया , जब केंद्र में राव की और गुजरात में छबिलदास मेहता की कांग्रेस सरकारें थी । तब तो नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री भी नहीं थे। इसी तरह राजस्थान में अडानी समूह को ग्रीन एनर्जी यानी सौर ऊर्जा के बड़े प्रोजेक्ट का काम 2018 में मिला , जहाँ अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार थी। छत्तीसगढ़ में भी कोयला खदानों आदि से जुड़े काम कांग्रेस और भाजपा सरकारों के दौरान मिले ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चम्मच से कटोरी

चम्मच से कटोरी कुछ ख़फ़ा है, औ प्लेट कटोरी से कटा कटा है। प्लेट कितना भी बड़ा हो यारो, थाली का कद कभी न घटा है। झारे की बदगुमानी का यारो, कढाई को भी अच्छे से पता है। बटलोही आग में घिर के भी न डरे उसके सहारे चांवल पक रहा है। थाल कटोरी में हो, जो भी व्यंजन, खानेवाला चम्मच जरूर मांगता है। और गिलास कहे, खाने के बाद, प्यास बुझाने मेरा सर झुका है। मैं बड़ा हूं या दानी तू बड़ा है आज ये ही अहम मसअला है ।

- संजय दानी

सांस लेने में

सांस लेने में और जीने में बड़ा अंतर है ... न समय का पहिया रुका है न जीवन की सांसे रुकी है पतझड़ को बसंत का इंतजार है दुःख है तो सुख का इंतजार है कब बदलेगा यह मंजर यह सोचकर इंसान क्या बेखबर है जंगल काट दिए गए सिर्फ और सिर्फ बड़े आदमी को और बड़े बनाने के लिए जो गरीब थे उन्हें बेघर कर दिए बस इतिहास के पन्नो में लिख दिया जाएगा कभी यहां लोग जीवित थे।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

बे बात ही दिल से भुलाया गया

बे बात ही दिल से भुलाया गया मुझे जरूरत पड़ी तो फिर से बुलाया गया मुझे मैं आज भी अपने ही असूलों पे चलता हूँ इस राह से कई बार हटाया गया मुझे। **- संजय कुमार गिरि**

विभिन्न संस्कृतियों का समुच्चय ही

विभिन्न संस्कृतियों का समुच्चय ही छत्तीसगढ़िया संस्कृति है, जिसकी अपनी पृथक पहचान और अस्मिता है। छत्तीसगढ़ी में संस्कृत, मराठी, ओड़िया, मागधी, अवधि सहित द्रविड़ भाषाओं के भी संस्कार हैं। छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी महासागर है, इसे तालाब बताना इस महान संस्कृति का अपमान होगा। **- केवल कृष्ण**

गैर पर करना भरोसा छोड़िये साथ अपनों



गैर पर करना भरोसा छोड़िये साथ अपनों का न रहना छोड़िये नेक नीयतें आपकी सबके लिए दोस्त से चुगली लगाना छोड़िये रूप तेरा यूं निखरता ही रहे पर कभी पार्लर न जाना छोड़िंये यार की हर बात को माना करे फालतू तकरार करना छोड़िये जन्म माँ ने जब दिया है आपको दर्द उसको आज देना छोड़िये।

- डॉ मधु त्रिवेदी

मेरे ख्वाबों की दुनिया की हकीकत बन

मेरे ख्वाबों की दुनिया की हकीकत बन गए हो तुम छुटाए भी नहीं छूटे वो आदत बन गए हो तुम न तुमसे राब्ता कोई न दिल की है लगी कोई मेरी हर नज़्म की लेकिन जरूरत बन गए हो तुम। - **पूजा बंसल**

अल्हड़ आँखों के कुछ सपने

अल्हड़ आँखों के कुछ सपने,आँचल में भर लाई हूँ , मोल नहीं है इनका कोई ,ये बतलाने आई हूँ॥ कागज की वो नाव पुरानी या रेशम की गुड़िया ही बचपन वाले खेल खिलौने थे याद दिलाने आयी हूँ।।

- डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिये हानिकर रहेगा। आज किसी ना किसी रूप में आपके विचार कार्य उल्टा ही फल देंगे।

वृषः आज आप केवल अपने मन की ही सुनेंगे घर मे यह व्यवहार अशांति करा सकता है लेकिन कार्य क्षेत्र पर इससे लाभ ही होगा। आज आपके उच्चप्रतिष्ठित लोगो से संपर्क बनेंगे।

मिथुनः आज आप अपने मन की इच्छा पूर्ति को सर्वोपरी रखेंगे इसके लिये किसी बंधन अथवा प्रतिबंध का भी विरोध करने से पीछे नही हटेंगे परिजनों से कहासुनी होना संभव है।

कर्कः आज के दिन आप निश्चिन्त होकर अपने कार्यो को करेंगे धार्मिक कार्यो में आस्था बढ़ेगी पूजा-पाठ के लिए समय निकाल लेंगे मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे।

सिंहः आज दिन के आरंभिक भाग में किसी कार्य को करने की जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है आज धैर्य से सोच विचार कर काम करने पर ही व्यवसाय अथवा अन्य कार्यो से लाभ पाया जा सकेगा।

कन्याः आज के दिन स्थिति हर प्रकार से आपके पकड़ में रहेगी। कार्य क्षेत्र हो या घर किसी को भी नाराज होने का अवसर नही देंगे नाराज लोगो को भी अपने मजाकिया अंदाज से हंसने पर मजबूर करेंगे।

तुलाः आज के दिन वृद्धिकारक योग बन रहे है। शारीरिक रूप से चुस्त रहने का लाभ कार्य क्षेत्र पर मिलेगा। जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ ही होगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपने बुद्धिबल से धन के साथ सम्मान भी पाएंगे। सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर आपके विचार पसंद किए जाएंगे आपकी बातों को अन्य लोगो से ज्यादा महत्त्व मिलेगा ।

धनुः आज के दिन आप अपनी ही गलतियों से लोगो के अपशब्द सुनेंगे फिर भी व्यवहार में बदलाव नही आने से मामला हाथापाई तक पहुच सकता है।

मकरः आज का दिन धन लाभ वाला है लेकिन सेहत में थोड़ी नरमी रहने से लापरवाहि करेंगे परिणामस्वरूप उचित लाभ से वंचित रह सकते है। स्वभाव में परोपकार की भावना रहेगी लेकिन स्वार्थ सिद्धि भी रहेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिये मिला जुला रहेगा। दिनचार्य आज व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे धन की आमद भी निश्चित समय पर हो जाएगी लेकिन अचानक खर्च आने से हाथ से निकल जाने पर स्वयं को ठगा सा अनुभव करेंगे।

मीनः आज के दिन शुभ संयोग बन रहे है प्रातः काल मे कुछ समय के लिये धन अथवा अन्य कारणों से मानसिक बेचैनी रहेगी लेकिन मध्यान तक इनका समाधान होने से शांति मिलेगी।

QUIZ TIME

1) पैरा एशियन गेम्स 2023 में भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कौन सा पदक जीता है?

2) हाल ही में आस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में किस भारतीय खिलाड़ी के नाम पर एक गेट का अनावरण किया है?

3) रानी चेनम्मा, रायप्पा के नेतृत्व में कित्तूर विद्रोह कहाँ हुआ था?

4) कौन-सी नदी प्रारम्भ में अरूण नदी के नाम से जानी जाती है?

5) केरल के सर्वोच्च सम्मान केरल ज्योति पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

उत्तरमाला-(1) स्वर्ण पदक (2) सचिन तेंदुलकर (3) कर्नाटक (4) कोसी (5) मलयालम लेखक टी. पद्मनाभन

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -216

राज्योत्सव : गांव-गांव में बिछे सड़कों ने छत्तीसगढ़ की काया पलट दी

■ **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से राज्य में 25 वर्षों में बनी 40 हजार किमी सड़कें**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले 25 सालों में गांव-गांव में बिछे सड़कों के नेटवर्क ने राज्य के ग्रामीण इलाकों की काया पलट दी है। अब राज्य के गांवों में नई सड़कों से आ रहे बदलाव को महसूस किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी ने देश के ग्रामीण इलाकों में बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 2000 में शुरूआत की। यह योजना देश के साथ ही राज्य के ग्रामीण इलाकों में परिवर्तनकारी सिद्ध हुई। छत्तीसगढ़ में इस योजना के जरिए लगभग 40 हजार किलोमीटर सड़कें बनायी जा चुकी है। राज्य निर्माण के पहले यहां सड़कों का औसत देश के पूर्वोत्तर राज्यों से भी नीचे था। उस समय यहां ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 4200 किलोमीटर सड़कें थी। इस स्थिति में यहां के लोगों के जीवन स्तर का अनुमान सहज रूप से लागाया जा सकता था। देश में जब यह योजना शुरू हुई तब ग्रामीण समृद्धि का नया दौर शुरू हुआ। सड़कें केवल आवागमन का जरिया नहीं बल्कि यह सामाजिक आर्थिक परिवर्तन का माध्यम भी है।

वर्तमान में ग्रामीण सड़कों के मजबूत नेटवर्क ने सुशासन और आंत्योदय के सपने को पूरा करने का मजबूत आधार दिया है। आज छत्तीसगढ़ के किसान अपने खलिहानों से धान की फसल खरीदी केन्द्रों तक आसानी से पहुचा पार रहे है। ग्रामीण इलाकों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आसानी से राशन पहुंच रहा है। आंगनवाडियों के पोषण आहार में गड़बडी जैसे मामले अब देखने को नहीं मिल रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाने में भी सड़के मददगार सिद्ध हो रही है।

सड़कों के लोगों में गतिशीलता बढ़ी है। लोग रोजगार और स्वरोजगार के नए नए माध्यमों को अपना रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग पुराने दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि गांव की सड़के बहुत दुरूह होती थी। कई बार नदी नालों को पार कर एक गांव से दूसरे गांव तक जाना पड़ता था। इस योजना ने उन्हें नई ताकत दी है। अब सड़के डामरीकृत होने के साथ ही पुल पुलिए बनने से आवागमन सहज हुआ है। छत्तीसगढ़ के शुरूआती 16 वर्षों में तेजी से ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ। लगभग 32 हजार किलोमीटर पक्की सड़कें और पुल -पुलिया बनायी गई। इन सड़कों के माध्यम से साढे 10 हजार से अधिक बसाहटों को जोड़ा गया। अब तक योजना में 40,415 किमी लंबी 8,310 सड़कों एवं 426 वृहद पुलों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इस योजना मे दूसरे और तीसरे चरण में 10 वर्ष पुरानी सड़कों का मजबूतीकरण और उन्नयन का कार्य किया गया। इस चरण में कुल 5,583 किमी लंबाई की 534 सड़कों एवं 82 वृहद पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण जा चुका है। स्वीकृत सभी परियोजनाएं शत-प्रतिशत पूर्ण की जा चुकी हैं।

राज्य के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में नक्सली उन्मूलन की दिशा में इस योजना ने सार्थकता सिद्ध की है। इन क्षेत्रों में 12,459 किमी लंबाई की बनाई गई हैं। इससे 3,853 बसाहटें भी मुख्यधारा से जुड़ी । जिससे इन क्षेत्रों में आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिला है।

प्रधानमंत्री ने की सराहना

राज्योत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना करते हुए कहा कि मैं राज्य निर्माण के पहले भी छत्तीसगढ़ आया करता था। उस समय गांवों तक पहुंच पाना बहुत मुश्किल होता था। कई गांवों में सड़क थे ही नहीं, 25 वर्षों में राज्य ने बहुत तरक्की की है। आज राज्य में 40 हजार किलोमीटर से अधिक लंबे सड़कों का जाल गांव गांव तक फैल गया है। उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सड़कों से जुड़ते गांव और सशक्त होते ग्रामीण मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में छत्तीसगढ़ के सतत प्रयासों का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण में जनजातीय क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल गांवों में 8 हजार से अधिक किलोमीटर सड़के बनाए जाने की योजना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना और आकांक्षी जिलों की बसाहटों में सड़कें प्राथमिकता से बनायी जाएंगी।

संक्षिप्त खबरें

गोंदिया से बरौनी के बीच चार-चार फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर यात्रियों की सुविधा और उन्हें कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने गोंदिया और बरौनी के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08843/08844 गोंदिया-बरौनी-गोंदिया के बीच चार-चार फेरे के लिए संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 08843 गोंदिया-बरौनी स्पेशल गोंदिया से 3, 4, 8 और 9 नवंबर 2025 को शाम 5.15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ समेत निर्धारित स्टेशनों से होकर अगले दिन शाम 7.20 बजे बरौनी पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 08844 बरौनी-गोंदिया स्पेशल बरौनी से 4, 5, 9 और 10 नवंबर को रात 10.25 बजे चलेगी। यह ट्रेन रास्ते में ठहराव लेते हुए दूसरे दिन रायगढ़ शाम 6 बजे पहुंचेगी।

राज्योत्सव की ड्यूटी में कांकेर से आए सिपाही की तबीयत बिगड़ी, मौत

रायपुर/ नवप्रदेश। कांकेर से राज्योत्सव की ड्यूटी के लिए रायपुर आए एक सिपाही की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। सिपाही को रिजर्व टीम में रखा गया था। वह पुलिस लाइन में बैठा हुआ था। तभी अचानक आरक्षक की तबीयत बिगड़ गई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां आरक्षक ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से जशपुर निवासी फुलजेश पन्ना (61) की पोस्टिंग कांकेर में थी। वो राज्योत्सव की ड्यूटी के लिए रायपुर आया था और रिजर्व टीम में तैनात था। फुलजेश सुबह तैयार होकर पुलिस लाइन पहुंचा। तभी उसे सिर में दर्द और बीपी बढ़ने की शिकायत हुई। इलाज के दौरान आरक्षक की मृत्यु हो गई।

नगर निगमों में संपत्ति कर की वसूली करेगी नई टीम

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी समेत राज्यभर के नगर निगमों में संपत्ति कर की वसूली के लिए नगरीय निकाय संचालनालय की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अब हर जिले में राजस्व वसूली तेज करने के लिए संभाग स्तरीय टीम बनाई जा रही है। यह टीम निगमों में संपत्ति कर की वसूली की रफ्तार की भी निगरानी करेगी। सभी निगमों में राजस्व पर्यवेक्षण और निरीक्षण के लिए सभी संभागों के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। ये टीम हर महीने नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों का निरीक्षण करेंगी। इस जांच रिपोर्ट को संचालनालय में भेजा जाएगा। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर निगमों के लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। नगरीय प्रशासन संचालनालय ने इन टीमों को किस तरह काम करना है इसकी भी जानकारी दी है। टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारी मासिक रोस्टर बनाकर संभाग में जितने निगम आएंगे उसकी जांच करेंगे। विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित चालू एवं बकाया मांग के महीनेवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निकाय वसूली की जांच करेंगे।

बिना पंजीयन वाली पालतू पशु दुकानों पर छापेमारी

रायपुर/ नवप्रदेश। बिना पंजीयन के शहर में चल रही पालतू पशु दुकानों पर कार्रवाई की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम ने कई दुकानों में छापा मारा। अफसरों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर वे अपनी दुकान का बोर्ड में पंजीयन करवा लें। बिना पंजीयन के दुकानों का संचालन किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुकान को सील भी किया जा सकता है। अफसरों ने बताया कि पालतू पशु दुकानों में पेट शॉप कानून 2018 के नियमों का हर हाल में पालन करना होगा। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि दुकानों में रखे गए पशु-पक्षियों के पिंजरे साफ होने चाहिए। साफ पानी के साथ ही उचित भोजन की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करना होगा। कोई भी दुकानदार इसमें लापरवाही करेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान बोर्ड के अधिकारी एवं स्टाफने बताया कि इस तरह की जांच लगातार जारी रहेगी।

निधन

अन्नू यादव

रायपुर। छः ग प्रगतिशील यादव महासंघ के आजीवन सदस्य डॉक्टर अनिल यादव एवं रिंकी यादव की माताजी तथा डॉक्टर प्रकृति यादव एवं राम कुमार यादव सासू मा अन्नू यादव (धर्मपत्नी हरि शंकर यादव) 01 नवंबर 2025 को बिलासपुर में देवलोक प्रस्थान कर गई। दाह संस्कार उनके स्थायी निवासन मनेंद्रगढ़ में हुआ। प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति !

पॉवर कंपनी में सायबर सुरक्षा और जागरूकता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

साइबर खतरों से निपटने में सक्षम है पॉवर कंपनी का सायबर सुरक्षा तंत्र : डॉ रोहित

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने कहा है कि पॉवर कंपनी की सायबर सुरक्षा प्रणाली सायबर खतरों से निपटने में सक्षम है और नवीन प्रौद्योगिकी से लैस है। विद्युत सेवा भवन में एक सादे समारोह में सीएसपीडीसीएल द्वारा सायबर सुरक्षा पर तैयार सायबर सुरक्षा संक्षेपिका और कंप्यूटर डेस्क मैट का अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने विमोचन किया। कंप्यूटर डेस्क मैट पर साइबर सुरक्षा सम्बंधित ÷क्या करें÷ और ÷क्या न करें÷ उपयोगकर्ता जागरूकता हेतु लिखा गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सूचना सुरक्षा प्रकोष्ठ (आईएससी) ने कंपनी के नेटवर्क, सर्वर, एप्लीकेशन, डाटा एवं वेबसाइट समेत सभी ऑफिस के कंप्यूटर को अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से सुरक्षा कवच प्रदान किया है। उन्होंने कंपनी के कार्मिकों के लिए प्रतिवर्ष सायबर सुरक्षा जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण आयोजित करने को सार्थक पहल बताया।

इस मौके पर मौजूद पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने बताया कि पॉवर कंपनी मुख्यालय में केन्द्रीयकृत सायबर सुरक्षा संचालन केन्द्र (सीङ्खएसओसी) संचालित है जहां से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं संबंधी डाटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा की निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा कि यह देश में सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर का पहला सायबर सुरक्षा केन्द्र है। साई दर्शन आवासीय जोरा समिति परिसर में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई आंवला नवमी।

इस केन्द्र में 24 ङ्ग 7 सभी सायबर इंसीडेंट की निगरानी की जाती है। इस दौरान प्रतिदिन हजारों सायबर अटैक को मॉनिटर एवं विफल किए जाते हैं। श्री कंवर ने बताया कि राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा माह के अंतर्गत 1- 31 अक्टूबर तक पॉवर कंपनियों में विभिन्न स्तरों पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सायबर सुरक्षा संक्षेपिका और कंप्यूटर डेस्क मैट के विमोचन अवसर पर कार्यपालक निदेशक (ईआईटीसी) श्री विनोद कुमार साय, अधीक्षण अभियंता (आईएससी) श्री विकास शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

एसीआई में ढाई माह से बंद बायपास-ओपन हार्ट सर्जरी

सामग्री नहीं, मरीज प्राइवेट अस्पतालों की शरण में

रायपुर/ नवप्रदेश। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियेक इंस्टिट्यूट (एसीआई) में बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी पिछले ढाई माह से ठप है। वजह है सर्जरी के लिए जरूरी चिकित्सा सामग्री की अनुपलब्धता। गरीब-मध्यम वर्ग के हृदय रोगियों का सहारा बने इस संस्थान में अब मरीज निराश लौट रहे हैं। कई प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जहां लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

पुरानी दर पर सामग्री देने से फर्म का इंकार, नया टेंडर जारी

एसीआई में सर्जरी के लिए जरूरी वॉल्व, स्टेंट और अन्य उपकरणों की सप्लाई पूर्व में एक निश्चित फर्म से होती रही है। दो साल पुरानी दर पर सामग्री देने से फर्म ने साफ इंकार कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने तमाम प्रयास किए, लेकिन फर्म नहीं मानी। आखिरकार नया टेंडर जारी करना पड़ा। टेंडर 7 नवंबर को खुलेगा। सबसे कम दर वाली फर्म को ऑर्डर मिलेगा। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सामग्री की डिलीवरी में कम से कम दो सप्ताह लगेंगे। यानी नवंबर के तीसरे सप्ताह तक सर्जरी शुरू होने की उम्मीद है।

मरीजों की मजबूरी : प्राइवेट अस्पताल में 3-5 लाख का खर्च

एसीआई में हार्ट सर्जरी बेहद कम खर्च में होती है। एक वॉल्व की सर्जरी में करीब डेढ़ लाख, दो वॉल्व में ढाई लाख रुपये आते हैं। लेकिन प्राइवेट अस्पतालों में बायपास सर्जरी के लिए 3 से साढ़े 3 लाख, जबकि दो वॉल्व की सर्जरी के लिए साढ़े 4 से 5 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। अधिकांश मरीज गरीब और मध्यम वर्ग के हैं, जिनके लिए यह राशि जुटाना असंभव है। रोजाना दर्जनों मरीज एसीआई पहुंचते हैं, लेकिन सामग्री नहीं होने की वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ता है। कई मरीजों ने बताया कि मजबूरी में प्राइवेट अस्पताल का रुख करना पड़ा, जहां इलाज का बोझ परिवार पर भारी पड़ रहा है।

साई दर्शन आवासीय जोरा समिति परिसर में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई आंवला नवमीं

रायपुर/ नवप्रदेश। साई दर्शन आवासीय जोरा समिति परिसर में आज सभी महिला मंडल ने सामूहिक रूप से आंवला नवमी का पूजन एवं आयोजन किया।महिला मंडल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह दिन भगवान विष्णु की भक्ति एवं आंवले के पूजन का विशेष दिन माना जाता है।हिंदू धर्म में आंवला नवमी का अत्यंत शुभ और पावन महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है तथा आंवले के वृक्ष की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।

छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित : आंदोलनकारी शामिल हुए समारोह में

रायपुर/ नवप्रदेश। त्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्ष में 26वें रजत जयंती राज्योत्सव के दूसरे दिन राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी ने विधि-विधान से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। कार्यक्रम राज्य आंदोलनकारी स्थल, छत्तीसगढ़ी भवन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह मार्ग, हांडीपारा में शाम 4 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत ÷अरपा पैरी के धार÷ से हुई, जिसे प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन एवं भावेश कुमार देवांगन ने प्रस्तुत किया। महानगरपालिका अध्यक्ष हेमा फनिंद्र महमल्ला, रितु महंत, प्रभा दुबे, महिमा दुबे, नीलम दुबे, दीक्षा दुबे ने पूजा-अर्चना की। छसपा अध्यक्ष अनिल दुबे, दाऊ जी. पी. चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, अशोक कश्यप, ठाकुरराम सिन्हा, शिवकुमार ताम्रकार, रघुनंदन साहू, सतीश दुबे, अशोक यादव, आदर्श चंद्राकर, संतोष श्रीवास सहित सैकड़ों आंदोलनकारियों ने 26 दीप जलाकर आरती उतारी। चार किसान नेताओं को साल-

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छात्रा ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

रायपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कोरबा जिले के एनएसएस की छात्रा कुमारी लेखनी साहू ने आज राजभवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने लेखनी साहू के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुमारी लेखनी साहू को विगत 6 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। सुश्री लेखनी ने समाज

आवारा कुत्तों के मैनेजमेंट में निगम को जारी करना होगा हेल्पलाइन नंबर

रायपुर/ नवप्रदेश। शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या और इसी के साथ डॉग बाइट के बढ़ते मामले को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग ने 31 अक्टूबर को निर्देश जारी कर दिया। इसमें मुख्य रूप से इस प्रकार के कुत्तों की आक्रामकता को देखते हुए कोई नागरिक इसकी सूचना देना चाहें तो इसके लिए निगम को अब एक हेल्पलाइन नंबर जारी करना होगा। वहीं आक्रामक कुत्तों को बधियाकरण करने के बाद उसे वापस उन्हीं जगहों में छोड़ने के बजाय शेल्टर हाउस में रखने का आदेश अवर सचिव अजय तिर्की ने दिया। इसके ठीक विपरीत नगर निगम के जोन-8 कमिश्नरी अंतर्गत सोनडोंगरी में बनाया गया डॉग शेल्टर हाउस 10 महीने बाद भी शुरू नहीं हो पाया। इस शेल्टर हाउस को चलाने के लिए एक एजेंसी को भी निगम ने ठेका दिया था। इस मामले में जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने बताया कि शेल्टर हाउस का कुछ काम अधूरा था, वह पूरा कर लिया गया है। अभी यहां

वेटनरी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हुई, इसीलिए एजेंसी काम शुरू नहीं कर रही है। जारी आदेश में प्रदेश के सभी निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में इस प्रकार के कुत्तों के लिए एक चिन्हांकित भोजन स्थान स्थापित कर वहां साइनेज लगाने भी

कहा गया। उन जगहों को छोड़कर अन्य किसी दूसरी जगह कुत्तों को एकत्रित कर बिस्किट या अन्य खाना दिये जाने पर नगरीय प्रशासन विभाग की हेल्पलाइन निदान 1100 में भी शिकायत दर्ज कराने कहा गया है।

छत्तीसगढ़ सहित 35 राज्यों से दायर थी याचिका

आवारा कुत्तों के कारण देश के विभिन्न राज्यों में लगातार बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले को देखते हुए छत्तीसगढ़ सहित 35 राज्यों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका जारी की गई थी। 28 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में 'शहर आवारा कुत्तों से परेशान, बच्चे चुका रहे कीमत' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें मुख्य रूप से इसे संज्ञान में लेकर याचिका दायर की गई थी।

प्रदेश में हैं 3 लाख से अधिक आवारा कुत्ते

नगरीय प्रशासन विभाग से जारी निगमों के लिए आदेश में बताया गया है कि प्रदेश में अभी लगभग 3 लाख 94 हजार 686 स्ट्रीट डॉग्स है। इनके जन्म को नियंत्रित करने लगातार कराये जा रहे बधियाकरण के बावजूद वर्ष 2018 से 2025 तक 33 हजार 496 कुत्तों की नसबंदी और एंटीरैबीज टीकाकरण किया गया।

कोडार डैम में वॉटर एक्टिविटी कैंप में 300 कैडेट्स ले रहे ट्रेनिंग

रायपुर/ नवप्रदेश। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय की ओर से कोडार डैम में मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट और कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। लखौली कैंप साइट में राज्य के लगभग 300 कैडेट्स नौसेना एनसीसी कैंप में ट्रेनिंग ले रहे हैं। जिसमें एमपी-सीजी एनसीसी के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल विक्रांत एम. धुमने ने कैडेट्स को संबोधित करते कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सशक्त हुए व्यक्तित्व विकसित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कैडेट्स द्वारा की जा रही साहसिक एक्टिविटी जैसे बोट पुलिंग, सेलिंग और जल क्रीड़ा अभ्यासों को देखकर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस ट्रेनिंग के अलावा कैडेट्स को सामाजिक अभियान जैसे स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्त अभियान, स्वच्छ भारत अभियान और रक्तदान में भी हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

विद्युत विभाग के पास जन सहयोग साप्ताहिक स्वच्छता अभियान में पूर्व नपा अध्यक्ष हुए शामिल

कांकेर / नवप्रदेश। जन सहयोग समाज सेवी का साप्ताहिक सफाई अभियान में रविवार को विद्युत कार्यालय के समक्ष चलाया गया।जन सहयोग समाजसेवी संस्था के सफ़ाई के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर भी एकाएक वहां पहुंचकर फावड़ा उठाकर श्रमदान करने लगे।जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा अन्य सभी उपस्थित समाज सेवकों ने पूर्व अध्यक्ष का स्वागत करते हुए प्रसन्न हुए।पूर्व अध्यक्ष ने भी जन सहयोग के स्वच्छता अभियान तथा अन्य महत्वपूर्ण अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज सेवा के लिए हम हमेशा उपलब्ध हैं। आप लोग जब चाहे बुला लीजिए। आज विद्युत कार्यालय के बाहर वर्षों से जमे हुए कचरे को समाज सेवकों ने पूर्ण रूपेण साफ किया और वहां स्थित पुराने बोरिंग नल का भी उद्धार कर दिया।जहां लोग कचरे-मलबे के कारण पानी लेने जा नहीं पाते थे।पूर्व पालिकाध्यक्ष की तरह पुराने समाज सेवक संत कुमार रजक बीमारी से स्वस्थ होकर 1 वर्ष पश्चात आज स्वेच्छा से सफाई अभियान में पहुंच गए और श्रमदान भी किया। नगर निवासियों द्वारा प्रशंसित आज के इस अभियान में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर के अलावा भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन धर्मेंद्र देव जितेंद्र प्रताप देव उद्यान विकास अधिकारी, आरबीएस बघेल ओमकार देव करण नेताम संजय कुंजाम तथा संत कुमार रजक आदि वरिष्ठ समाजसेवियों ने अत्यंत सक्रियता के साथ भाग लिया।

एक लाख की नकली बीड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार

काँकेर / नवप्रदेश। कांकेर मुख्यालय में में खाद्य पदार्थों के एक्सपायरी समान दुकानों में बेचे जाने की खबर सुना था। लेकिन ज़िला मुख्यालय में नामी कंपनी की एक लाख की नकली बीडी का मामला सामने आया है। जिसे शहर का व्यापारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।नकली बीडी शहर में बेचे जाने की जानकारी खुद बीड़ी कंपनी के मैनेजरो द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आकर जांच करते हुए स्वरूप चोपड़ा पिता गौतम चोपडा निवासी श्यामा नगर को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से कुल 10105 नकली बादशाही गोला/बीड़ी के पैकेट/कट्टा को किया गया बरामद किया गया है नकली बादशाही गोला/बीड़ी का कुल कीमत लगभग 01 लाख रूपये आंकी गई है।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार स्वरूप चोपड़ा बड़े लंबे समय से इस धंधे को अंजाम देते आ रहा है। इतना ही नहीं शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी नकली गोला/बादशाह बीड़ी को खपाया गया है। लेकिन पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद बीड़ी को जब्त किया है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहर में अब भी नकली बीडी का सेवन लोग कर रहे हैं ऐसी जानकारी मिल रही है। नकली बीडी की कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष नागर उनि दयालू साहू उनि सुरेन्द्र मानिकपुरी आरक्षक लोकेश पोटाई राकेश बघेल देवदत्त कडियाम एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी का अहम भूमिका रहा है।शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नकली बीडी की जांच से उठेगा राज़....बता दें कि समय समय पर खाद्य औषधि अधिकारी एक्सपायरी समान की जांच किया जाता है। लेकिन एक लाख की नकली बीडी का भांडा फूटने के बाद हर कोई कयास लगा रहा है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर नकली बीडी की सप्लाई किया जाने के बाद आरोपी से कड़ाई से पूछताक्ष किया जाना चाहिए कि शहर के आसपास के गांव के किस दुकानों में और शहर के किस किस दुकानों में नकली बीडी की सप्लाई किया गया है ताकि नकली बीडी के सेवन से कोई हताहत ना हो जाए हालांकि जिला प्रशासन इस मामले को हल्के में लेकर कार्यवाही ठंडे बस्ते में डाल देने की चर्चा जोरो पर है।

शा.प्रैक्टिसिंग स्कूल के बच्चों ने जाना आपात स्थितियों में बचने व बचाने के तरीके...

काँकेर / नवप्रदेश।शा.प्रैक्टिसिंग स्कूल मांझापारा कांकेर में आग से संबंधित आपात स्थितियों में बचने व बचाने के तरीकों को छात्रों को संबोधित करते आग से सुरक्षा की आवश्यकता और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख सीनियर फायर मेन व अग्नि शमन केंद्र प्रभारी शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा आग के विभिन्न प्रकार व उनके कारण आग लगने से बचने के उपाय व आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, आग लगने की स्थिति में सही कार्रवाई करने के तरीकों की जानकारी व आग से संबंधित चोटों का प्राथमिक उपचार कैसे करें आदि की जानकारी दी। साथ ही अग्नि सुरक्षा दल द्वारा छात्रों को अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) का सही तरीके से उपयोग करने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। सभी ने मिलकर फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग किया और सही तरीके से आग बुझाने का अभ्यास किया गया जिसमें स्कूल प्राचार्य साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में शामिल हुए!

विभाग के अधिकारी केवल उपकरण खरीदी में दिखा रहे है दिलचस्पी, योजना की राशि में बंदरबाट, लैब में जांच संबंधी सेवाएं ठप

जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आदिवासी भुगत रहे

■ **जिला अस्पताल नारायणपुर में घटती अभिकर्मक आपूर्ति से ठप हुई पैथोलॉजी जांचें, मरीज बेहाल**

नारायणपुर / नवप्रदेश।। जिला अस्पताल नारायणपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। शासन एवं प्रशासन द्वारा अभिकर्मक की आपूर्ति घटाए जाने के कारण अब अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में अधिकांश जांचें ठप हो गई हैं। वर्तमान में केवल हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, ब्लड ग्रुप और यूरिन टेस्ट जैसे कुछ सीमित परीक्षण ही किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जहां पहले जिला अस्पताल में 100 से अधिक प्रकार की जांचें प्रतिदिन की जाती थीं, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र 8 से 10 जांचों तक सीमित रह गई है। अभिकर्मक की आपूर्ति प्रशासन और सीजीएमएससी द्वारा समय पर न किए जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।इस स्थिति का सीधा खामियाजा गरीब व आदिवासी मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें अब शहर के निजी पैथोलॉजी केंद्रों में जाकर महंगी दरों पर जांचें करवानी पड़ रही हैं। यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता का सीधा उदाहरण है, जो ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

वहीं दूसरी ओर, जिले के डॉक्टर भी पिछले 10 महीनों से लंबित वेतन और नक्सल प्रोत्साहन भत्ते की मांग को लेकर विरोध जता रहे हैं। एक ओर मरीजों को दवाएं और जांच सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है।

इन हालातों ने जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है और यह बड़ा सवाल खड़ा करता है कि सरकारी फंड आखिर जा कहां रहा है?

क्या प्रशासन और शासन के बीच की यह लापरवाही आम जनता की जान पर भारी पड़ रही है?

नारायणपुर जैसे संवेदनशील और आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की यह दुर्दशा न केवल शासन की नीतिगत विफलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान न देने की कीमत आखिरकार आम जनता को चुकानी पड़ रही है।

हर बाजार में पहुंच रहे खिलाड़ी, मुर्गा बाजार में जुआ की सजाई जा रही महफिल

मुर्गा बाजार में रोज लग रहा लाखों का दांव... खुडखुड़ी वाले भी बेखौफ होकर खिला रहे जुआ

■ **मनोरंजन के खेल को जुआ के बाज़ार में तब्दील बेझिझक लाखों का दांव**

मुर्गा बाजार की आड़ में लाखों का दांव, पुलिस को भनक तक नहीं!

कांकेर / नवप्रदेश। मुर्गा बाजार जो एक मनोरंजन का साधन था। अब वो लाखो के जुआ बाजार में तब्दील होने की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 30अक्टूबर की प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। और सबसे चौंकाने वाली बात हमने अपने सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह बताया था कि मुर्गा बाजार में लाखों के जुआं बाजार में सरकारी अधिकारी कर्मचारी लाखो के जुआ का दांव लगाते आसानी से देखे जा सकते हैं।नवप्रदेश की खबर के बाद मुर्गा बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में आज भी मुर्गा बाजार में लाखो रुपए का दांव लगाने वाले खुलेआम पुलिस को चुनौती देते नज़र आ रहे हैं!

दो महीने पहले पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही.. फिर भी बेखौफ जुआं सट्टा खुडखुड़ी का बाजार चालू!!

बता दें कि जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेक्सला ने जुआं सट्टा खुडखुड़ी अवैध शराब गांजा नशीली मेडिकल दवाओं के खिलाफ़ मुहिम चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। लेकिन कुछ हद तक पुलिस कार्यवाही से अवैध कार्यों में अंकुश लगा है। लेकिन पुनः मुर्गा बाजार में लाखो का जुआ मुर्गा बाजार के निकट ही सरोना दुधावा नरहरपुर के

खुडखुड़ी खिलाने वाले बेखौफ होकर जुआं का कारोबार फल फूल रहा है। जिसके बाद कयास यही लगाया जा रहा है कि आखिर पुलिस के ताबड़तोड़ कार्यवाही के बावजूद इन अवैध कार्य किसके संरक्षण मिल रहा है पुलिस इन बेखौफ जुआरियों खुडखुड़ी सट्टा खिलाने वालो पर ठोस कदम या कड़ी कार्यवाही कब करेंगी जो शहर में चर्चा जोरो पर है!!

मुर्गा बाजार में बाहर से आकर जुआं की महफ़िल सजा रहे पुलिस की खुफ़िया तंत्र भी फेल!......

आदिवासी अंचल में शौक के तौर पर मुर्गा बाजार का संचालन होता था लेकिन जुआरियों ने मनोरंजन के खेल को जुआ में तब्दील कर दिया है।इस खेल को खेलने बेझिझक बाहर राज्यों के अलावा कांकेर के पड़ोसी जिले से लाखो के दांव लगाने वाले पूरी तैयारी से पहुंचते है।

इसके अलावा बहाने बाज अधिकारी कर्मचारी भी इस खेल में शामिल होकर खुलेआम जुआं की महफ़िल में हार जीत का दांव लगाते देखे जा सकते हैं!

मुर्गा बाजार के इर्दगिर्द ही सरोना दुधावा नरहरपुर लखनपूरी के खुडखुड़ी खिलाने वाले भी सक्रिय होकर जुआं के बाज़ार को रंगीन करने में कोई कोरी कसर नहीं छोड़ते दिखते हैं।इसके बाद भी पुलिस की कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं ?

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम.....

पैराडाइज स्कूल में डॉ प्रतिभा ने दी वैदिक गणित का प्रशिक्षण

काँकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज सीबीएसई.हायर सेकेण्डरी स्कूल मे एक नवंबर को सी.बी.एस.ई. रिर्सोस पर्सन डॉ. प्रतिभा धनेश शेरवानी द्वारा पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में गुणन तालिका लिखने के लिए कुछ तरकीबें, वैदिक गणित, गणित शिक्षण में विभिन्न रंगों एवं विभिन्न आकृतियों और आकारों का उपयोग प्रभावशाली शिक्षण में शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग, सभी विषयों का एक ही टी.एल.एम का उपयोग कर शिक्षण करना एवं विभिन्न गतिविधियों द्वारा गणित विषय को सरल एवं व्यवहारिक ढंग से पढ़ाने एवं अभ्यास करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक था। गणित शिक्षण का कुछ शॉर्ट कट ट्रिक एवं फॉर्मूले के उपयोग के बारे में बताया गया। डाईस, पेपर पीस के माध्यम से एक्टिविटी कर छात्रों में जिज्ञासा कैसे बढ़ाये, कविता, नाटक का प्रयोग कर छात्रों को पढ़ने में शिक्षक उत्सुकता कैसे बढ़ाये आदि बहुत सारी शिक्षण प्रविधि के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम पैराडाइज स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, छत्तीसगढ़ राज्य गीत गाकर मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा रंगोली बनाई गई एवं छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य किया गया।

जहरीले सांप ने काटा, इलाज से बच्चे की हो रही रिकवरी

नारायणपुर / नवप्रदेश। नारायणपुर ज़िले के बड़ेजम्हरी गांव में 17 वर्षीय एक बालक को उस समय ज़हरीले साँप ने काट लिया जब वह सुबह लगभग 7:30 बजे अपने घर के पास था, तत्पश्चात लगभग 11:30 बजे उसे जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया ।साँप के काटने के कुछ ही समय बाद उसकी स्थिति बेहद गंभीर हो गई – लगातार उल्टियाँ, तेज़ साँस फूलना, SpO_2 स्तर 60-65प्रतिशत तक गिर जाना, फेफड़ों में पानी भर जाना, आँखों का ऊपर की ओर घूमना और मुँह से झाग निकलना – यह सब मिलकर उसकी जान के लिए खतरे की घंटी बजा रहे थे।परिवार और ग्रामीणों को उसकी जीवित बचने की कोई उम्मीद नहीं थी, मगर किस्मत ने कुछ और ही लिखा था। जिला अस्पताल नारायणपुर के आईसीयू में भर्ती इस बच्चे ने तीन दिनों तक मौत से जंग लड़ी और आखिरकार ज़िंदगी ने जीत दर्ज की।

इस कठिन केस को डॉ. हिमांशु सिन्हा , डॉ धनराज सिंह और उनकी सक्षम आईसीयू टीम ने पूरी निष्ठा और तत्परता से संभाला। टीम में हेड नर्स मनीषा सरकार के साथ नर्सिंग स्टाफ मोहिता, मंजुलता , लता, सरस्वती, बंटी, योगीनंद, दममो और दिलीप का विशेष योगदान रहा। साथ ही वार्ड बॉय फागू ने भी लगातार तीन दिनों तक मेहनत कर बच्चे की देखभाल में अहम भूमिका निभाई। तीन दिन तक चले संघर्ष के बाद जब बच्चे ने मुस्कुराते हुए आँखें खोलीं, तो मानो अस्पताल में ज़िंदगी ने मौत पर विजय प्राप्त की हो। परिवार के लोगों ने डॉक्टरों और नर्सों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद भोंयर ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा – हमारी टीम हर गंभीर मरीज की देखभाल पूरी जिम्मेदारी और समर्पण से करती है। पहले अस्पताल की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए थे, लेकिन ऐसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि जिला अस्पताल नारायणपुर में आज भी मानवता और सेवा सर्वोपरि है ।

विद्यार्थियों को टेलीकॉम ट्रेड में शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कलगांव अंतागढ़ का भ्रमण कराया गया

अंतागढ़ / नवप्रदेश।टेलीकॉम के विद्यार्थी को औद्योगिक भ्रमण में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कलगांव अंतागढ़ आज दिनांक 31/10/2025 को शहीद राजेश पावर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ के विद्यार्थियों को टेलीकॉम ट्रेड में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कलगांव अंतागढ़ जिला उत्तर बस्तर का भ्रमण कराया गया इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों को प्रायोगिक जानकारी उपलब्ध कराना है ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार खांडेकर ने अपने ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में इलेक्ट्रिशियन व कोपा व्यवसाय में बच्चों को वर्कशॉप में ले जाकर समझने के लिए कहा गए इलेक्ट्रिशियन के प्रशिक्षण अधिकारी तरुण साहू सर के द्वारा बच्चों को बेसिक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इलेक्ट्रिकल मशीन के बारे में बताया गया संस्था के कोपा व्यवसाय प्रशिक्षक अधिकारी समीर देवांगन सर के द्वारा कंप्यूटर के विभिन्न भाग सी पी यू. की बोर्ड ,माउस , मदर बोर्ड , मॉनीटर के बारे में बच्चों को बताया। तथा भविष्य में आप व्यवसायिक में आगे औद्योगिक संस्था में कैसे कार्य करेंगे और बच्चों के द्वारा सर से प्रश्नोत्तरी भी किया गया जिनका बच्चों को सरलतापूर्वक उत्तर प्राप्त हुआ।

प्रथम पेज का शेष

एक्सरसाइज 'त्रिशूल' : तीनों ...

आत्मनिर्भरता व नवाचार। 'त्रिशूल' अभ्यास भारत की सामूहिक सैन्य शक्ति, आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना का जीवंत उदाहरण है। यह एकता में निहित शक्ति का सशक्त प्रतीक है, जो राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की अटूट रक्षा का संकल्प दोहराता है। इस अभ्यास का संचालन मुख्यालय पश्चिमी नौसेना कमान द्वारा तीनों सेनाओं के घनिष्ठ समन्वय से किया जा रहा है। यह अभ्यास गुजरात और राजस्थान के क्रीक व मरुस्थलीय क्षेत्रों में हो रहा है। बड़े पैमाने पर स्थलीय अभियानों के साथ-साथ उत्तरी अरब सागर में व्यापक समुद्री और उभयचर अभियान भी इसमें सम्मिलित हैं। इस अभ्यास में थलसेना की साउदर्न कमान, नौसेना की वेस्टर्न कमान, और वायुसेना की साउथ वेस्टर्न एयर कमांड मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही भारतीय तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं, जिससे अंतर-एजेंसी समन्वय और संयुक्त संचालन क्षमता को और सुदृढ़ किया जाएगा।

अभ्यास का प्रमुख उद्देश्य तीनों सेनाओं के संचालन प्रक्रियाओं का सत्यापन एवं समन्वय करना है। यहां मल्टी डोमेन वातावरण में प्रभावी संयुक्त अभियान संचालित करने का अभ्यास किया जा रहा है। इसके तहत तीनों सेनाओं के प्लेटफॉर्म और बुनियादी ढांचे के बीच इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। यह नेटवर्क एकीकरण को भी मजबूत करेगा। विभिन्न डोमेन जैसे स्थल, वायु, समुद्र, अंतरिक्ष और साइबर में तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता को सुदृढ़ करेगा। नौसेना के मुताबिक इस अभ्यास में बड़े पैमाने पर नौसेना के युद्धपोत, वायुसेना के लड़ाकू एवं सहायता विमान, और थलसेना-नौसेना के उभयचर अभियानों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन अभियानों में नौसेना के लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक आईएनएस जलाश्वा और लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी पोत शामिल होंगे। साथ ही, अभ्यास में संयुक्त खुफिया निगरानी और टोही, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तथा साइबर युद्ध की रणनीतियों का भी परीक्षण किया जाएगा। वायुसेना के तटीय अड्डों के साथ मिलकर नौसेना के विमानवाहक पोत अभियानों का भी अभ्यास किया जाएगा। 'त्रिशूल-2025' के माध्यम से तीनों सेनाएं आत्मनिर्भर भारत के सिद्धांतों को मूर्त रूप देंगी। इसमें स्वदेशी प्रणालियों और तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही आधुनिक और भावी युद्ध के उभरते खतरों एवं स्वरूपों को ध्यान में रखते हुए संचालन प्रक्रियाओं के रिफाइनमेंट पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। त्रिशूल-2025, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के संपूर्ण एकीकृत संचालन के संकल्प को रेखांकित करेगा, जिससे संयुक्त युद्धक तत्परता और राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह अभ्यास न केवल सेनाओं की संयुक्त क्षमता का प्रदर्शन करेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता और सामूहिक रक्षा शक्ति का भी सशक्त प्रतीक बनेगा।

राजद ने कांग्रेस की कनपटी...

नहीं कर सकते हैं। राजद पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷एक तरफएनडीए का सुशासन है और दूसरी तरफ 'जंगलराज' का कुशासन है। 'जंगलराज' वह अंधेरा था, जिसने बिहार को धीरे-धीरे खोखला कर दिया। राजद के जंगलराज की पहचान जिस चीज से होती है, वह 'कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुसंस्कार, कुशासन और करप्शन' है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में राजद 'जंगलराज' लाई और तुष्टिकरण की राजनीति की, जबकि कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से जुड़ी है। 1984 में 1-2 नवंबर को कांग्रेस के लोगों ने सिख नरसंहार किया था। आज की कांग्रेस, सिख नरसंहार के गुनहगारों को पूरे सम्मान के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस हो या राजद, इन्हें अपने पाप का कोई पछतावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में जुटी हैं। ये लोग बिहार में घुसपैठियों के समर्थन में यात्राएं कर रहे हैं। ये लोग घुसपैठियों को बचाने के लिए तन-मन से जुटे हैं।

केस जीतने से ज्यादा ...

कि मैं अति आत्मविश्वास में भी एक केस हार गया था, तब से मैंने नोटबुक रखना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हर वकील को खुद से यह सवाल करना चाहिए कि क्या मैंने तैयारी ठीक से की थी? क्या मेरी दलीलें पर्याप्त थीं? उन्होंने कहा कि हर फैसला सिर्फएक केस नहीं, बल्कि सौ और मामलों के लिए रास्ता तय करता है।

सूर्यकांत ने कहा कि 15 साल की प्रैक्टिस के बाद आप यह सवाल खुद से पूछेंगे कि क्या मेरे केस में आने वाला जजमेंट आगे के 100 केस को हल करने में सहायता करेगा। याद रखिए कि हर क्लाइंट आपके पास केस लेकर आता है, पर कुछ केस किस स्तर के हैं, यह सोचने पर मजबूर करेगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि जब वर्ष 2023 में उन्हें विश्वविद्यालय का विजिटर नियुक्त किया गया था, उस समय यहां ऑडिटोरियम नहीं था। उन्होंने बताया, मेरे सुझाव पर विश्वविद्यालय को यह ऑडिटोरियम मिला है, और आज यह 2200 सीटों की क्षमता वाला भव्य सभागार बनकर तैयार है।

उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि पिछले वर्ष फ्लाइट में देरी के कारण वे समारोह में शामिल नहीं हो सके थे, लेकिन इस बार समय पर पहुंचकर बेहद प्रसन्न हैं। जस्टिस नाथ ने छात्रों से कहा कि समाज के लिए कोई भी कार्य करेंगे तो भीतर से संतोष और प्रसन्नता स्वतः प्राप्त होगी।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार भंसाली ने कहा कि विधि का क्षेत्र समय के साथ अनेक महत्वपूर्ण सबक सिखाता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वर्षों की कार्यप्रणाली ने मुझे यह सिखाया है कि मौन की आदत विकसित करना न्यायिक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जस्टिस सूर्यकांत एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि किसान का बेटा भी देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को हाल ही में तीन 'सेंटर ऑफएक्सीलेंस' प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं और कई नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स भी स्वीकृत हुए हैं।

कैमरे में कैद हुआ ...

पहली बार देखने को मिला, जिसका कलर अलग है। जिसे देख कर सूचना स्नेक कैचर को दी गई। जितेंद्र सारथी ने समस्त जिलावासियों से अनुरोध किया है कि कोई भी सांप दिखने पर घबराए नहीं, थोड़ी हिम्मत के साथ धैर्य रखें और हमें सूचना दें। साथ ही सर्पदंश होने पर तत्काल जिला अस्पताल जाएं, सर्प दंश की सूचना रेस्क्यू टीम को भी देने का आग्रह किया ताकि रेस्क्यू टीम भी समय रहते मदद कुछ कर सके।

गांव में दिनदहाड़े ...

रहा है। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट हो चुकी है. अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर भालू की तलाश में जुट गए हैं.

निगम की टीम ने काटे तीन बड़े बकायेदारों के नल कनेक्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम की टीम ने जल कर और संपत्ति कर बकायादारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। राजस्व विभाग की टीम ने तीन बकाएदारों के नल कनेक्शन काट दिये। वार्ड 3 निवासी बेल्सी बाई / गुहा राम सोनी पर 39473 रुपए का टैक्स बकाया है। वार्ड 2 निवासी सुलोचना बाई/ मोहनलाल श्रीवास्तव पर 46,724 रुपए टैक्स बकाया है। वार्ड 45 निवासी जगदीश केवलतानी/ चोइथ राम पर 54,015 रुपए का टैक्स बकाया है। नोटिस देने के बावजूद बकाया टैक्स जमा न करने के कारण यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, निशांत यादव, रामखिलावन शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र धर्मकार, रुपेश नायक, सिद्धांत शर्मा और विवेक सालवनकर उपस्थित रहे। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा है कि जिन करदाताओं ने काफी समय से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम की सेवाओं का लाभ उठाने के साथ टैक्स न देना अनुचित है। निगम प्रशासन सख्त कदम उठाने से नहीं हिचकेगा। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

अमरूद तोड़ने को लेकर विवाद, जीजा के सिर पर सिलबट्टा मारकर हत्या

भिलाई/नवप्रदेश। अमरूद तोडऩे को लेकर हुए विवाद में साले ने अपने जीजा को सिलबट्टे से मार डाला। शनिवार 1 नवंबर को सुबह बोरसी इलाके में पंचशील सेक्टर सड़क 18 स्थित गोविंदराज के घर पर जीजा-साले में झगड़ा हो गया था।

विवाद के बीच साले ने सिलबट्टे से जीजा के सिर पर वार किया। घटना के बाद आरोपी साले ने खुद थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया।

सुबह करीब 10 बजे राजकुमार वर्मा अपने साले गोविंदराज के घर अमरूद तोडऩे पहुंचे थे। राजकुमार को गोविंदराज की पत्नी ने बाहर रहने कहा, लेकिन राजकुमार घर के अंदर चले गया। इससे गोविंदराज भड़क गया और दोनों के बीच तीखा विवाद होने लगा। हाथापाई शुरू हो गई। हाथापाई के बीच गोविंदराज घर के अंदर गया और सिलबट्टा लेकर राजकुमार के सिर पर वार किया। चोट लगने से राजकुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी गोविंदराज पद्मनाभपुर थाना पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आरोपी गोविंदराज को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक के भाई संजू ने बताया कि राजकुमार बोरिया गेट भिलाई के पास एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे।

राजकुमार और गोविंदराज के बीच जमीन बेचने के बाद पैसों के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। कहा जा रहा है कि इसी पुराने झगड़े के कारण मामूली बात पर साले ने जीजा की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी गोविंदराज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

न्यूज गैलरी

विधायक चंद्राकर ने देव उठनी एकादशी की शुभकामनाएं दी

भिलाई। देव उठनी एकादशी के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देव उठनी एकादशी का पर्व महत्वपूर्ण पर्व है। देव उठनी एकादशी के अवसर पर सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। यह पर्व हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे देव उठनी एकादशी के अवसर पर अपने घरों में पूजा-अर्चना करें और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करें।

सेक्टर 6 एरिया में 4 को नहीं होगी वाटर सप्लाई

भिलाई। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग पीएचई द्वारा 3 नवम्बर सोमवार को सेक्टर 6 पम्प हाउस परिसर की मेन फिलिंग लाइन में लीकेज सुधार के लिये मरम्मत कार्य किया जाएगा। मरम्मत कार्य के कारण 4 नवम्बर मंगलवार को सेक्टर 6 क्षेत्र में पानी सप्लाई बाधित रहेगी। नगर सेवाएं विभाग ने सेक्टर 6 क्षेत्र के सभी रहवासियों से सहयोग की अपील की है।

राम दरबार में आंवला नवमीं व गोपाष्टमी पर्व पर जुटे श्रद्धालु

दुर्ग। राम दरबार महिला समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट धमधा रोड स्थित राम मंदिर में पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ आंवला नवमी और गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक साथ मिलकर राम दरबार में राम जी के 108 मनका और हनुमान चालीसा का पाठ कर दीपदान किया गया। इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखते हुए महिलाओं को आंवला का एक-एक पौधा उपहार स्वरुप भेंट किया गया। आंवला पेड़ से जुड़े कहानी का पाठन कमलेश गोयल द्वारा किया गया। आंवला नवमी व गोपाष्टमी पर्व पर राम मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन गुंजायमान होते रहे। पूजा-अर्चना के बाद अन्नकूट का प्रसाद सामूहिक रूप से वितरित किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र का पैवेलियन बना राज्योत्सव का आकर्षण केंद्र

पर्यावरण संरक्षण, सीएसआर और राष्ट्र निर्माण में सेल के योगदान की थीम पर आधारित

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 में सेल-बीएसपी द्वारा स्थापित भव्य एवं आकर्षक पैवेलियन ने आगंतुकों और गणमान्य अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। राज्य गठन की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 1 से 5 नवम्बर तक अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव में बीएसपी की प्रस्तुति विशिष्ट पहचान दर्ज करा रही है।

राज्योत्सव के भव्य आयोजन में विभिन्न शासकीय विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और संस्थानों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के हैंगर 2 में स्थित पैवेलियन संख्या 13 में अपनी बहुआयामी उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाप्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी महाप्रबंधक, जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क जवाहर बाजपेयी उप प्रबंधक, जनसंपर्क शालिनी चौरसिया सहित जनसंपर्क विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बीएसपी का पैवेलियन तीन प्रमुख विषयगत जोन पर आधारित है, जो संयंत्र के राष्ट्र और समाज के प्रति विविधतापूर्ण योगदान को दर्शाता है।

प्रथम थीम में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति सतत प्रतिबद्धता के साथ ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में किये गए प्रयास को प्रदर्शित किया गया है।

द्वितीय थीम निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर गतिविधियों पर केंद्रित है, जिसमें ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और परिधीय एवं जनजातीय क्षेत्रों में बाल कल्याण के क्षेत्र में बीएसपी के सतत प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है।

तीसरा प्रमुख थीम राष्ट्र निर्माण में सेल भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमिका को समर्पित है, जिसमें देश के बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र में योगदान को विस्तार से दर्शाया गया है। इसमें भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत व अन्य युद्धपोतों और उपग्रह प्रक्षेपण यान हेतु उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात की आपूर्ति का उल्लेख किया गया है। आईएनएस विक्रांत का मॉडल और विस्तृत जानकारी वाला पैनल विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

राज्योत्सव 2025 के उद्घाटन के बाद से ही बीएसपी का पवेलियन भारी संख्या में आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। विभिन्न शासकीय विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया कर्मी पैवेलियन का अवलोकन कर प्रदर्शनों, सूचना पैनलों, सजावटी कट-आउट्स और प्रदर्शित फिल्म सामग्री की सराहना कर रहे हैं। पैवेलियन में बीएसपी के उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों के नमूने भी प्रदर्शित किए गए हैं। जनसंपर्क विभाग के अधिकारी आगंतुकों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का उत्साहपूर्वक विस्तार से समाधान कर रहे हैं।

जेपी सीमेंट का भिलाई-सतना प्लांट अब आईआरपी के नियंत्रण में

■ **400 कर्मचारी संकट में**

भिलाई/नवप्रदेश। ओडिशा स्थित कटक की एनसीएलटी खंडपीठ (राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण) ने भिलाई और सतना की जेपी सीमेंट प्रबंधन के खिलाफ आदेश जारी किया है। कोर्ट ने सीआईआरपी प्रक्रिया (कॉर्पोरेट इन-सॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रोसेस) पूरा करने के लिए आईआरपी (अंतरिम संकल्प पेशेवर) कंपनी सेक्रेटरी आशुतोष खेमानी को नियुक्त किया है।

भिलाई के प्लांट में 200 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत थे। लेकिन साढ़े तीन वर्ष पहले अचानक कंपनी में काम बंद हो गया। वर्तमान में करीब 180 कर्मचारी काम करते हैं। इस फैसले से सभी कर्मचारियों पर संकट आ गया है। सतना के प्लांट में करीब ढाई सौ कर्मचारी कार्यरत हैं। कोर्ट ने 15 अक्टूबर को आदेश जारी किया है। 28 अक्टूबर को आईआरपी ने प्लांट में कर्मचारियों के सहयोग से प्लांट का कब्जा ले लिया।

सतना स्थित प्लांट पर कब्जा ले लिया गया। आईआरपी के नियंत्रण में दोनों प्लांट रहेंगे। दोनों कंपनियों के अधिकारी और मैनेजमेंट अब कोई फैसला नहीं ले पाएंगे। जेपी सीमेंट प्लांट के खिलाफ एक लेनदार ने एनसीएलटी कोर्ट में आवेदन लगाया था। पूरे मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया है।

कंपनी के अधिकारी का कहना है कि कंपनी दोबारा शुरू होगी या बंद हो जाएगी या नई कंपनी अपने नियंत्रण में लेगी, इसका फैसला एनसीएलटी कोर्ट में ही होगा। बीते साढ़े तीन वर्षों से कंपनी में काम बंद है। कई कर्मचारी नौकरी छोड़कर चले गए हैं। कुछ लोगों को निकाल दिया गया।

आशुतोष खेमानी ने बताया कि प्लांट पर कब्जा लेने के बाद लेनदारों को अपना क्लेम जमा करने के लिए सूचना दी गई है। कंपनी पर करीब 100 करोड़ रुपए की देनदारी है। 7 करोड़ से अधिक की रकम सिर्फ भिलाई निगम को ही लौटाना है। कोर्ट में सिर्फ एक कंपनी ने आवेदन लगाया था। अब कंपनी के साथ लेनदेन करने वाली बाकी कंपनियों की जानकारी जुटाई जाएगी। फाइनेंशियल असेसमेंट से कंपनी की देनदारी का मूल्यांकन हो पाएगा। देनदारी चुकाने के साथ कंपनी को दोबारा शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

जेपी सीमेंट के अधिकारी राजेश सिंह के मुताबिक भिलाई और सतना जेपी सीमेंट लिमिटेड की शुरुआत 2010 में हुई थी।

राज्योत्सव आज से, कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन 2 नवम्बर से गंजपारा स्थित पुरानी गंज मंडी परिसर में किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज तैयारियों का निरीक्षण किया। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। राज्योत्सव के दौरान पार्किंग व्यवस्था, मंच निर्माण, साज-सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, फूड स्टॉल व विभागों द्वारा लगने वाले विकास कार्यों के 26 स्टॉलों की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, एसडीएम हितेश पिस्दा, नगर निगम दुर्ग कमिश्नर सुमित अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर रिसाली मोनिका वर्मा सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

पीएम मोदी से मिले शिक्षा मंत्री गजेन्द्र, प्रदेशवासियों को दी राज्योत्सव की बधाई

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर रायपुर शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने रायपुर विमानतल में आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर गजेंद्र यादव रायपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ अपने स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है। रजत महोत्सव का ये पर्व सिर्फ उत्सव नहीं, विकास की नई शुरुआत है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने प्रदेशवासियों को 1 नवम्बर राज्य उत्सव की शुभकामना देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव और 25 वे छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का उद्घाटन किया है। यह भव्य भवन नए छत्तीसगढ़ की सोच, शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। यह उस विकास यात्रा की पहचान है, जो भाजपा सरकार के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहां परंपरा और आधुनिकता, संस्कृति और प्रगति साथ-साथ चल रही हैं। नया विधानसभा भवन न केवल शासन का केंद्र बनेगा, बल्कि यह प्रदेश की लोकतांत्रिक चेतना और सशक्त भविष्य का प्रतीक भी होगा।

पशुओं को खुला छोड़ने पर होगी कार्यवाही

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकडऩे की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकडऩे का कार्य कर रहे हैं। पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। यहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था की गई है। खटाल संचालको द्वारा पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण पशु भटकते हुए सड़कों के बीच बैठ जाते है। नेशनल हाईवे होने के कारण भारी और दुपहिया वाहनों का आना-जाना होने और पशुओं के सड़कों पर बैठने के कारण वाहन चालकों के साथ दुर्घटना की संभावना रहती है। उडऩदस्ता दल रोज सुबह पशुओं को पकड़कर गौठान में छोडऩे का कार्य करेगा। नगर निगम प्रशासन ने सभी खटाल संचालकों से अपील है कि अपने पशुओं को खुला न छोड़ें। पशुओं के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर जवाबदेही खटाल संचालकों की होगी। निगम द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एकता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता में सहयोग करने की शपथ ली।

दुर्ग जिले की नीलिमा साहू बिहार कैडर में आईएएस बनीं

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के मतवारी गांव की नीलिमा साहू ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) परीक्षा में सफलता हासिल की है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यरत नीलिमा को केंद्र सरकार की अधिसूचना के बाद बिहार कैडर में आईएएस के रूप में शामिल किया गया है। नीलिमा साहू (45 वर्ष) का चयन नॉन-एससीएस कैटेगरी के तहत हुआ है।

नीलिमा के पिता भैया लाल साहू सेवानिवृत्त हेडमास्टर हैं। उनकी मां ढेलेश्वरी साहू गृहिणी हैं। नीलिमा ने अपनी प्राथमिक शिक्षा पैतृक गांव मतवारी में पूरी की। कक्षा छठवीं में उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई (दुर्ग) में हुआ। 10 वीं के बाद उन्होंने आंध्र प्रदेश के गुंटूर नवोदय विद्यालय से 11 वीं और 12 वीं की पढ़ाई की। साल 2000 में उन्होंने शासकीय डिग्री कॉलेज रायपुर से बीएससी की डिग्री प्राप्त की और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली चली गईं।

नीलिमा ने साल 2004-05 और 2007-08 में यूपीएससी और सीजीपीएससी दोनों परीक्षाओं में इंटरव्यू तक का सफर तय किया था, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया। बाद में उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में सफल होकर बिहार प्रशासनिक सेवा में शामिल हुईं।

नीलिमा के पति अमूल्य कुमार व्यवसायी हैं। उनका बेटा अगस्त्य कुमार कक्षा दसवीं में और बेटी अनाया कक्षा पांचवीं में पढ़ाई कर रही है। नीलिमा का गैर-राज्य सिविल सेवा के तहत यह पहला प्रयास था। उन्होंने पहले दो बार यूपीएससी में इंटरव्यू दिए थे, लेकिन चयन नहीं हुआ।

भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को जारी अधिसूचना में नीलिमा का नाम 2024 (नान एससीएस) चयन सूची में शामिल किया गया है। अब वे बिहार कैडर में आईएएस अधिकारी के रूप में अपनी नई भूमिका संभालेंगी।

उनकी इस उपलब्धि से ग्राम मतवारी में ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। नीलिमा का कहना है कि असफलता अंत नहीं होता। असफलता से सीखने का एक अवसर मिलता है। मन में ठान लिया जाए, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं रहती। नीलिमा ने बिहार सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों में कार्य किया। उन्होंने 25 सितंबर 2013 को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, आरा (भोजपुर) के रूप में पदभार संभाला। जहानाबाद जिला कल्याण अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण इकाई नोडल अधिकारी, जिला उर्दू प्रकोष्ठ एक्ट के तहत आंतरिक समिति की अध्यक्ष, जहानाबाद और विशेष कार्य पदाधिकारी, बापू टावर, महात्मा गांधी मल्टीमीडिया संग्रहालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार के इन पदों पर रही।

राज्योत्सव... 30 स्थानों पर लाउड स्पीकर से बजते रहे गौरा गीत, सुवा गीत, राउत नाच के गीत

वैशाली नगर विधानसभा के प्रमुख चौक चौराहों पर सुबह से गूंजते रहे छत्तीसगढ़ी गीत

भिलाईनगर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर आज वैशाली नगर विधानसभा के सभी प्रमुख 30 चौक-चौराहों पर छत्तीसगढ़ी गीत का प्रसारण सुबह से रात तक जारी रहा।

विधायक रिकेश सेन की पहल पर राज्य उत्सव के उपलक्ष्य में आज सुबह से हर चौक चौराहों पर छत्तीसगढ़ी गीतों के प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। लोगों ने गीतों को उत्साह के साथ सुना और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला और परंपराओं का स्मरण किया। विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ी गीतों के दिन भर प्रसारण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं और जीवन शैली की झलक इनमें मिलती है। छत्तीसगढ़ी गीत भक्ति, प्रेम और सामाजिक मूल्यों को दर्शाते हैं। 'गौरा गीत भगवान शिव और देवी दुर्गा के प्रति भक्ति व्यक्त करते हैं। 'सुवा गीत महिलाओं द्वारा करुण रस में गाए जाते हैं।

'पंडवानी महाभारत की कहानियों को एकल प्रदर्शन के माध्यम से बताती है। 'राउत नाच के गीत दीपावली पर गाए जाते हैं और इसमें भक्ति, हास्य और पौराणिक कथाएं शामिल होती हैं। आज विवाह गीत, सोहर गीत और बिहाव गीतों को सुनकर लोगों को जीवन के विभिन्न संस्कारों का सहज स्मरण हुआ है। आज प्रसारित गीतों में संत कबीर, रैदास और दादू के संदेशों को भी शामिल किया गया था, जो नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा देते है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोक गीत त्योहारों से गहराई से जुड़े हुए हैं। ये गीत प्रकृति, पशु-पक्षियों और ग्रामीण जीवन की एक झलक पेश करते हैं।

आज वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत रानी अवंती बाई चौक कोहका, भामा शाह चौक कोहका, हनुमान मंदिर चौक वार्ड-13, जुनवानी मॉल चौक वार्ड-1, स्मृति नगर चौक वार्ड-9, पंचमुखी हनुमान चौक वार्ड-3, नेहरू नगर चौक वार्ड-4, कोसानगर टोल प्लाजा वार्ड-5, मुख्य जुनवानी चौक वार्ड-1, बाजार चौक खम्हरिया वार्ड-1, घड़ी चौक सुपेला, गदा चौक, परदेशी चौक (बघवा मंदिर), श्री राम चौक पाँच रास्ता, मुख्य चौराहा वार्ड-17, शा. उच्च. माध्य. स्कूल चौक सुपेला, मौर्या टॉकीज चौक, कर्मा चौक, व्यंकटेश्वर टॉकिज के समीप स्थित चौराहा, राधिका नगर चौक, गणेश मंदिर मार्ग चौराहा, गणेश चौक सुपेला, लक्ष्मी नगर मार्केट वार्ड-16, रावण भाटा चौक सहित गोल मार्केट वैशाली नगर, कैम्प, कैलाश नगर के चौराहों पर ध्वनि प्रसारण यंत्रों के माध्यम से आज सुबह से छत्तीसगढ़ी गीत बजते रहे।

पद्मश्री कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे के नाम पर जेल तिराहा से पुलगांव रोड का नामकरण

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित एमआईसी की बैठक में कई फैसले लिये गए। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जेल तिराहा से पुलगांव चौक तक मार्ग का नामकरण कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के नाम पर करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हास्य कवि, साहित्यकार और विद्वान रहे, जिन्होंने राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वरिष्ठ साहित्यकार के नाम पर मार्ग का नामकरण करना पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय नगर निगम की उस भावना का प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों साहित्य, कला और संस्कृति को समान रूप से सम्मान दिया जाता है। बैठक में एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, शशि साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, गिरीश दीवान, आरके जैन, प्रकाश चन्द थावानी, दुर्गेश गुप्ता, रेवाराम मनु,आरके बोरकर सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने में रियायती दर पर शक्कर वितरण का शुभारंभ

कवर्धा/पंडरिया/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया, जिला कबीरधाम द्वारा अंशधारी किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कारखाने के अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर प्रति सदस्य 50 किलो शक्कर वितरण का शुभारंभ आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम रहे, जिन्होंने विधिवत शक्कर वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान अंशधारी सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदीपपुरी गोस्वामी, रविश ठाकुर (मंडल अध्यक्ष पंडरिया), फलित साहू, मुकेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, रविशंकर चंद्रवंशी, सुदर्शन साहू, जे.पी. साहू, परमेश्वर चंद्रवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल हुए। वहीं कारखाने की ओर से उत्तर कुमार कौशिक (प्रबंध संचालक), राकेश सिंह राजपूत (महाप्रबंधक), प्रशा. पी.बी. पटेल (महाप्रबंधक वित्त) एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कारखाना प्रबंधन के अनुसार ग्रामवार एवं क्षेत्रवार शक्कर वितरण की जानकारी पृथक से जारी की जाएगी, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे। रियायती दर पर शक्कर वितरण की इस पहल से अंशधारी कृषक सदस्यों में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह कार्यक्रम शासन की लोककल्याणकारी नीति और माननीया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मंशा के अनुरूप संपादित किया गया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलब्ध में बल्देव प्रसाद मिश्रा में जागरूकता अभियान लगया गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन पर श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा0पु0से0) के दिशा निर्देश पर श्री सरदार वल्लभ पटेल जयंती (राष्ट्रीय एकत दिवस) के अवसर थाना क्षेत्रान्तर्गत ''रन फॉर यूनिटी, पुलिस कर्मियो, स्कूली छात्राओ एवं नागरिको की सहभागिता से एक दौड, सरदार पटेल ये योगदान एवं राष्ट्रीय एकता पर शैक्षणिक स्थानो एंव अन्य सार्वजनिक स्थानो के माध्यम वाद विवाद एवं चित्रकला, संगोष्ठी/व्याख्यान, खेलकूद वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत श्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित करने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है। निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल राजनांदगांव सायबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं यातायात के तहत् चौपाल लगाया जाकर उपस्थित शिक्षकगण एवं छात्र एवं छात्रो को सायबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं यातायात के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर सायबर ठगी, नशा मुक्ति एवं यातायात के संबंध जागरूकता अभियान चलाया जाकर दिशा निर्देश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 दीपक जायसवाल, आरक्षक अतहर अली एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

निगम में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे। निर्देश के अनुक्रम में आज 31 अक्टूबर को नगर निगम सभागृह में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में आज 31 अक्टूबर शुक्रवार को आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया।

लाटरी के माध्यम से 12 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन

वर्षो से किराया में निवासरत परिवारों को मिला आवास

■ मोर मकान मोर आस के तहत अब तक 229 परिवारों को मिला स्वयं का आवास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज 31 अक्टूबर 2025 को नगर निगम सभागृह में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, आलोक श्रोत्री, पार्षद सर्वश्री कुलेश्वर ध्रुव, सेवक उईके व श्री सतीश साहू, सहायक अभियंता व सहायक नोडल अधिकारी सुश्री सुषमा साहू, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 12 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 217 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 4, रेवाडीह में 340 पूर्ण आवास में 1 व निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 7, इस प्रकार कुल 12 आवेदको के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 15 दिन के कार्य दिवस में आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा। महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा व श्री आलोक श्रोती ने आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मंशा कि प्रत्येक व्यक्ति के सर पर पक्की छत हो को साकार करने का कार्य इस योजना के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे महापौर श्री यादव जी कि भी यही मंशा है कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियो को स्वयं का आवास मिल सके। उन्होंने सभी हितग्राहियो से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर योजना का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर योजना के सी.एल.टी.सी श्री ललित मानकर व श्रीमती सोनम पालिया तथा विभागीय लिपिक श्री राजेन्द्र रामटेके,श्रीमती साधना यादव, श्रीमती किरण शुल्का एवं श्री देव हाथीबेथ सहित हितग्राही उपस्थित थे।

13 साल का हुआ बालोद, 27वें क्रम का जिला बना और तेजी से किया विकास

■ पर अब भी कुछ सपने पूरे होने हैं शेष

बालोद/नवप्रदेश। आज छत्तीसगढ़ राज्य अपना 25 वा स्थापना दिवस मना रहा है। इसी के साथ बालोद जिला भी 13 साल का हो गया है। 10 जनवरी 2012 को राजस्व जिले के रूप में दर्जा प्राप्त बालोद जिले में भी अब जिले के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार इन 13 सालों में हो चुका है। पर अभी भी कुछ सपने पूरे होने बाकी है। जिले के अनुरूप अभी भी कुछ सुविधाओं का मिलना शेष है। जिसके लिए राज्य की सरकार सहित स्थानीय जिला प्रशासन समय-समय पर प्रयास करती रही है तो वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी मुद्दा उठाए जाते रहे हैं। जिले के अनुरूप अब तक 13 सालों में बदले तस्वीर की अगर बात करें तो जिला बनने से पहले जो सुविधा नहीं मिल रही थी वह भी अब बखूबी तौर पर मिलने लगी है। शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली आदि मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए कई कार्य हुए हैं और आज जिला अपने नए स्वरूप में नजर आ रहा है।

एक समय बालोद नगर पालिका क्षेत्र सीमित दायरे में फैला हुआ था। लेकिन आज नए-नए वार्डो और बस्तियों का विकास हो रहा है। जिला मुख्यालय बालोद की बदलती तस्वीर भविष्य के लिए एक विकसित जिला की नींव साबित होगी। जैसा हम अपने आसपास के पड़ोसी जिले जैसे दुर्ग, राजनांदगांव और धमतरी को एक विकसित जिला के रूप में देखते हैं।

जिला बनने से हुए हैं कई फायदे पर अभी भी काम बाकी

बालोद के जिला बनने से स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है । हालांकि अभी भी यहां कुछ विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसके चलते मरीजों को गंभीर केस में रेफर करना पड़ जाता है।यहां जिला बनने के बाद 100 बिस्तर जिला अस्पताल और जच्चा बच्चा अस्पताल भी खुल गया। सरकार को यहां स्टाफ और संसाधन बढ़ाने पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा के क्षेत्र की बात करें तो काफी सुधार देखने को मिले हैं। पर कुछ उच्च शिक्षा को लेकर आज भी युवाओं को दूसरे जिले या बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है। तकनीकी शिक्षा की कमी नजर आती है । कृषि महाविद्यालय खोले जाने की मांग यहां वर्षों से है। जिसकी जिसके लिए कई जनप्रतिनिधि प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा बीएड डीएड कॉलेज की भी जरूर बनी हुई है।

रास्तों का हो रहा जिर्णोद्धार, ट्रैफिक समस्या हो रही दूर

जिला बनने के बाद बालोद मुख्यालय सहित आसपास गांव की सड़कों का जिर्णोद्धार भी देखने को मिला है। जिससे सड़के चौड़ी हुई। वर्तमान में बालोद शहर में भी डिवाइडर का निर्माण जारी है। बालोद शहर नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे से जुड़ा है।

4 नवंबर के बिजली आंदोलन की तैयारियों का लिया जायजा

प्रदेश संगठन मंत्री उत्तम जायसवाल का राजनांदगांव में भव्य स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन मंत्री उत्तम जायसवाल शुक्रवार को अपने प्रथम राजनांदगांव प्रवास पर पहुँचे। इस अवसर पर लोकसभा व जिला समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

श्री जायसवाल ने आगामी 4 नवंबर को होने वाले बिजली आंदोलन की तैयारियों का जायजा लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा। श्री जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। प्रथम चरण के संगठनात्मक कार्य पूर्ण हो चुके हैं और अब प्रत्येक विधानसभा में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिसे नवंबर माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि संगठन व आंदोलन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा ठोस कार्ययोजना बनाई गई है। प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत प्रतिदिन वर्चुअल मीटिंग लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं, जिससे पूरे प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी 4 नवंबर को बढ़ी हुई बिजली दरों और स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। हम भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से मांग करेंगे कि बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू किया जाए और बढ़े हुए दरों में तुरंत कटौती की जाए।

अवैध शराब परिवहन पर डोंगरगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

एक आरोपी गिरफ्तार, 40 पौवा देशी शराब और एक्टिवा स्कूटी जब्त

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव पुलिस ने अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा ÷शोले÷ ब्रांड देशी शराब तथा एक होंडा एक्टिवा स्कूटी जप्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 53,200 आंकी गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी लोकनाथ बेलदार पिता बिसेलाल बेलदार (उम्र 18 वर्ष), निवासी ग्राम आरी, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा।थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 30 अक्टूबर 2025 को क्षेत्र में गश्त के दौरान कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और पूछताछ की। आरोपी शराब रखने और बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब (कीमत ?3,200) तथा होंडा एक्टिवा स्कूटी (कीमत ?50,000) को जब्त करते हुए कुल ?53,200 की संपत्ति जब्त की। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 345/2025 दर्ज किया गया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में की गई।इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक कृष्णा पाटले (थाना प्रभारी डोंगरगांव), सहायक उप निरीक्षक देवकुमार रावटे, तथा आरक्षक जीतेश साहू और चन्द्रकांत सोनी की सराहनीय भूमिका रही।पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर सख्त निगरानी जारी है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दौड़ का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव से किया गया, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक पहुंची और पुनः हॉकी स्टेडियम में समापन हुआ।इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।राष्ट्रीय एकता दौड़ में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से महापौर श्री मधुसूदन यादव, श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह, श्री सचिन बघेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर (प्रभारी, क्रीड़ा शिक्षा विभाग), श्री ए.एक्का सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिकों ने भाग लिया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने ग्रामीण अंचल के बच्चों का किया उत्साहवर्धन

कवर्धा/नवप्रदेश। आज दिनांक 31.8.2025 को पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धर्मेंद्र सिंह जी थाना कुक दूर क्षेत्र अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल कुक दूर में जाकर स्कूल में हो रहे कबड्डी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया एवं उनके द्वारा भविष्य में पढ़ाई एवं करियर संबंधित निर्णय का मार्गदर्शन किया गया पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया गया कि किस प्रकार से केवल लक्ष्य निर्धारित करना ही महत्वपूर्ण नहीं होता है अपितु लक्ष्य हेतु निरंतर प्रयास करने का भी जीवन में बहुत महत्व है बगैर मेहनत के हम लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय धर्मेंद्र सिंह जी एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया श्री भूपत सिंह जी थाना प्रभारी पंडरिया नितिन कुमार तिवारी समस्त कुकदूर थाना स्टाफस्कूल प्राचार्य श्री रमेश श्चश्हह्लद्ग एवं समस्त स्कूल स्टाफउपस्थित रहे

वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफकार्रवाई

तीन आरोपी जेल भेजे गए

कवधा/नवप्रदेश। वन विभाग कवर्धा द्वारा वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन, उपवनमंडलाधिकारी पंडरिया श्री सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया (पूर्व) महेन्द्र कुमार जोशी के कुशल नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) एवं पंडरिया (पश्चिम) के वन अमले द्वारा संपन्न की गई।

जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत कोदवा परिसर के कक्ष क्रमांक पी.एफ 519 में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया था। इस संबंध में ग्राम नागाडबरा, तहसील कुकदूर निवासी सुखराम पिता फालू बैगा, बिरसू पिता फालू बैगा एवं मंगलू पिता लामू बैगा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20040/23 एवं 20040/24 दिनांक 17 अगस्त 2025 को पंजीबद्ध किया गया था।पूर्व में दर्ज प्रकरणों के आधार पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंडरिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों को 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

कार्रवाई की मांग | सरकारी संपत्ति की रक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई करेंगे और उदयाचल संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी :निगम

उदयाचल की मनमानी : निगम की दीवार तोड़ी, वार्डवासियों में नाराजगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव नगर निगम की एक दीवार को उदयाचल संस्था द्वारा तोड़ दिया गया है, जिससे वार्डवासियों में नाराजगी फैल गई है। वार्डवासियों का आरोप है कि उदयाचल संस्था द्वारा यह कार्रवाई बिना किसी अनुमति के की गई है और वे वार्ड के गार्डन को कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं।

वार्डवासियों ने किया हंगामा

वार्डवासियों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और उदयाचल संस्था की मनमानी के खिलाफनारेबाजी की। वार्डवासियों का कहना है कि वे अपनी जमीन और संपत्ति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं और उदयाचल संस्था के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं

उदयाचल संस्था की मनमानी

उदयाचल संस्था की मनमानी से वार्डवासियों में नाराजगी फैल गई है और वे अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वे सरकारी संपत्ति की रक्षा करने के लिए कड़ी कार्रवाई करेंगे और उदयाचल संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निगम की देखरेख में दिवार खड़ी

उदयाचल संस्था द्वारा तोड़ी गई दीवार को राजनांदगांव नगर निगम कमिश्नर जी के आदेश पर निगम की टीम द्वारा निगम की देखरेख में दीवार का निर्माण कराया जा रहा है

नगर निगम की चेतावनी

नगर निगम ने चेतावनी दी है कि सरकारी संपत्ति के साथ छेड़खानी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले की जांच करेंगे और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ में मनाया गया देवउठनी एवं राज्य स्थापना दिवस

बालोद/नवप्रदेश। 31 अक्टूबर शनिवार को ग्राम पंचायत लाटाबोड में 29 वर्षो से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी देवउठनी एकादशी पर्व एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष कश्वित साहू, उपाध्यक्ष हरिश्चंद साहू, सदस्य संतराम मंडावी, भेमेंद्र साहू, प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, गुहरी राम साहू पालक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। अध्यक्ष कश्वित साहू एवं उपाध्यक्ष हरिश्चंद साहू ने सभी को राज्य स्थापना दिवस एवं देव उठनी पर्व की शुभ कामना दिये। आचार्य लालजी तिवारी द्वारा मां तुलसी की विधिवत पूजा कराकर तेल हल्दी श्रृंगार करा कर पूजा अर्चना कराया गया। पूजा के बाद शंकर साहू द्वारा बनाये गये पंच नैवेद्य खिचड़ी का सभी स्टाप भैया बहनो एवं आसपास के लोगो ने आनंद लिए। अंत में समिति के द्वारा सभी को मिठाई देकर दीपावली की शुभ कामना दिये। उक्त कार्यक्रम मे जीतेन्द्र सिंदराम, देवेश बघेल, योगेन्द्र निषाद , श्रीमती कामीनी यदु , त्रिवेणी साहू , हरिप्रिया वैष्णव , मोनिका साहू , पद्मिनी निषाद , दामीनी साहू , मनीषा साहू , रेणुका मिश्रा , धनबाई , अश्विनी बघेल , खिलावन साहू रूपेंद्र साहू , बीरेंद्र साहू का योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

सिंधी समाज में आक्रोश झूलेलाल पर टिप्पणी का विरोध

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल भगवान के प्रति सोशल मीडिया पर अमित बघेल द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज सेवा समिति, मनेंद्रगढ़ ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की है। समिति के अध्यक्ष राजेश मंगतानी के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ पहुंचकर आवेदन सौंपा और आरोपी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं सदस्य दीपक थावरानी, मनोज ख्यानी, बल्लू छत्तानी, किशन गजवानी, दिलीप वाधवानी, निखिल छत्तानी, संजय रोचलानी, अमित तल्लानी, बंटी श्यामलानी, संजू वाधवानी, सुदामा छत्तानी एवं सौरभ थावरानी उपस्थित रहे।

रन फॉर यूनिटी में चैंबर ऑफ कॉमर्स की सक्रिय भागीदारी

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन आज पूरे एमसीबी जिले में उत्साहपूर्वक किया गया। 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में एस पी रत्ना सिंह मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चैंबर से पंकज जैन, संजीव ताम्रकार, विनय अग्रवाल, शारदा प्रसाद अग्रवाल, सौरभ ताम्रकार, जसपाल सिंह कालरा, सुशील बैद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

निधन रेखचंद कोशले

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरु अमरदास मेमोरियल ट्रस्ट के

कार्यकारिणी सदस्य, मुढ़िया पूर्व सरपंच रेखचंद कोशले उम्र 57 वर्ष का निधन हो गया है। दो बार सरपंच रहे रेखचंद कोशले 20 वर्षों से अमर टापू धाम में निरंतर सक्रिय रहकर अमर टापू धाम को विकसित बनाने योगदान दिया। गुरु अमरदास मेमोरियल ट्रस्ट के प्रमुख दुर्गा बघेल ने गहरा दुख जताया। श्री बघेल ने बताया रेखचंद कोशले का अंत्येष्टि कार्यक्रम कल 2 नवंबर उनके गृह ग्राम मुढ़िया में होगा। सभी सामाजिक बंधुओं से इस दुख की घड़ी में मृतात्मा की शांति के लिए उपस्थित रहने की अपील की है।

मुंगेली में अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन

विद्यालय विकास व छात्रों के सर्वांगीण उत्थान पर हुई विस्तृत चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में व्यवस्थापक एचआर भास्कर के मार्गदर्शन में अभिभावक-शिक्षक एवं प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अभिभावक एवं विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार साहू एवं पार्षद संजय चंदेल द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम ईश प्रार्थना के बाद समस्त अभिभावकों का स्वागत चंदन लगाकर किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने विद्यालय का प्रतिवेदन एवं विभिन्न गतिविधियों तथा विद्यालयीन समस्याओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों की उपस्थिति, टिफिन, पेयजल एवं जल संरक्षण, गणवेश, पुस्तक, स्वच्छता, अभिभावक संपर्क, वाहन, अपार आईडी, छात्रवृत्ति, आवासीय सुविधा, सीसीटीवी से निगरानी, निःशुल्क शिक्षा, गृहकार्य, कक्षा कार्य एवं कापी जांच तथा छात्रों की विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी एवं प्रशिक्षण के संबंध में अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए। अभिभावकों की उपस्थिति मात्र से विद्यालय विकास एवं शिक्षकों के थोड़ा सा मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से छात्रों की दिशा एवं भविष्य बदल सकती है। इसके लिए प्रबंध समिति दिन-रात प्रयास कर रही है। सुष्मिता बर्मन ने कहा कि व्हाटसअप ग्रुप के साथ-साथ कापी में

भी होमवर्क दिया जाये। जो बच्चे पढ़ नहीं पाते हैं ऐसे बच्चों को उच्चारण कर पढ़वायें। विद्यालयीन सुविधाओं जैसे पेयजल, बाथरूम की व्यवस्था में सुधार करें। सुनीता घृतलहरे ने बताया कि अंग्रेजी से हिन्दी माध्यम में परिवर्तन होने से बच्चे हिन्दी और अंग्रेजी दोनों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। रूखमणी नायक ने बताया कि उनके दो बच्चे पढ़ते हैं बच्चों को विद्यालय में अच्छी शिक्षा मिले कि बाहर ट्यूशन की आवश्यकता न पड़े। संस्कारों पर भी जोर दें। लालजी साहू ने कहा कि बच्चे पढ़ना-लिखना तो जानते हैं पर खुलकर किसी से बात नहीं कर पाते। प्रदीप बर्मन ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए ऐसा वातावरण बनायें कि छात्र-शिक्षक आपस में अंग्रेजी में बात करें। टेकचंद गेंदले ने कहा कि कमजोर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रमाकांत बंजारे ने बताया कि मेरे तीन बच्चे यहां पढ़ते हैं पढ़ाई से संतुष्ट हैं तभी तो 12 किमी दूर से रोज साइकल से आते हैं। सांवत चतुर्वेदी ने कहा कि जिस विश्वास से विद्यालय में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाये हैं उसी विश्वास को बरकरार रखने के लिए शिक्षक भी कड़ी मेहनत कर संस्कारवान और गुणवान बनाये जिससे कि हमारा और विद्यालय परिवार गौरवान्वित हो। वार्ड पार्षद एवं अभिभावक संजय चंदेल ने कहा कि हमारे बच्चों के लिए हिन्दी माध्यम के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है यह सराहनीय प्रयास है। रमेश साहू ने अपने बच्चों के अंग्रेजी और गणित विषय के कमजोरी को दूर करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय की शिक्षा, संस्कार एवं उपलब्ध सुविधाओं से हम सभी अभिभावक संतुष्ट हैं। जब भी विद्यालय याद करे हम सभी अभिभावक तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करेंगे। विद्यालय द्वारा जो निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है वह निश्चित रूप से हम मध्यमवर्गीय अभिभावकों के बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। इस प्रकार के कोचिंग आगे भी दिया जाना चाहिए। प्राचार्य आशा दिवाकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर कर सकते हैं। बच्चों के पढ़ाई, लिखाई, अनुशासन एवं संस्कार पर शिक्षकों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

दृष्टिबाधित दंपती की संघर्षगाथा बनी प्रेरणा, प्रधानमंत्री जनमन योजना से मिला आशियाना

मोदी के हाथों सम्मानित हुए पहाड़ी कोरवा

बलरामपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह का मंच उस समय तालियों से गूंज उठा, जब बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम गोविंदपुर (सरगढ़ी) के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के श्री कृष्णा पहाड़ी कोरवा को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कृष्णा और उनकी पत्नी दोनों दृष्टिबाधित हैं।

जीवन की चुनौतियों और सीमित संसाधनों के बीच भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वर्ष 2023-24 में उन्हें प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ। संकल्प और श्रम से उन्होंने उस आवास को स्वयं के प्रयासों से पूरा किया। आज वे अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ उसी घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन बिता रहे हैं। सम्मान प्राप्त करते समय कृष्णा पहाड़ी कोरवा के चेहरे पर गर्व और संतोष की आभा थी। मंच से उतरते हुए उन्होंने कहा हम दोनों

की आंखें नहीं हैं, पर सपने हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उन सपनों को घर का आकार दे दिया। अब हमारे बच्चों के सिर पर छत है और जीवन में आत्मविश्वास लौटा है। प्रधानमंत्री जी से सम्मान पाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनकी यह कहानी बताती है कि जब शासन-प्रशासन की योजनाएँ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचती हैं, तो वे उनका जीवन बदल देती हैं।

10,001 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के कुल 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। इनमें सरगुजा जिले के 10,001 हितग्राही भी शामिल रहे। सरगुजा जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत अम्बिकापुर में 2126, बतौली में 1082, लखनपुर में 2219, लुण्ड्रा में 1174, मैनपाट में 993, सीतापुर में 1165 तथा उदयपुर में 1242 ग्रामीण परिवारों ने अपने नए घरों में गृह प्रवेश किया।

डिप्टी सीएम साव ने 'मुंगेली व्यापार मेला-2025' के ब्राउशर का किया विमोचन

मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली व्यापार मेला-2025 के ब्राउशर का विमोचन किया। मुंगेली के त्यौहार के नाम से प्रसिद्ध यह भव्य आयोजन 25 नवंबर से 30 नवंबर तक छह दिवसीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी, मुंगेली के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उप मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा तथा मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का निवेदन किया।

इस पर श्री साव ने उद्घाटन में उपस्थित होने का आश्वासन देते हुए आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विमोचन के इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक रामपाल सिंह, सह-संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, तथा गौरव जैन उपस्थित रहे। पिछले नौ वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा मुंगेली व्यापार मेला अब दशवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह मेला जिले के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक विकास को नई दिशा प्रदान करने वाला प्रमुख आयोजन बन चुका है। इस वर्ष भी मेले में देशभर के प्रमुख उत्पादों, हस्तशिल्प, टेराकोटा, खादी ग्रामोद्योग, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग, हर्बल प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऑटोमोबाइल एवं लघु-कुटीर उद्योगों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही हर शाम परिवारों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजन से भरपूर झूला घर और स्थानीय कला-संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन मेले की विशेष आकर्षण रहेंगे।

भक्ति और आस्था के रंग में रंगी नगर की सड़कों पर गूंजे गुरू नाम के जयकारे

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में 1 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाली प्रभात फेरी प्रारंभ हो गई है। प्रतिदिन भोर में प्रभात फेरी गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कर गुरूद्वारे में जाकर संपन्न हो रही है। सिक्ख समाज द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिलायें, पुरूष एवं बच्चे भाग ले रहे हैं। सिक्ख समाज द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी पर पालकी में पवित्र पोथी के साथ ही महिलाओं और पुरूषों की टोलियां संकीर्तन करते हुए चलती है। आज सुबह प्रभात फेरी गोलबाजार, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा, पाठकपारा, इंदिरा चौंक होते हुए नगर गुरूद्वारा पर समाप्त हुई। फेरी में बड़ी संख्या में सेवादार रास्ते को बुहारते हुए अपनी सेवा भक्ति भी अर्पित करते हुए चल रहे थे। पालकी को खींचने का पुण्य लाभ भी बारी-बारी श्रद्धालुओं ने लिया। बड़ी संख्या में सिक्ख धर्म के अनुयायी संकीर्तन और गुरू नाम के जयकारे के साथ प्रभात फेरी में शामिल हुए। भोर की पहली किरण के साथ ही भक्तिमय माहौल बना रहा। गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व की खुशियों का भी संचार होता रहा। इस अवसर पर भजन मंडली के सदस्यों ने गुरू नाम का संगीतमय पावन संदेश देते हुए साथ-संगत को निहाल किया। प्रभात फेरी आस्था और भक्ति का केन्द्र बनी रही। रास्ते भर सेवादार गुरू चरणों में अपनी सेवा भक्ति भी अर्पित करते रहे।

प्रभात फेरी पूर्ण होने के बाद सेवादारों ने प्रसाद बांटा। पानी, शरबत और विभिन्न प्रकार के प्रसाद से प्रभात फेरी में शामिल सभी सेवकों का सत्कार किया। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से रणजीत सिंग सलूजा, स्वर्ण सिंग छाबड़ा, अमरिक सिंग छाबड़ा, रविन्द्र छाबड़ा, नरेन्द्र सिंग, गुरजीत सिंग मक्कड़, नवजीत सलूजा, हर्षित कौर सलूजा, भजनकौर छाबड़ा, जोगेन्द्रकौर सलूजा, अजीतकौर मक्कड़, जसबीरकौर छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में सिक्ख धर्म के लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सृष्टि को अनुकंपा नियुक्ति पत्र दिया



मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय हाईस्कूल लाखासार के दिवंगत शिक्षक स्व. अंजनी कुमार त्रिपाठी की पुत्री सृष्टि त्रिपाठी को जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत नियुक्त पत्र प्रदान किया और शुभकामनाएं दी।कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा मुंगेली द्वारा जारी आदेश के अनुसार अंजनी कुमार त्रिपाठी का शासकीय सेवा के दौरान निधन होने पर उनकी पुत्री सृष्टि त्रिपाठी ने अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया गया था।

साइबर अपराध से बचाव पर जिला स्तरीय संवाद, नागरिकों से जागरूक रहने की अपील

मनेंद्रगढ़ एम सी बी /नवप्रदेश। सेंट पैट्रिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय साइबर संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा (भा.पु.से.) एवं अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (भा.पु.से.), जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने कहा 'साइबर अपराध आज के डिजिटल युग की सबसे बड़ी चुनौती है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है – सावधानी और जागरूकता। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अज्ञात कॉल, लिंक या संदेशों पर भरोसा

न करें और अपनी बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने कहा कि 'साइबर अपराध से बचाव के लिए डिजिटल सुरक्षा के नियमों की जानकारी हर नागरिक के लिए आवश्यक है। जागरूक नागरिक ही साइबर अपराध के विरुद्ध सबसे सशक्त रक्षा कवच हैं। कार्यक्रम में साइबर अपराध पीड़ितों ने अपने अनुभव साझा किए, बैंक अधिकारियों ने सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के उपाय बताए और चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधियों ने व्यापारिक सतर्कता की अपील की। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज, एसडीओपी मनेंद्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, विजय सिंह, मनीष धुर्वे, टिकेश्वर यादव, साइबर सेल प्रभारी पुष्कल सिन्हा एवं उनके सहयोगी स्टाफ सहित जिलेभर के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। लगभग 400 नागरिक, विद्यार्थी, व्यापारी, बैंक अधिकारी एवं पत्रकारों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंगेली में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर मालार्पण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्योत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से की। इस दौरान उपस्थित सभी जनों ने ÷जय छत्तीसगढ़ महतारी÷ के जयघोष के साथ राज्य के गौरव और अस्मिता का सम्मान किया। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़

राज्य हमारी मातृभूमि की भावना को दर्शाता है, जिसकी संस्कृति, परंपरा और मेहनतकश जनता पर हमें गर्व है। पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने कहा कि यह दिन हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का प्रतीक है, क्योंकि राज्य गठन के बाद प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम में पूर्व मंडी सदस्य देवेंद्र वैष्णव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अभिलाष सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल रूपवानी, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पोखराज बंजारे एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जवाहर सोनी और चंदन टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की हार्दिक बधाई दी और प्रदेश की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। समारोह का समापन राष्ट्रगीत एवं जयघोष के साथ हुआ।

देवउठनी पर्व

एकादशी से शुरू हुए शुभ कार्य, बाजारों में पूजन सामग्री की रही जबरदस्त मांग

मुंगेली में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई देवउठनी एकादशी

मुंगेली/नवप्रदेश। देवउठनी एकादशी पर पूजन व तुलसी विवाह की रस्म आज शनिवार को मनाई गई। श्रद्धालुओं ने आज व्रत रखें। घरों-घर भगवान शालिग्राम एवं तुलसी का विवाह महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ किया। इसके लिए लोगों ने पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। रात्रि के समय घर में रखी बांस की बनी पुरानी टोकनी, सूपा, पंखा व पर्री जलाकर परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु अग्नि में चावल छिड़ककर भगवान का स्मरण करते रहे। देवउठनी एकादशी को माता तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम के साथ होने के कारण इस दिन को तुलसी विवाह के नाम से भी जाना जाता है। तुलसी चौरा के सामने घर-आंगन की लिपाई-पुताई कर रंगोली बनाया गया। तुलसी चौरा के सामने भगवान शालिग्राम की मूर्ति रखकर गन्ने का मंडप बनाकर घर की चौखट के चारों ओर दीप जलाकर अमरूद, बेर, चनाभाजी, सिंघाड़ा और नारियल कंद-मूल आदि रखकर तथा धूप-दीप जलाकर तुलसी विवाह संपन्न कराया गया। चातुर्मास के बाद देवउठनी एकादशी से ही देव जागते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार आज से ही शुभ कार्यो की शुरूआत होती है। शादी, गृह प्रवेश,

खरीदी बिक्री जैसे कार्यो के लिए इस दिन का विशेष तौर पर इंतजार रहता है। पं. दीनानाथ उपाध्याय ने बताया कि देवउठनी एकादशी के दिन से ही स्वर्ग में देव शयन से जागते हैं। इस दिन के बाद से विवाह का मुहूर्त शुरू हो जाता है। त्यौहार के पूर्व बाजार में लोगों की भीड़ देखी गई। इन दिनों पूजन में लगने वाले सामानों की बिक्री खूब हुई। गन्ना, चनाभाजी, बेर, सिंघाड़ा, अमरूद, बैगन, मूली, कद्दू व आंवला बाजार में लोगों द्वारा खरीददारी करते रहे। देवउठनी एकादशी पर इन सामाग्रियों की मांग अधिक रही। नगर व अंचल में गन्ने के साथ-साथ पूजन सामाग्री की मांग बनी रही। लोगों ने एकादशी को छोटी दीपावली के रूप में बड़े धूम-धाम से मनाये। त्यौहार में जहां बाजार में सभी ओर भीड़ नजर आई। वहीं दूसरी ओर महंगाई के कारण लोग नाम मात्र ही खरीददारी करते रहे। गन्ना 20 से 25 रुपए प्रति नग बिका। सीताफल एक नग 20-30 रुपए में बिक रहा है। वहीं सिंघाड़ा 60-80 रूपए प्रति किलो की दर से बेचा गया।

महंगाई के कारण लोग केवल भोग लगाने के लिए खरीददारी करने में लगे रहे। गन्ना की पैदावार अधिक होने के बाद भी बढ़े हुए दाम पर मिले। पर्व को देखते हुए इसकी कीमत बढ़ी रही।

बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी करने वाला विजय राजपूत गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की थी। बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

रायगढ़ निवासी विजय राजपूत (सिंधी), जिसने सतनामी समाज के आराध्य बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी की थी, उसे पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। अभद्र टिप्पणी को लेकर समाज में तीव्र विरोध की लहर फैल गई थी। जिले के सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की थी। समाज ने चेतावनी दी थी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

न्यूज गैलरी

मोदी जी से नई पीढ़ी को ऊर्जा मिलती हैं : बजाज

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती उत्सव में पधारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में अगवानी की। श्री बजाज ने कहा कि श्री मोदी बिना थके, बिना रुके लगातार प्रवास करते है। वास्तव में उनकी मेहनत का कोई जवाब नहीं। नई पीढ़ी को उनसे ऊर्जा तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

टोल प्लाजा कर्मचारी की बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने टोल प्लाजा ढांक के कर्मचारी की बाइक चोरी के मामले में अज्ञात के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को ग्राम डूमरपाली निवासी लक्ष्मीलाल पटेल ने बताया कि वह टोल प्लाजा ढांक में वेलिडिटर का काम करता है। 29 अक्टूबर को टोल प्लाजा ढांक में शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक उनकी ड्यूटी थी। इस दौरान उसने अपनी बाइक हीरो सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीएच 5713 पार्किंग स्थल में रखी थी। ड्यूटी के बाद रात करीब 1 बजे पार्किंग स्थल पहुंचा ,तो देखा कि उसकी बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

पांच किसानों के खेतों से केबल वायर चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बीते 29 अक्टूबर की रात चोरों ने दारगांव में पांच किसानों के खेतों से केबल पार कर दिए। वहां के किसान मुरारी निषाद, दौलाल ध्रुव, मिश्रा कुमार साहू, सुरेश भोई, संजय ठाकुर ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने और क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग की है। दारगांव में दीपावली के समय वन विभाग की टीम द्वारा कटे हुए चीतल के सिर बरामद की थी उससे जुड़े आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की भी मांग की है।

निधन

तेजा कांकरिया

नवापारा राजिम। श्री श्वेताम्बर श्री संघ के तेजा कांकरिया (हाल मुकाम रायपुर) का आकस्मिक निधन रविवार को रायपुर में हो गया है। अंतिम संस्कार रायपुर के मारवाड़ी श्मशान घाट में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन और शुभचिंतक शामिल हुए।

मृदुल वंजारी

नवापारा राजिम। नगर के प्रतिष्ठित वंजारी परिवार में सतीश वंजारी के पौत्र व तरुण वंजारी के सुपुत्र मृदुल वंजारी का आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

बस की ठोकर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में केशरपुर मोड़ के पास बस की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। ग्राम बिलखंड निवासी मृतक के चाचा रामसिंह बरिहा ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 31 अक्टूबर को उनका भतीजा राजेश बरिहा दोस्त जगत राम बरिहा और भगतराम बरिहा के साथ बिना नंबर बाइक से अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए धनसीर गया था।

बाइक राजेश बरिहा चला रहा था। वापसी में केशरपुर मोड़ के पास ग्राम बम्हनी में दोपहर करीब 2:30 बजे बसना की ओर जा रही बस सीजी 10 जी 0941 के चालक ने अपने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को सामने से ठोकर मार दी। इससे राजेश बरिहा के सिर, पैर और हाथ व जगत राम बरिहा के माथे व भगतराम बरिहा को अंदरूनी चोटें आईं। तीनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया।

घटना की सूचना के बाद रामसिंह सरकारी अस्पताल बसना पहुंचा, जहां राजेश बरिहा और जगतराम बरिहा बेहोश थे। भगतराम बातचीत कर रहा था। इलाज के दौरान कुछ देर बाद राजेश बरिहा की मौत हो गई। जगतराम बरिहा और भगत राम बरिहा का इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला के नेतृत्व में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण की। सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और संगठन क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में जो योगदान दिया, वह अद्वितीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से देश की एकता और अखंडता के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर,नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

शिक्षित और जागरूक होकर समाज को सशक्त और विकसित बनाएं : कृष्णकांत

कुरूद/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू समाज बानगर (सिंगल द्वीप) नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कुरुद तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं चितरंजन साहू पूर्व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू समाज की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने कहा कि शिक्षित और जागरूक होकर समाज के व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझे तो समाज सुधार होगा और समाज में नवाचार होगा। समाज में एक-दूसरे के साथ सहयोग और समर्थन की भावना होनी चाहिए।एकता और संगठन समाज को शक्ति और बल प्रदान करता है।जब सभी व्यक्तियों की सोच एक जैसी हो जाती है, तो पूरा समाज एक दिशा में प्रगति करता है।संगठन का रास्ता ही जीत का रास्ता है,और सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया।

बानगर परिक्षेत्र की अध्यक्ष पद की कमान लगातार, शानदार दूसरी पारी की दायित्व सम्हालते हुए प्रेमचंद साहू ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा की समाज सिर्फ रोटी बेटी तक न रहे बल्कि साहू समाज को एकता और सहयोग के बदौलत अनेक रचनात्मक कार्य करते हुए आये है उनमें एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सर्व समाज को साथ लेकर वर्तमान मे सुरसा रूपी नशा की चपेट में पूरा समाज का भविष्य युवाओं के दिशाहीन हो रहे युवाओं पर चिंता व्यक्त की और इस दिशा मे समाज को आगे आकर काम करने की जरूरत महसूस करते हुए समाज के युवक, युवतियों को समाज से जुड़ने की अपील की।शपथ ग्रहण के इस अवसर पर समाज के नव निर्वाचित सचिव दीपेश साहू, कोषाध्यक्ष चुरामन साहू उपाध्यक्ष केवल साहू, मनोज कुमार साहू गुरूजी, महिला उपाध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव लोकेश साहू, प्रीती साहू, सह सचिव प्रदीप सोनबेर, सुजीत कुमार, अंकेक्षक गुलाप राम साहू ,महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी साहू एवं वरिष्ठ जनो, सोमन, महेंद्र कुमार साहू गुरूजी, रिखी राम साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष बगौद ,लक्ष्मण साहू, कामराय साहू, साहू,हेमराज साहू,अशोक साहू, शेखन गुरूजी, खिलेश्वर गुरूजी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भुनेश्वर गुरूजी एवं परिक्षेत्र के समस्त ग्रामीण अध्यक्ष एवं सचिव, समाज सेवक गण,समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित थे.

खेत में काम करने गए किसान की बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। खेत में काम करने गए किसान की बाइक चोरी, बेचने के फिराक में आरोपी गिरफ्तारथाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। दरअसल, खेत में काम करने गए एक किसान की बाइक चोरी हो गई थी। आरोपी बाइक को बेचने की फिराक में घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बजरंगपुर निवासी देवक राम साहू (39 वर्ष) ने 25 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी, जो रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ है, ने बताया कि 13 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी04 केसी 6005 से खेत गया था। काम के दौरान उसने बाइक को सड़क किनारे खड़ा किया था, लेकिन वापस लौटने पर बाइक गायब मिली।रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नवापारा बस स्टैंड के पास संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल बेचने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी ताराचंद यादव (28 वर्ष) पिता प्रेम यादव, निवासी सिंधौरीखुर्द थाना कुरुद, जिला धमतरी को पकड़ा।पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

देवउठनी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक संगीता सिन्हा

गुरूर/नवप्रदेश। संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा जी अपने विधानसभा क्षेत्र के गृह नगर गुरूर में आयोजित देवउठनी पर्व के अवसर पर महिला गौरा गौरी समिति, बाजार चौक के तत्वाधान में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

विधायक सिन्हा ने इस अवसर पर आयोजक समिति को देवउठनी पर्व की हार्दिक बधाई एवं राज्योत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में नगर के ठाकुर देव स्थल पर विशेष पूजन-अर्चना की गई तथा नगर की खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा-अर्चना के पश्चात गांव बनाने की पारंपरिक रस्म निभाई गई।

इस अवसर पर नगर विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल ध्रुवे, सचिव नरेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष भारत लाल यादव, सहसचिव डामेश्वर साहू, दसरू राम, जागेश्वर राव, राजेश साहू, फूलसिंह यादव, अना राम यादव, ग्राम बैगा परमेश्वर ओझा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नगर में ठाकुर देव की पूजा

देवउठनी पर्व के अवसर पर नगर गुरूर के ठाकुर देव में विशेष पूजन अर्चना के साथ नगर की खुशहाली, सुख समृद्धि की कामना की गई। पूजन अर्चना के पश्चात गांव बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर नगर विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल ध्रुवे, सचिव नरेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष भारत लाल यादव, सहसचिव डामेशवर साहू, दसरू राम, जागेश्वर राव, राजेश साहू, फूलसिंह यादव, अना राम यादव ग्राम बैगा परमेश्वर ओझा उपस्थित रहे।

दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बाद क्लीनिक का खुला सील

महासमुंद/नवप्रदेश। नर्सिंग होम एक्ट के लाइसेंस के बिना क्लीनिक संचालन पर बुधवार को राजस्व तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने एक आयुर्वेदिक क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई की। वहीं, गुरुवार को नाड़ी वैद्य के श्रीराम केयर क्लीनिक के संचालक शेष नारायण गुप्ता द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद सील खोलने की भी कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक द्वारा नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत क्लीनिक संचालन संबंधी लायसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले में दूसरा पहलू भी सामने आया है जिसमें संबंधित द्वारा पंजीयन के लिए 4 माह पूर्व आवेदन दिया गया था लेकिन, कुछ दस्तावेज दीपपर्व की लगातार छुट्टियों के चलते शासकीय विभागों से ही नहीं मिल पाए थे। बता दें कि जिस दिन क्लीनिक सील किया गया उसके दूसरे ही दिन सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के साथ ही शुक्रवार को तत्काल सील खोलने की भी कार्रवाई की गई।

पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्री से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश।। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोला में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते पति - पुत्री के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस को ग्राम अछोला निवासी सोमनाथ यादव ने बताया कि, एक नवंबर की रात करीब 9 बजे खाना खाने गांव के ही एक रिस्तेदार के घर जा रहा था। दुर्गा चौक बस स्टैंड के पास पहुंचा था कि गांव के कामदेव धीवर, रूपलाल धीवर, देवा धीवर और विश्वानाथ धीवर पुरानी दुश्मनी को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर सभी एक राय होकर मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने पहुंची उनके दोनों पुत्री के साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। विश्वनाथ ने पुत्री का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। जिसे नाक, गाल, गले और सीने में चोटें आई हैं।

सोसायटी का किसान कांग्रेस ने किया दौरा

महासमुंद/नवप्रदेश। किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी दीपक पाण्डेय ने जलकी स्थित धान खरीदी केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस मानिक साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान धान खरीदी पंजीयन प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों और तकनीकी अड़चनों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। किसानों ने अपनी परेशानियां साझा करते हुए बताया कि समय पर पंजीयन न होने और सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पांडेय ने मौके पर अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई किसान कांग्रेस हर स्तर पर लड़ेगी। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश मुखर्जी, विनोद चौहान, दिलीप जैन, केशव चौधरी, शैलेंद्र सेन, अमर चंद्राकर, परस पटेल सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज लगातार उठाती रही है और आगे भी हर समस्या के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।

खुशखबरी... वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद देखते ही बन रही है अभयारण्य की सुंदरता

बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य 1 नवम्बर से पर्यटकों के लिए पुनः खुल गया

प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैवविविधता और ईको-टूरिज्म का अनोखा संगम - लेपर्ड सफारी बनेगा नया आकर्षण केंद्र

कसडोल / नवप्रदेश। बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य, रायपुर से लगभग दो घंटे की दूरी पर स्थित, छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख वन्यजीव गंतव्य है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यह अभ्यारण्य 1 नवम्बर 2025 से पर्यटकों के लिए पुनः खुल गया है।

वर्ष ऋतु में यहाँ पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी।बारिश ख़त्म होने के बाद अभयारण्य की सुंदरता में चार चाँद लग गए हैं। इस बार अभ्यारण्य में पर्यटकों की सुविधा के लिए तीन प्रवेश द्वार - पकरीद, बरबसपुर और रवान निर्धारित किए गए हैं, जिनसे सफारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जंगल सफारी के दौरान पर्यटक यहां की समृद्ध वन संपदा और विविध जीव-जंतुओं को नज़दीक से देखने का रोमांच अनुभव कर सकेंगे। मुख्य आकर्षणों में तेंदुआ, भालू, गौर, कृष्णमृग सहित कई अन्य स्तनधारी प्रजातियां तथा 200 से अधिक पक्षी प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की पारिस्थितिक समृद्धि को दर्शाती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से तैयार किया गया लेपर्ड सफारी जोन पर्यटकों के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा।

बारनवापारा केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति और शांति के चाहने वालों के लिए भी एक आदर्श स्थल है। यहाँ की वादियों में फैली हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और सघन वनों की प्राकृतिक सुंदरता एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती है। पर्यटकों के लिए अभ्यारण्य परिसर एवं आसपास स्थित इको-टूरिज्म रेसॉर्ट्स एवं विश्राम गृहों में रहने की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है, जहाँ वे प्रकृति की गोद में सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि - बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने और संरक्षण की भावना को जागृत करने का माध्यम है। हम सभी प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों का स्वागत करते हैं कि वे इस सत्र में बारनवापारा आएं और इसकी अद्भुत जैव-विविधता का अनुभव करें। वन विभाग द्वारा पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित सुरक्षा एवं संरक्षण नियमों का पालन करें, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

युवक कांग्रेस ने किया छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रशासन पर लगाया छत्तीसगढ़ महतारी की अनदेखी का आरोप

धमतरी/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा हैं। विडम्बना यह हैं कि कलेक्टर कार्यालय में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दोहपर तक इसमें कोई भी माल्यार्पण नही हुआ जो इस साय सरकार की मानसिकता दर्शता हैं। यह सीधे सीधे छत्तीसगढ़ के लोगो के भावनाओं के साथ खिलवाड़ हैं। लाखो खर्च करके राज्योत्सव मनाया जा रहा हैं पर प्रशासन की लापरवाही देखिए जिला मुख्यालय में लगे छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी नही किया गया था। जो निंदनीय हैं जिसका युवा कांग्रेस पुरजोर विरोध करता हैं। युवा कांग्रेस जिला महासचिव गीतराम सिन्हा व युवा साथियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय जाकर छग महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, देवेन्द्र देवांगन, अविनाश मरोठे, सूरज पासवान तोगु गुरूपंच व युवा साथी शामिल थे।

न्यूज गैलरी

जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया हुई आसान, छोटे व्यवसायों को तीन कार्यदिवस में मिलेगा रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली। अब छोटे और कम जोखिम वाले कारोबारियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। 1 नवंबर से लागू हुई जीएसटी विभाग की नई सरल पंजीकरण योजना के तहत पात्र व्यवसायों को तीन कार्यदिवस के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्रदान किया जाएगा। छोटे और कम जोखिम वाले व्यवसायों को अब जीएसटी पंजीकरण के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जीएसटी विभाग के शनिवार से लागू हुई नई सरल जीएसटी रजिस्ट्रेशन योजना के तहत ऐसे कारोबारियों को तीन कार्यदिवस के भीतर पंजीकरण मिल जाएगा।जीएसटी विभाग ने बताया कि यह योजना उन छोटे और कम जोखिम वाले व्यवसायों के लिए है, जिन्हें जीएसटी सिस्टम डेटा विश्लेषण के आधार पर पहचानता है, या फिर वे कारोबारी, जो स्वयं आकलन करते हैं कि उनकी मासिक आउटपुट टैक्स देनदारी 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी (जिसमें सीजीएसटी, एसजीएसटी/यूटीजीएसटी और आईजीएसटी शामिल हैं)। यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक होगी कारोबारी इसमें शामिल हो सकते हैं या आवश्यकता पड़ने पर इससे बाहर भी निकल सकते हैं। केंद्र और राज्य के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन समारोह में कहा था कि 1 नवंबर से शुरू हो रही यह नई व्यवस्था लगभग 96 प्रतिशत नए आवेदकों को लाभ पहुंचाएगी।

जेट ईंधन की कीमतों में एक फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। मासिक ईंधन मूल्य समीक्षा के तहत जेड ईंधन की कीमतों में लगभग 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं कमर्शियल एलपीजी 5 रुपये प्रति सिलेंडर सस्ता हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के अनुसार यह संशोधन किया गया है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट ईंधन की कीमतों में शनिवार को करीब एक प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम पांच रुपये प्रति सिलेंडर घटाए गए। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के दामों के अनुरूप मासिक समीक्षा के तहत किया गया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों के अनुसार, राजधानी दिल्ली में एटीएफ का दाम अब 777 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.8 प्रतिशत बढ़कर ?94,543.02 प्रति किलोलीटर हो गया है। यह लगातार दूसरा महीना है जब जेट ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले महीने यानी 1 अक्तूबर को एटीएफ की कीमतों में 3,052.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 3.3% की वृद्धि हुई थी। उससे पहले सितंबर में इसमें 1.4 प्रतिशत या ?1,308.41 प्रति किलोलीटर की कटौती की गई थी। मूल्य वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइनों पर बोझ बढ़ेगा, जिनके परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है।

जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य आजीविका और उद्योगों पर असर

निवेश से 50 लाख रोजगार सृजित कर सकता है भारत

बिज़नेस डायरी। डेलॉय इंडिया और रेनमैटर फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 1.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश से भारत 2030 तक 50 लाख से अधिक नौकरियां सृजित कर सकता है। यह निवेश विनिर्माण, ग्रीन मटेरियल और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में तष्ठक्क को 3.5-4 लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ा सकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के मोर्चे पर निवेश कर भारत 2030 तक 50 लाख से अधिक रोजगार का सृजन कर सकता है। इससे न सिर्फ ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलेगी, बल्कि कम कार्बन वाली टिकाऊ जीडीपी बनाने में भी मदद मिलेगी। डेलॉय इंडिया एवं रेनमैटर फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बारिश, तापमान, भूमि उपयोग और जैव विविधता में परिवर्तन प्राकृतिक संसाधनों को कमजोर करने के साथ जटिलता बढ़ा रहे हैं। ऐसे में भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के निपटने और रोजगार सृजन के लिए 2030 तक 1.50 लाख करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। यह निवेश विनिर्माण, भंडारण, परिचालन-रखरखाव, ग्रीन मेटेरियल्स और लॉजिस्टिक क्षेत्र में बड़ी संख्या मे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही, इस निवेश से घरेलू जीडीपी में हर साल 3.5 से 4 लाख करोड़ डॉलर का उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे भारत अधिक समावेशी और जलवायु प्रतिरोधी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यवस्थित परिवर्तन की आवश्यकता है। विभिन्न स्तर पर चल रही अलग-अलग पहलों से आगे बढ़कर एक

साझा मिशन तैयार करना होगा, जो निर्माण, निवेश और नवाचार के तरीकों को नया स्वरूप दे। इसमें सरकार, नीति निर्माताओं, कॉरपोरेट्स, नागरिक समूहों एवं नगर नियोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्हें जलवायु परिवर्तन के एजेंडे पर साथ मिलकर काम करना होगा, ताकि लचीली आजीविका, प्रतिस्पर्धी उद्योग और भविष्य के लिए नौकरियां पैदा हो सकें। डेलॉय के 2025 नागरिक जलवायु सर्वे के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन भारत में दैनिक जीवन को तेजी से प्रभावित कर रहा है। 86 फीसदी लोगों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण उन्हें विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, एक-तिहाई लोगों के स्वास्थ्य और आजीविका पर असर पड़ रहा है। इस रिपोर्ट में कॉरपोरेट जलवायु तत्परता सर्वे 2025 के नतीजों को भी शामिल किया गया है। इसके मुताबिक, लोगों की तरह भारतीय व्यवसायों को भी जलवायु संबंधी घटनाओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। 47 फीसदी उद्योगों ने कहा, बदलती पर्यावरणीय स्थितियों के कारण कर्मचारियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इसका असर परिचालन पर पड़ रहा है। हालांकि, इन चुनौतियों से निपटने के लिए वे सक्रिय कदम उठा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। सर्वे में शामिल 44 फीसदी कचरे को अलग-अलग करने का अभ्यास कर रहे हैं। 40 फीसदी बिजली या पानी की कम खपत कर रहे हैं। 30 फीसदी सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल में कटौती कर रहे हैं। इसके बावजूद समन्वित प्रयासों व सामूहिक कार्रवाई की कमी से भागीदारी सीमित है। 22 फीसदी इस दिशा में प्रयास नहीं कर रहे हैं।

भारत टैरिफ घटने के बाद ही कर सकता है व्यापार वार्ता

भारत पहले रोके रूसी तेल आयात, फिर अमेरिका से टैरिफ घटाने और व्यापार वार्ता की दिशा में बढ़े

नई दिल्ली। जीटीआरआई ने सुझाव दिया है कि अमेरिका के साथ जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए सतर्क रुख अपनाने की जरूरत है। भारत को चरणबद्ध रणनीति अपनाते हुए सबसे पहले प्रतिबंधित रूसी कंपनियों से तेल आयात बंद कर देना चाहिए, ताकि संभावित द्वितीयक प्रतिबंधों से बचा जा सके। भारत को अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में सतर्क रणनीति अपनानी चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह सुझाव दिया है। इसमें तीन चरणों की योजना सुझाते हुए कहा गया है कि भारत को पहले प्रतिबंधित रूसी कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल से तेल आयात बंद करना चाहिए, ताकि द्वितीयक प्रतिबंधों के खतरे से बचा जा सके। जीटीआरआई के अनुसार, जब ये आयात पूरी तरह बंद हो जाएंगे, तो भारत को अमेरिका पर दबाव

बनाना चाहिए कि वह भारतीय निर्यात पर लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत रूसी तेल टैरिफ को वापस ले। इसमें कहा गया है कि टैरिफ सामान्य होने के बाद ही व्यापार वार्ता फिर से शुरू करें और वह भी उचित व संतुलित शर्तों पर। सरकारी अधिकारियों ने 24 अक्तूबर को कहा कि भारत और अमेरिका महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं। हालांकि, यह प्रगति ऐसे समय हो रही है जब 22 अक्तूबर को वाशिंगटन ने रूसी कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। यह रूस के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा संभालती हैं। इन प्रतिबंधों ने भारत के लिए स्थिति कठिन बना दी है, क्योंकि इसका असर सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि वित्तीय और डिजिटल ढांचे तक पहुंच को भी खतरे में डाल सकता है।

अमेरिकी कदमों का असर पहले से ही दिखा है। 31 जुलाई को लगाए गए 25 प्रतिशत रूसी तेल शुल्क के बाद भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क दर 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसके चलते मई से सितंबर के बीच भारतीय निर्यात में 37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जीटीआरआई ने चेतावनी दी है कि अमेरिका के रूस पर लगाए गए द्वितीयक प्रतिबंध अब भारत के लिए व्यापक खतरे पैदा कर सकते हैं। संस्था के मुताबिक, ये प्रतिबंध न केवल व्यापार बल्कि वित्तीय और डिजिटल ढांचे को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन प्रतिबंधों के चलते भारत की [illegible] भुगतान प्रणाली तक पहुंच अवरुद्ध हो सकती है, डॉलर आधारित लेनदेन पर रोक लग सकती है और रिफाइनरी, बंदरगाहों और बैंकों से जुड़ी डिजिटल सेवाएं बाधित हो सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां टैरिफ सीधे निर्यातकों को नुकसान पहुंचाते हैं, वहीं प्रतिबंध पूरी प्रणाली को पंगु बना सकते हैं। इसमें यह भी सुझाव दिया कि भारत को यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख साझेदारों के समान स्तर हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए, यानी औसत औद्योगिक शुल्क को लगभग 15 प्रतिशत तक लाने और कपड़ा, रत्न-आभूषण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों को ड्यूटी-फ्री पहुंच देने का लक्ष्य रखना चाहिए।

सैम ऑल्टमैन ने 7 साल पहले की थी टेस्ला कार बुक

लंबे समय से कर रहे हैं रिफंड का इंतजार

नई दिल्ली। ओपनएआई के फाउंडर और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कई वर्षों पहले टेस्ला कार बुक की थी, लेकिन यह कार उन्हें कभी मिली ही नहीं। इस कार के लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ा और वे अब रिफंड के इंतजार में हैं।

ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, मैं टेस्ला कार के लिए काफी उत्साहित था। मैं देरी भी समझता हूं। लेकिन 7.5 वर्षों का यह इंतजार मेरे लिए काफी लंबा रहा। ऑल्टमैन ने 11 जुलाई 2018 का एक स्क्रीनशॉट शेयर कर जानकारी दी कि उन्होंने इस कार की बुकिंग 2018 में ही कर ली थी, जिसके लिए उन्होंने 45000 डॉलर का बुकिंग अमाउंट भी पे कर दिया था। इस पेमेंट को कंपनी की ओर से कंफर्म भी कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने टेस्ला कार के लिए अपने रिजर्वेशन को कैंसल करने और भुगतान की गई राशि को वापस मांगने के लिए कंपनी को एक दूसरा मेल किया। लेकिन ईमेल बाउंस बैक हो गया। उनके द्वारा शेयर किए गए तीसरे स्क्रीनशॉट में कंपनी का ईमेल एड्रेस नॉट फाउंड शो हो रहा है। सैम ऑल्टमैन द्वारा टेस्ला को लेकर की इस शिकायत पर फिलहाल टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से किसी तरह का जवाब नहीं आया है। यह भी साफ नहीं है कि कंपनी की ओर से उन्हें निजी तौर पर किसी तरह की प्रतिक्रिया दी गई है या नहीं।

ऑल्टमैन की ओर से अभी यह जानकारी भी नहीं दी गई है कि उन्होंने किस टेस्ला मॉडल को लेकर बुकिंग की थी। हालांकि, रिपोर्ट्स की मानें तो यह टेस्ला रोडस्टर हो सकती है। इस बीच, टेस्ला भारत में अपनी पहली कार मॉडल वाई की डिलीवरी कर चुकी है। कंपनी ने बीते महीने सितंबर में इस कार की डिलीवरी मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में की। टेस्ला की यह कार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खरीदी। जिसको लेकर राज्य के परिवहन मंत्री ने कहा था कि कार खरीदने का उनका फैसला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए था।

युवा एशियाई खेलों में भारत का प्रभावशाली प्रदर्शन, मुक्केबाजी में जीते 3 स्वर्ण पदक

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता।

भारत ने एशियाई युवा खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा है। भारत ने इस टूर्नामेंट में मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के अलावा बीच कुश्ती में भी तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता। अहाना (50 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा जीत हासिल की जब पहले राउंड में ही दक्षिण कोरिया की मा जोंग हयांग के खिलाफ रैफरी को मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद चंद्रिका (54 किग्रा) ने उज्बकिस्तान की मुहम्मदोवा कुमरिनिसो को 5-0 से हराकर

भारत की स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। पदक की गिनती और भी बढ़ सकती है क्योंकि हरनूर कौर (66 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) शाम के सत्र में अपने-अपने वर्ग में फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें भारत की नजरें स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड बनाने पर है। लड़कों के फाइनल में लैंचेनबा (50 किग्रा) को कजाखस्तान के नूरमाखान झुमगली के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बीच कुश्ती में सानी सुभाष फुलमाली और अंजलि ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के 60 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जबकि अर्जुन रुहिल भी लड़कों के 90 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहे। सुजॉय नागनाथ तनपुरे (70 किग्रा) और रविंदर (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हारने के बाद रजत पदक मिला। सानी सुभाष ने फाइनल में ईरान के अमीराली डोमिरकोलाई को 2-0 से हराया जबकि अंजलि ने वियतनाम की बुई एमगोक थाओ थॉम को 2-1 से शिकस्त दी। अर्जुन ने 90 किग्रा वर्ग में ईरान के मोहम्मदमहदी फोतोउही को हराया। सुजॉय ईरान के सिना शोकोउही से 1-2 से हार गए जबकि रविंदर को भी ईरान के ही तौराज खोडेई के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

20 साल बाद थमा एक युग! स्टार भारतीय एथलीट रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा

नई दिल्ली। अपने भावनात्मक संदेश में बोपन्ना ने कहा, 'यह अलविदा नहीं है, यह धन्यवाद है।' इन शब्दों ने उनके पूरे करियर की आत्मा को बयां कर दिया। उन्होंने अपने साथियों, परिवार, प्रशंसकों और कोचों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनकी इस यात्रा में योगदान दिया। भारतीय टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित हस्तियों में से एक, रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से अपने संन्यास की घोषणा की है। यह घोषणा उनके करियर की आखिरी पारी का संकेत थी, लेकिन बोपन्ना ने इसे अलविदा नहीं कहा, बल्कि उन्होंने इसे एक धन्यवाद का रूप दिया। 20 साल से ज्यादा लंबे करियर में उन्होंने भारत को कई ऐतिहासिक पल दिए और खुद को भारतीय टेनिस का स्थायी चेहरा बना लिया। रोहन बोपन्ना का करियर प्रेरणा और निरंतरता का उदाहरण रहा है। उन्होंने 20 से अधिक वर्षों तक टेनिस के शीर्ष स्तर पर खेलते हुए भारत का नाम रोशन किया। डबल्स स्पेशलिस्ट के रूप में उनकी गिनती विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में की जाती रही। उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और कई बार भारतीय ध्वज को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऊंचा किया। उनका संयम, खेल भावना और फिटनेस ने यह साबित किया कि उम्र केवल एक संख्या है। यह वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40+ की उम्र में भी ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई और युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल कायम की। बोपन्ना ने 2017 में फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स का खिताब गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ जीता था और 2024 में मैथ्यू एबडन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। बोपन्ना ने अपने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की। उन्होंने लिखा, 'जिस चीज ने मेरे जीवन को अर्थ दिया, उससे विदाई कैसे लूं? 20 अविस्मरणीय वर्षों के बाद अब समय आ गया है कि मैं आधिकारिक तौर पर अपना रैकेट टांग दूं। कूर्ग में अपनी सर्व को मजबूत करने के लिए लकड़ी काटने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एरेना की रोशनी में खड़े होने तक, यह सब अविश्वसनीय लगता है।

मेदवेदेव को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव, अब सिनर से होगा सामना

पेरिस। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने दो मैच प्वाइंट बचाकर डेनिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीद बरकरार रखी। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताहांत वियना फाइनल में दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां सिनर ने तीसरे सेट में 7-5 से जीत हासिल की थी। दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 4-4 से बराबर है। निर्णायक सेट में 4-5 के स्कोर पर ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ दोनों मैच प्वाइंट बचाए। पेरिस मास्टर्स में 2020 फाइनल में ज्वेरेव को हराने वाले मेदवेदेव ने टाईब्रेकर में 5-5 की बराबरी कर ली, लेकिन ज्वेरेव ने फिर से बढ़त बनाते हुए ढाई घंटे में जीत हासिल कर ली। सिनर ने नंबर सात बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

फिल्म हक़ से वर्तिका सिंह का पहली झलक आई सामने

7 नवंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज़

फिल्म हक़ में वर्तिका सिंह का पहला पोस्टर आखिरकार सामने आ गया है और यह बिल्कुल मनमोहक है। हक़ पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया और सुपरमाडल वर्तिका सिंह को उनके बहुप्रतीक्षित बालीवुड डेब्यू में पेश करता है। जारी किए गए पोस्टर में वर्तिका एक शांत लेकिन गहराई से प्रभावशाली पल में नजर आती हैं मिट्टी के रंगों में लिपटी, उनका चेहरा स्थिर है, पर उनकी आंखों में एक कोमलता और आग दोनों झलकती हैं। यह झलक उनके किरदार की नाजुकता और ताकत दोनों को बयां करती है। अपनी भूमिका के लिए वर्तिका ने कई हफ्तों तक वर्कशाप्स में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने इमोशनल मेमोरी तकनीकों के ज़रिए किरदार को भीतर से गढ़ा। लखनऊ से ताल्लुक रखने वाली वर्तिका ने फिल्म के कई अहम दृश्य अपने ही शहर में शूट किए।

डेब्यू पर वर्तिका सिंह ने कहा, हक़ एक ऐसी कहानी है जिसने मेरे भीतर कुछ गहराई से हिलाया। इस सफर ने मुझे अपने अंदर झाँकने और हर पल में सच्चाई खोजने पर मजबूर किया। मैंने अपने वो हिस्से देखे जिनके बारे में मुझे पहले पता भी नहीं था। मैं जंगली पिक्चर्स की बेहद आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे यह मौका दिया। बस यही चाहती हूँ कि यह फिल्म लोगों के

दिल तक वैसे ही पहुँचे, जैसे यह मेरे दिल तक पहुँची। हक़ में इमरान हाशमी और यामी गौतम धर के बीच एक तीखा कोर्टरूम ड्रामा देखने को मिलेगा, जिसके केंद्र में वर्तिका का किरदार है। जैसे-जैसे राज़ खुलते हैं, फिल्म यह दिखाती है कि कैसे धारणाएँ न्याय को प्रभावित करती हैं और कैसे सच कभी-कभी नज़रिए का मामला बन जाता है। जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बवेजा स्टूडियोज के सहयोग से बनी हक़ की कहानी एक ऐतिहासिक सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रेरित है। यह फिल्म न्याय, पहचान और नैतिक द्वंद्व की जटिल परतों को बेहद मानवीय दृष्टिकोण से पेश करती है। हक़ 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

मायसा में होगा रश्मिका मंदाना का सोलो लीड रोल

एक साल भर जबरदस्त एक्शन और रोमांच से भरी फिल्मों के बाद अब दर्शकों के लिए एक और सरप्राइज मायसा आ रहा है, जिसमें लीड रोल में नजर आएंगी टैलेंटेड और खूबसूरत रश्मिका मंदाना.

आफिशियल अनाउंसमेंट से पहले ही यह फिल्म चर्चा में है, जिसकी सबसे बड़ी वजह है रश्मिका का नया दमदार लुक और इसकी दिलचस्प कहानी. मायसा में हम रश्मिका को एक्शन करते हुए भी देखने वाले हैं। दीवाली के मौके पर मायसा के मेकर्स ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर रिलीज़ किया, जिसमें रश्मिका एक दमदार सिल्हूट में नजर आ रही हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में रश्मिका ने कहा कि उन्हें एक्शन फिल्मों में काम करना बहुत पसंद है. उन्होंने कहा, मुझे एक्शन सिनेमा करना बहुत अच्छा लगता है और मैं अभी एक कर रही हूं मायसा। रोमांच को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने बताया कि फिल्म की एक खास झलक जल्द ही फैंस के लिए रिलीज़ की जाएगी. मायसा इस साल की सबसे रोमांचक फिल्मों में से एक बनने जा रही है। मायसा के मेकर्स ने हाल ही में एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें रश्मिका मंदाना एक जबरदस्त नए लुक में नजर आ रही हैं. खून से सना चेहरा, खुले बाल और हाथ में तलवार लिए रश्मिका बहुत ताकतवर दिख रही हैं। अनफार्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनी और रविंद्रा पुल्ले द्वारा बनाई गई मायसा एक इमोशनल एक्शन फिल्म है, जो जंगलों में रहने वाले लोगों की कहानी पर आधारित है. फिल्म में सुंदर दृश्य, दिल को छू लेने वाली कहानी और रश्मिका का शानदार अभिनय देखने को मिलेगा।

नजूल विभाग के दान-दक्षिणा वाले सिस्टम से जमीन मालिक हलाकान

कछुआ गति से नामांतरण, नवीनीकरण कार्य से पक्षकारों में पनप रहा आक्रोश, खबर के बाद दिन भर नवप्रदेश की होती रही चर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। 31अक्टूबर को दैनिक नवप्रदेश ने नजूल विभाग में नामांतरण/नवीनीकरण कार्य निर्धारित समय पर नहीं होने एवं 100से अधिक नामांतरण फाइल और नवीनीकरण की तो लंबी लिस्ट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर के बाद नजूल विभाग में हड़कंप मच हुआ है। नामांतरण नवीनीकरण के लिए पक्षकारों में नवप्रदेश की खबर के बाद खुशियां चेहरे पर साफ झलकते नजर आई। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ शासन की स्वतः महत्वाकांक्षी योजना नजूल भूमि योजना कांकेर मुख्यालय में सार्थक होती नहीं दिख रही है। जिसके चलते शहरीय क्षेत्र के नजूल विभाग के रवैए से जमीन मालिकों में जमकर आक्रोश

नामांतरण/नवीनीकरण के लिए पक्षकारों को दफ्तर के लगने पड़ रहे चक्कर..

साफ देखा जा सकता है। नजूल विभाग में नामांतरण नवीनीकरण कार्य के लिए पक्षकार दफ्तर के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो रहे हैं। पक्षकारों के समस्त दस्तावेज पूर्ण होने के बाद भी विभाग के कर्मचारी कमियां बताकर महीनो कार्य को लटका दिया जाता है। पहुंच वाली पक्षकारों के भी बिना दक्षिणा कार्य नहीं होता ऐसा हमे पेंडिंग पड़े पक्षकारों ने बताया पक्षकारों ने बताया कि खबर में नाम आने के बाद हमारे कार्य को और भी लटका दिए जाने का अंदेशा है इसलिए पक्षकारों ने कहा कि निर्धारित समय तिथि में कार्य नहीं होने के बाद हम खुद ही आगे आकर विभाग के खिलाफ़ मिलकर मोर्चा खोल कार्यवाही की मांग करने की बात कही गई है।

बिना दक्षिणा टेबल से फाइल आगे नहीं बढ़ती

बता दे कि नजूल विभाग की मनमानी इतनी है कि नवीनीकरण नामांतरण के सैकड़ों प्रकरण लंबित पड़े है महीनों से फाइल धूल खाते नजर आ जाएंगे इसके बावजूद हठधर्मिता कर्मचारी बिना दक्षिणा के टेबल से फाइल आगे नहीं बढ़ाते। पक्षकारों ने बताया कि नजूल विभाग के कर्मचारी अफसरों की दक्षिणा भी तय करते है लेकिन हमारी पड़ताल में यह बात बिल्कुल गलत साबित हुई है अधिकारी को किसी काम के एवज दक्षिणा नहीं लिया जाता है। अधिकारी जितनी जल्दी जल्दी फाइल आगे बढ़े उतना उनके लिए काम का बोझ कम होने की जानकारी मिली है। अब ऐसे में नजूल विभाग में नामांतरण नवीनीकरण के नाम पर दक्षिणा वालो की पहचान कर उन्हें अन्यत्र जगह देकर विभाग की किरकिरी होने से भी बचाई जा सकती है !

मौसम ने बदली करवट, रायपुर सहित प्रदेश का तापमान गिरा

- नवंबर के दूसरे सप्ताह से प्रदेश में बढ़ सकती है ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। नवंबर की शुरुआत के साथ ही अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ अंचलों में छिटपुट बारिश के बाद बादल छंटने के संकेत मिले हैं।

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि अब बारिश वितरण और तीव्रता दोनों में कमी आएगी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। उसके बाद मौसम सामान्य रहेगा। नवंबर के दूसरे सप्ताह से उत्तर-पूर्वी हवाएं सक्रिय होने की संभावना है, जिससे ठंडक बढ़नी शुरू होगी।

बारिश का असर घटने लगा- मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों, प्रेमनगर, शंकरगढ़, बलरामपुर, कुसमी और सरिया में हल्की बारिश दर्ज की गई है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में बारिश गतिविधि सीमित रही।

मौसम विभाग का कहना है कि एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, परंतु व्यापक बारिश की संभावना अब नहीं है। इससे माना जा रहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता कमजोर पड़ रही है, और आने वाले सप्ताहों में इसका असर और घटेगा।

छाए रहेंगे बादल- रायपुर शहर के लिए रविवार को भी बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में सुबह और शाम के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू होगी, ठंडी हवाओं के असर नवंबर के दूसरे सप्ताह से महसूस होना प्रारंभ हो जाएगा।

दिन का तापमान 30.7 डिग्री, रात का पारा 22.9 डिग्री पर

मौसम विज्ञान अनुसार, शनिवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री कम, जबकि न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री अधिक रहा। इससे स्पष्ट है कि दिन का तापमान थोड़ा गिरा है, लेकिन रातें अब भी सामान्य से अधिक गर्म बनी हुई हैं। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.5डिग्री राजनांदगांव में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री पेण्ड्रारोड में दर्ज किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद भी डाक्टर ने नहीं किया ज्वाइनिंग

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में अब स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने जिला प्रशासन ने जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर सोमेश शिवा साहू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में नवीन पदस्थापना किया है। वहीं पाण्डुका स्वास्थ्य केंद्र में डॉ नीतीश कुमार साहू का पदस्थापना किया गया हैं। आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से 17 अक्टूबर 2025 को जारी हुआ है किंतु अभी तक उक्त डॉक्टर ने ज्वाइन नहीं किया है। डॉक्टर का इंतज़ार अभी कोपरा एवम पाण्डुका की आम जनता कर रही है। प्रशासन ने कोपरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पोस्टिंग करने आदेश तो जारी किया पर अभी तक डॉक्टर कोपरा तक नहीं पहुंच पाए हैं।उल्लेखनीय है कि जिले के नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में लंबे समय से एमबीबीएस डॉक्टर मेडिकल ऑफिसर के पद रिक्त था। जिसके चलते कोपरा सहित आसपास के 40 हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवा से वंचित होना पड़ रहा था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने अस्पताल में हो रहे अव्यवस्था की खबर को नवप्रदेश ने प्रमुखता से प्रकाशन किया था। जिसके बाद प्रशासन ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर सोमेश शिवा साहू का स्थानांतरण करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में नवीन पदस्थापना किया है। इसका आदेश गरियाबंद के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 17 अक्टूबर 2025 को जारी किया है। प्रशासन की इस पहल से अब कोपरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने से कोपरा में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रहा था। अस्पताल में साधन-संसाधन और डॉक्टरों की कमी ने हालात को वेंटिलेटर पर पहंचा दिया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नगर पंचायत कोपरा का प्राथमिक स्वास्थ्य पीएचसी हैं।जहां वषों से एक एमबीबीएस डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं हैं ऐसा नहीं है कि डॉक्टर की पोस्टिंग करने स्थानीय लोगों ने मांग नहीं किया होगा। डॉक्टर की मांग स्थानीय लोग सालों से कर रहे हैं पर पोस्टिंग अब तक नहीं किया गया। अस्पताल में उचित इलाज समय पर नहीं मिलने से यहां आने वाले मरीज निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। नगर पचायत कोपरा की आबादी करीब 15 हजार है और आसपास के 30 हजार लोग इलाज के लिए भटक रहे थे। डॉक्टर की कमी से गंभीर बीमारी के मरीज दूरस्थ इलाकों में इलाज करने को मजबूर है। डाक्टरों की कमी के कारण गंभीर बीमारी से जूझ्म रहे मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं के लिए ते हालत और भी खराब हैं। अस्पताल में एम्बुलेंस तक की सुविधा नही है।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर मुक्तिधाम में श्रमदान, सफाई एवं वृक्षारोपण

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 3 स्थित मुक्तिधाम में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की गई। सफाई कार्य उपरांत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, पार्षद प्रियंक जैन, निकाय के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदियाँ एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा के मार्गदर्शन में नगर पंचायत द्वारा नियमित रूप से स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नगर को हरा-भरा रखने हेतु विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव एवं विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक किया जा रहा है। इस अवधि में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान, श्रमदान कार्यक्रम, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

पटाखे से बालक झुलसा, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

नारायणपुर/नवप्रदेश। देवउठनी पर्व के दिन सोनपुर, नारायणपुर निवासी 10 वर्षीय एक बालक के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बालक ने घर पर खेलते हुए बम पटाखे का बारूद निकालकर उसे गत्ते (कार्डबोर्ड) में रख दिया और उसे माचिस से जलाने का प्रयास किया। तभी अचानक तेज धमाके के साथ बारूद फट गया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर जलन हुई और पूरा चेहरा छाले (ब्लिस्टर) पड़ने से झुलस गया। घटना के बाद परिजन तुरंत बच्चे को जिला अस्पताल नारायणपुर लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि विस्फोट से बच्चे के चेहरे की सुंदरता बुरी तरह प्रभावित हुई है, हालांकि उसकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए आम नागरिकों से अपील की है कि पटाखों को अत्यंत सावधानी से जलाएँ।

भूपेश बघेल भी पार्टी के लिए करेंगे प्रचार

रायपुर/नवप्रदेश। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव होना है, इस चुनाव के दुसरे चरण के लिए कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत छत्तीसगढ़ के पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल 40 नेताओं का नाम शामिल है।

कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी- कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, कन्हैया कुमार और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, बिहार के एआईसीसी प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश राम, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, भूपेश बघेल का नाम शामिल हैं।

एनीकट में डूबने से युवक की मौत

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव (कु) में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास शिवनाथ नदी पर बने एनीकट में डूबने से ग्राम कुमरदा निवासी बिरसिंग कोलियारे पिता भोला (उम्र लगभग 35 वर्ष) की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मोंगरा जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण एनीकट में तेज बहाव था। बताया गया कि बिरसिंग अपने दोस्तों के साथ एनीकट पार कर किनारे नहाने रुका था, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। कुछ देर बाद बिरसिंग पास ही लगे राड में फंसा मिला।

साथी रवि कुमार सहारे, विनोद कुमार राणा, उत्तम रावटे, घंसु चुरेन्द्र और शंकर नेताम ने बताया कि वे सभी गांव से होकर कुमरदा जा रहे थे। रास्ते में एनीकट पर रुककर गाड़ी धोने और नहाने लगे, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी।

देवउठनी एकादशी से शुरू हो गए शादी-ब्याह

- बाल विवाह पर सख्त निगरानी रखे प्रशासन

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवउठनी एकादशी से शुरू हो रहे शादी-ब्याह के मौसम को ध्यान में रखते हुए एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) जिला गरियाबंद, जो कि संचालक संस्था 'समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर (छ.ग.)' के अंतर्गत कार्यरत है, ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन से सख्त निगरानी और सतर्कता बरतने की अपील की है।

संगठन ने जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा है कि इस विवाह सीजन में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर चौकसी बेहद जरूरी है। समर्पित ने आग्रह किया है कि सरपंचों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस अमले को विशेष निगरानी के निर्देश दिए जाएं, ताकि किसी भी संभावित बाल विवाह की जानकारी तुरंत प्राप्त हो सके और त्वरित कार्रवाई की जा सके।

संगठन ने यह भी अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी बाल विवाह की सूचना मिले, तो वह तुरंत पुलिस हेल्पलाइन (112), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) या टोल-फ्री नंबर (1800-1027-222) अथवा स्थानीय थाने को सूचित करे, ताकि अपराध को रोका जा सके।

समर्पित संस्था के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2024 के अपने ऐतिहासिक निर्णय में जिलों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्क रहने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। हम केवल उन्हीं निर्देशों के पालन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश से बाल विवाह का पूर्ण उन्मूलन करना है।

> बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई केवल कानून से नहीं, बल्कि समाज की सजगता से जीती जा सकती है।
> — डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक, समर्पित

डॉ. शर्मा ने आगे कहा, ÷आज हम बाल विवाह के खात्मे के मुहाने पर खड़े हैं। यह समय बेहद अहम है क्योंकि देवउठनी एकादशी के शुभ मुहूर्त में कई परिवार बच्चों की शादी का आयोजन करते हैं। हमें इस शुभ अवसर की गरिमा बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि एक भी बाल विवाह न होने पाए।÷

समर्पित एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) संस्था, बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय नागरिक समाज नेटवर्क ÷जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन÷ की सहयोगी संस्था है। यह संगठन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पिछले कई वर्षों से जिले में जागरूकता अभियान चला रहा है और अब गांवों, स्कूलों व धार्मिक संस्थानों को इस मुहिम से जोड़ने पर विशेष जोर दे रहा है।

नियमों पर अडिग बालको, आवास खाली पर अब कोई समझौता नहीं

कोरबा-बालकोनगर/नवप्रदेश। बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ, कोरबा ने हाल ही में नवनिर्मित बालको सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन (बीएसकेएस) द्वारा 29 अक्टूबर 2025 को लगाए गए जबरदस्ती क्वार्टर खाली कराने के आरोपों को पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और गलत बताया है। संघ ने कहा कि बालको प्रबंधन सदैव अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त साथियों के प्रति सम्मानजनक और मानवीय दृष्टिकोण रखता आया है। संगठन ने सभी से कंपनी के नियमों और अनुशासन का सम्मान करते हुए सहयोग बनाए रखने की अपील की, ताकि परिसर में बालको की परंपरा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहें।

मिली जानकारी के अनुसार, जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर बालको प्रबंधन ने स्वयं 31 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई को स्थगित रखा और सभी सुविधाएँ यथावत बनाए रखीं। कंपनी का उद्देश्य किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी को परेशान करना नहीं है, बल्कि कंपनी की संपत्तियों (क्वार्टरध्आवासों) का नियमानुसार पुनः अधिग्रहण करना है, ताकि उन्हें वर्तमान पात्र कर्मचारियों को आवंटित किया जा सके।

बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ ने किया कार्यवाही का समर्थनः बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ, कोरबा, जो बालको के पूर्व कर्मचारियों का सबसे पुराना और सक्रिय संगठन है, सदैव कंपनी और सेवानिवृत्त साथियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने में अग्रणी रहा है। संगठन के संयोजक जे.के. तिवारी ने बीएसकेएस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि आवास बालको कर्मचारियों के लिए ही हैं। कंपनी के नियमानुसार, कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के उपरांत तय समयावधि में आवास खाली कर देना चाहिए। बालको अपने सभी पूर्व और वर्तमान साथियों को परिवार का अभिन्न हिस्सा मानती है और उनके कल्याण एवं गरिमा की रक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों और नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी अवैध गतिविधि में भाग न लें।

कार्रवाई की मांग ... *एफआईआर दर्ज करने राजिम में सौंपा गया ज्ञापन, समाज ने कहा-अस्मिता पर हमला बर्दाश्त नहीं*

आदेश सोनी के बयान पर सतनामी समाज आहत

राजिम/नवप्रदेश। राजिम तहसील क्षेत्र में सतनामी समाज के लोगों ने समाज विरोधी टिप्पणी करने वाले आदेश सोनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समाज के पदाधिकारियों ने राजिम थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

डिबेट में विवादित टिप्पणी पर बवाल

शिकायत में बताया गया है कि 25 अक्टूबर की रात निजी न्यूज चैनल के लाइव डिबेट कार्यक्रम के दौरान आदेश सोनी ने सतनामी समाज के प्रति अपमानजनक, भड़काऊ और समाज विरोधी टिप्पणी की थी। इससे समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और पूरे क्षेत्र में आक्रोश व असंतोष का माहौल बन गया है।

सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह विवाद अब सिर्फ राजिम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रदेश में सतनामी समाज में उबाल है। प्रदेश स्तर पर भी समाज के प्रमुखों और संगठन पदाधिकारियों द्वारा शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आदेश सोनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। समाजजनों ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी से सामाजिक सौहार्द्र और सद्भाव को ठेस पहुंचती है, जिससे समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

समाज ने कहा-अस्मिता पर हमला बर्दाश्त नहीं

स्थानीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति की भावना का नहीं, बल्कि संपूर्ण सतनामी समाज के सम्मान और अस्मिता का प्रश्न है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस प्रकरण में तुरंत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति समाज विरोधी टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com